# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

VPL

वर्ष 17 अंक 226
पृष्ठ 12

नई दिल्ली, रविवार
25 मई 2025

मूल्य: 4 रुपये


nationalexpressindia | nationalexpressindia | www.nationalexpress.co.in

DELHIN/ 2015 / 65411
डाक पंजीयन सं. -DL(S)-17/3531/2018-20





03 एसीबी ने न्यायाधीश से 'बदला लेने' के लिए रिश्वत का मामला.. | 06 पूंजीवाद वरदान या अभिशाप ! : डॉ सुरेश गर्ग | 11 शुभमन गिल भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान बने....



RERA REGISTRATION NO.:
RC/REP/HARERA/GGM/831/563/2024/58 DATED 03.06.2024
(WWW.HARYANARERA.GOV.IN)

SIGNATURE GLOBAL
Titanium SPR

SECTOR 71, GURUGRAM

3.5 & 4.5 BHK
UBER LUXURIOUS CONDOMINIUMS



SIGNATUREGLOBAL (INDIA) LIMITED
CIN NO.: L70100DL2000PLC104787

7053-121-121


# केंद्र, राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं: प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली,** (भाषा) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार और राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।मोदी ने नीति आयोग की 10वीं शासी परिषद की बैठक में कहा कि विकास की गति बढ़ाने की जरूरत है।


नीति आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर प्रधानमंत्री के हवाले से कहा, ''हमें विकास की गति बढ़ानी होगी। अगर केंद्र और सभी राज्य मिलकर टीम इंडिया की तरह काम करें तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है।'' नीति आयोग का शीर्ष निकाय शासी परिषद की बैठक का विषय '2047 में विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' है।

मोदी ने कहा, ''विकसित भारत हर भारतीय का लक्ष्य है। जब हर राज्य विकसित होगा तो भारत विकसित होगा। यह इसके 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षा है।'' परिषद में सभी मुख्यमंत्री, केंद्रशासित प्रदेशों के उपराज्यपाल और कई केंद्रीय मंत्री शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी नीति आयोग के अध्यक्ष हैं। मोदी ने कहा, 'हमारा लक्ष्य हर राज्य को विकसित, हर शहर को विकसित, हर नगर पालिका को विकसित और हर गांव को विकसित बनाना होना चाहिए। अगर हम इस दिशा में काम करेंगे तो हमें विकसित भारत बनने के लिए 2047 तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा।' उन्होंने यह भी सुझाव दिया, 'राज्यों को अपने-अपने यहां सभी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के साथ वैश्विक मानकों के अनुरूप कम-से-कम एक पर्यटन गंतव्य विकसित करना चाहिए।'

प्रधानमंत्री ने कहा, ''एक राज्यः एक वैश्विक गंतव्य' का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए। इससे पर्यटन गंतव्य के रूप में आस-पास के शहरों के विकास का रास्ता साफ होगा।'' उन्होंने कहा, ''भारत में तेजी से शहरीकरण हो रहा है, ऐसे में हमें भविष्य के लिए तैयार शहरों की दिशा में काम करना चाहिए। वृद्धि, नवोन्मेष और पर्यावरण अनुकूल पहल भारत के शहरों के विकास का इंजन होना चाहिए।''

मोदी ने कार्यबल में महिलाओं को शामिल करने की दिशा में काम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हमें ऐसे कानून और नीतियां बनानी चाहिए, जिससे उन्हें कार्यबल में सम्मानपूर्वक एकीकृत किया जा सके।'' ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री की सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपालों के साथ पहली बड़ी बैठक है।


मधुर स्मृति में



स्वर्गीय श्री नारायण कुमार लोहिया जी
(20.10.1930 – 24.05.2014)

आपका आर्शीवाद

"सुखी रहो, समृद्ध रहो,
और स्वस्थ रहो आजीवन!"

आपकी सादगी, सरल स्वभाव तथा आपका ज्ञान सदैव हमारा प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा, आपके दिए संस्कार हमारी सफलता की नींव हैं, आपकी यादों को दिल में संजोए हम सब अश्रुपूरित नेत्रों से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।

प्रार्थना में
समस्त लोहिया परिवार
परिजन एवं कर्मचारी

Designco
Lohia Developers (India) Pvt. Ltd.
Lohia Auto Industries
Lohia Energy
Lohia Gramin Vikas Pvt. Ltd.
Maple Ceramica

Smt. Avdesh Kumari
Mr. Vineet Kumar Gupta
Mr. Vibhor Kumar Gupta
Mr. Vipin Kumar Gupta
Mr. Vinay Kumar Gupta

LOHIA

designco | LOHIA WORLDSPACE | LOHIA | LOHIA ENERGY | LOHIA GRAMIN | MAPLE


# राहुल ने पुंछ में पाकिस्तानी गोलाबारी के पीड़ितों से मुलाकात की

**पुंछ,** (भाषा) कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पाकिस्तानी सैनिकों द्वारा सीमा पार से की गई गोलाबारी के पीड़ितों से शनिवार को मुलाकात की। उन्होंने गोलाबारी से हुई क्षति को एक ''बड़ी त्रासदी'' बताया और पीड़ितों की व्यथा को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का संकल्प लिया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने पुंछ का दौरा किया और प्रभावित लोगों से एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत की। इनमें सात मई से 10 मई के बीच हुई गोलाबारी में अपने सदस्यों को खोने वाले परिवार भी



शामिल थे। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, ''यह एक बड़ी त्रासदी है। कई लोगों की जान चली गई। उन्होंने (पाकिस्तानी सेना ने) आम नागरिकों के स्थानों पर हमला किया है। मैंने लोगों से बात की और उनकी समस्याओं को समझने की कोशिश की। उन्होंने मुझसे उनके मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने को कहा है, जो मैं करूंगा।'' उन्होंने बाद में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''पुंछ में पाकिस्तान की गोलाबारी में जान गंवाने वाले लोगों के परिवारों से आज मिला। टूटे मकान, बिखरा सामान, नम आंखें और अपनों को खोने की दर्द भरी दास्तान - ये देशभक्त परिवार हर बार जंग का सबसे बड़ा बोझ साहस और गरिमा के साथ उठाते हैं। उनके हौसले को सलाम है।''




# घर में चल रही नकली नोट बनाने की फैक्ट्री का पुलिस ने किया भंडाफोड़

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**




**गोण्डा।** पुलिस ने नकली करेंसी बनाने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को नकली करेंसी के साथ पकड़ा है। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से नकली करेंसी बनाने के उपकरण भी बड़े पैमाने पर बरामद किये।

थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वह उपनिरीक्षक उत्कर्ष पांडे, विभव सिंह, मुख्य आरक्षी सुनील यादव, रोशन सिंह, आरक्षी राम अवतार, अरविंद, सुरेंद्र, अभिषेक, विनय राय और महिला आरक्षी अर्चना एंव नीलू सिंह के साथ कस्बे के बढई पुरवा स्थित एक मकान पर छापेमारी की गई। मकान के एक कमरे से नकली करेंसी और उपकरण सहित अभियुक्त अर्जुन गोस्वामी पुत्र मनोहर निवासी ग्राम कम्हौरा थाना करनैलगंज और विश्वनाथ सिंह पुत्र भगवती सिंह निवासी ग्राम तुलसीपुर माझा थाना नवाबगंज को गिरफ्तार किया गया है। मकान अभियुक्त विश्वनाथ का है। उसने घर में ही नकली नोट बनाने की फैक्ट्री खोल रखी थी।

### अलग-अलग जनपदों में थी नकली करेंसी बनाने की यूनिट

दोनों अभियुक्तों ने बढई पुरवा के अलावा अयोध्या जनपद के रामघाट में भी नकली करेंसी बनाने की एक यूनिट लगा रखी थी। अभियुक्तों ने बताया कि नवाबगंज में बिजली की समस्या को देखते हुए अयोध्या में दूसरी यूनिट लगाई गयी थी। अभियुक्त नकली करेंसी बनाकर सप्लाई भी करते थे।

दोनों अभियुक्त चार साल पहले भी नकली नोट बनाने के मामले में जेल जा चुके हैं। बताया जाता है कि अर्जुन को नकली नोट बनाने में महारत हासिल है वहीं विश्वनाथ नकली करेंसी को सप्लाई करने का काम करता है। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि नवाबगंज के बढई पुरवा और अयोध्या के रामघाट स्थित नकली नोट बनाने की फैक्ट्री से 100 रूपये के 32 नकली भारतीय नोट, नकली करेंसी बनाने के उपकरण, लैपटॉप, प्रिंटर, सांचे, सांचा दबाने की मशीन, छोटी-बड़ी हरे व सफेद रंग की नोटों की तार बनाने की पन्नी, थिनर, डीकोटिंग पाउडर, सफेद पेंट, नोट सुखाने का ड्रायर, नकली नोट काटने की मशीन, सौ, दो सौ और पांच सौ रूपये की एक तरफ छपी नोटों के 40 पेज, आरबीआई लिखे तार सहित बडे पैमाने पर नकली नोट छापने की सामग्री बरामद की गई है।थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास भी रहा है। अभियुक्त अर्जुन गोस्वामी के विरूद्ध गाजियाबाद के थाना खोंडा, गोण्डा के थाना कोतवाली नगर में गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

करनैलगंज थाने में अभियुक्त पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई भी हुई है। वहीं अभियुक्त विश्वनाथ सिंह के खिलाफ थाना कोतवाली नगर में भी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज है। दोनों अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कारवाई हो चुकी है।

दो अभियुक्तों के विरूद्ध 08 गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया है।अब पुलिस के निशाने पर नकली नोट खरीदने वाले हैं। मान जाता है कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों का नेटवर्क आसपास के जिलों में भी रहा होगा जहां अभियुक्त नोटों की सप्लाई करते थे।

# महिलाओं एवं किशोरियों के प्रजनन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने पर दिया जा रहा जोरः मंगल पांडेय,मंत्री

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



- पटना के दो विद्यालयों सहित राज्य के 26 जिलों में होगा राज्य में स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम,विद्यालयों में होंगे सेमिनार,पोस्टर व क्विज प्रतियोगिताएं

पटना(बिहार)।स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि महिलाओं और किशोरियों के प्रजनन स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने पर जोर दिया जा रहा है।इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता जागरुकता संबंधी आयोजन किए जा रहे हैं।उसी क्रम में 28 मई को किशोरियों एवं महिलाओं में स्वच्छता का ख्याल रखने के प्रति राज्य में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें।यह जागरूकता कार्यक्रम 28 एवं 30 मई को पटना के दो स्कूलों(राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय,गर्दनीबाग व राजकीय कन्या मध्य विद्यालय अदालतगंज)में आयोजित होगा।इसके अतिरिक्त राज्य के 26 जिलों के एक-एक विद्यालय एवं जिलों द्वारा चयनित किन्ही 3 प्रखंडों के एक-एक विद्यालय में दिनांक 26 मई से 31मई 2025 तक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित की जाएगी।इस दौरान समुदाय के बीच मासिक धर्म देखभाल,मासिक स्वच्छता एवं उस दौरान आने वाली समस्याओं के बारे में जागरूकता फैलाई जाएगी।सभी जागरूकता कार्यक्रम राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आयोजित होगी।श्री पांडेय ने कहा कि महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता पर किशोरियों और महिलाओं को जागरूक करना बहुत आवश्यक है।इसके लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों को किया जाएगा,जिसमें शैक्षणिक कार्यशाला एवं सेमिनार,रैली,क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता,वाद-विवाद प्रतियोगिता एवं पुरस्कार वितरण के साथ विद्यालयों में जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जाएगा।इस अभियान से जुड़कर छात्राएं न केवल स्वयं जागरूक होंगी बल्कि समाज में भी सकारात्मक संदेश पहुंचाएंगी।श्री पांडेय ने कहा की महिलाओं के प्रजनन स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है।महिला स्वच्छता एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है।अस्वच्छता इसकी सबसे बड़ी दुश्मन बन सकती है।राज्य में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत महिलाओं और किशोरियों को स्वच्छता के लिए अस्पताल स्तर पर उचित सलाह प्रदान करायी जाती है।सरकार स्वस्थ बिहार की परिकल्पना में किशोरी एवं महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य को प्राथमिकता से शामिल करने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

## संक्षिप्त समाचार

### 48 घंटे से डलमऊ फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित*

**नेशनल एक्सप्रेस**

- भीषण गर्मी में उपभोक्ता परेशान,पीने के पानी का गहराया संकट
- फीडर के 95 गांवों और कोल्ड स्टोर की विद्युत आपूर्ति बाधित

लालगंज(रायबरेली)।बुधवार की देर रात आए आंधी तूफान के कारण कई जगह बिजली लाइनों पर पेड़ गिर गए।उपखण्ड से संबद्ध मानपुर,बेहटा कला सहित अन्य फीडरों में मरम्मत कार्य के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई।डलमऊ फीडर में मरम्मत का कार्य पूरा नहीं हो सका।जिससे फीडर के 95 गांवों और कोल्ड स्टोर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।बिजली कर्मियों ने मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।जिससे डलमऊ फीडर के बहाई,चिलौला,चांदा टीकर,गौरा रुपई,जहांगीराबाद,चकमलिक भीटी,भैरोमिश्र,उत्तरा गौरी सहित 95 गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।इससे करीब 50 हजार आबादी प्रभावित है।घरों में लगे सबमर्सिबल पंप नहीं चल पा रहे हैं।जिससे लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है।जेई बृजेश कुमार ने बताया कि मरम्मत का कार्य किया जा रहा है,देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### मंदिरों को प्रकाश और शिक्षा का केंद्र बनना चाहिएः केरल के राज्यपाल

तिरुवनंतपुरम (भाषा) केरल के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शनिवार को कहा कि मंदिरों को समाज का प्रकाश और शिक्षा का केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंदिर केवल पूजा स्थल नहीं हैं, बल्कि समाज में सही मूल्यों को स्थापित करने और सांस्कृतिक परिवर्तन में मंदिरों की बड़ी भूमिका है। राज्यपाल यहां केरल क्षेत्र संरक्षण समिति के 59वें वर्षगांठ समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। राजभवन द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, राज्यपाल ने समाज के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए मंदिरों की आवश्यकता पर जोर दिया। आर्लेकर ने कहा कि राज्य के प्रत्येक मंदिर को एक शैक्षणिक संस्थान, चिकित्सा संस्थान और एक गोशाला भी खोलनी चाहिए।

# शिकायतों के निस्तारण का फीडबैक असंतुष्ट मिलने पर आयुक्त ने दी प्रतिकूल प्रविष्टि

## अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि व अन्य पांच अधिकारियों को नोटिस जारी, आयुक्त ने लापरवाही बरतने वाले आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ की कार्रवाई

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

- आईजीआरएस को लेकर अधीक्षण अभियंता सहित कुल 06 अधिकारियों पर हुई कार्रवाई
- लापरवाही बरतने व रुचि न लेने वाले अधिकारियों के खिलाफ आयुक्त ने की कार्रवाई
- आयुक्त कार्यालय से होगा आख्या का परीक्षण, संतोषजनक पाए जाने पर ही अपलोड होगी आख्या

गोण्डा । एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली की शिकायतों को गंभीरता से न लेने और निपटारे में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया है। आयुक्त ने आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा में लापरवाही बरतने वाले आधा दर्जन अधिकारियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लेते हुए स्पष्टीकरण से लेकर प्रतिकूल प्रविष्टि तक की कार्रवाई के आदेश दिए हैं। आरजीआरएस की समीक्षा के दौरान आयुक्त को अधीक्षण अभियंता जल निगम ग्रामीण के आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाले संदर्भों के निस्तारण में से 72% फीडबैक असंतुष्ट मिले।

एक अप्रैल से 30 अप्रैल के मध्य अधीक्षण अभियंता जल निगम द्वारा कुल 33 संदर्भों निस्तारण किया गया था, जब सभी निस्तारण का फीडबैक लिया गया 33 में से 24 फीडबैक असंतुष्ट मिले जिस कारण मंडल को दी जाने वाली रैंकिंग प्रभावित हुई। इसको लेकर ही आयुक्त ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अधीक्षण अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की है साथ में भविष्य में कोई लापरवाही ना बरतने की चेतावनी दी है।

### पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

आयुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील ने आईजीआरएस की शिकायतों के निपटारे में लापरवाही को संज्ञान में लिया है। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आइजीआरएफ पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने एवं रुचि न लेने वाले पांच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। कारण बताओं नोटिस पाने वाले अधिकारियों में अधीक्षण अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन, अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुख्य अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम नगरीय, संयुक्त शिक्षा निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं उप आबकारी आयुक्त शामिल है। इन सभी अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी कर 3 दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। यदि स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होगा तो इन अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि दे दी जाएगी।आयुक्त द्वारा कई बार समीक्षा बैठक करने के बावजूद मण्डल स्तरीय फीडबैक में सुधार न होने पर मण्डल स्तरीय अधिकारियों के पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों / संदर्भों के निस्तारण हेतु अग्रिम आदेशों यह व्यवस्था लागू की गई है

1. सभी मण्डल स्तरीय अधिकारी अपने पोर्टल पर प्राप्त संदर्भों का निस्तारण करने से पहले आख्या इस कार्यालय को व्हाट्सअप ग्रुप आईजीआरएस देवीपाटन के माध्यम से प्रेषित करेंगें तथा आयुक्त कार्यालय स्तर से आख्या के परीक्षण में संतोषजनक पाये जाने के पश्चात् सहमति मिलने पर ही निस्तारण आख्या अपलोड की जाएगी।

2. प्राप्त संदर्भों की निस्तारण आख्या निर्धारित समय से 03 दिवस पहले प्रस्तुत की जाएगी ताकि आख्या संतोषजनक न होने पर ससमय पुनः आख्या प्राप्त करने का पर्याप्त समय बचा रहे।

3. यदि इसके पश्चात् किसी मण्डलीय अधिकारी द्वारा प्राप्त संदर्भ का स्वयं के स्तर से (सीधे) आख्या अपलोड/निस्तारण किया जाता है तो संदर्भ के असंतुष्ट होने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी।

4. प्राप्त संदर्भों के सापेक्ष स्पेशल क्लोज के संदर्भों की आख्या भी प्रेषित की जायेगी कि संदर्भ को क्यों स्पेशल क्लोज किया जा रहा है, आख्या में स्पष्ट उल्लेख रहेगा।

5. माह के अंतिम सप्ताह के शुक्रवार को निस्तारण के सम्बन्ध में प्रत्येक माह समीक्षा बैठक आयुक्त कार्यालय से की जायेगी।

# प्रबन्ध निदेशक रोडवेज ने बेहड़ा चौबे में जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर जल योजना की ग्रामीणों से ली जानकारी

## प्रबन्ध निदेशक रोडवेज ने गौशाला बिरवा बभनी में गोवंशों को खिलाया गुड़ व चारा



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

गोण्डा । शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी प्रबंध निदेशक, रोडवेज उत्तर प्रदेश मासूम अली सरवर ने जनपद भ्रमण के दौरान सोनी गुमटी ओवरब्रिज का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओवर ब्रिज पर जाकर उसके प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की जनमानस के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन के लिए सरकार ने ओवरब्रिज का निर्माण कराया है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई कमी न रहने पाये और इसे तत्काल चालू किया जाए।

इसके साथ ही उन्होंने जनपद में नवनिर्मित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का निरीक्षण किया, तथा संबंधित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि अब इस कॉलेज में बचे हुए कार्यों को तत्काल पूरा किया जाय।

वहीं निरीक्षण के दौरान विकासखंड झंझरी के अंतर्गत बिरवा बभनी गौशाला का निरीक्षण किया।

साथ ही उन्होंने गौशाला के गोवंशों को गुड़ व हरा चारा खिलाया तथा मौके पर उपस्थित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोवंशों के चारा, पानी तथा उनके रखरखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत बेहड़ा चौबे में नवनिर्मित जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत हर घर जल योजना में तैयार किए गए पानी टंकी एवं घर-घर पानी सप्लाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण में उन्होंने गांव में जाकर पानी सप्लाई की वास्तविक स्थिति की जानकारी के लिए ग्रामीणों से वार्ता की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन, जिला विकास अधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, डीएसटीईओ अरुण कुमार सिंह, एआरएम रोडवेज, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, एक्सईएएन प्रांतीय खान प्रमोद त्रिपाठी, एक्सईएएन जल निगम, एई जल निगम शुभम मिश्रा सहित अन्य सभी संबंधित विभाग के अधिकारी को उपस्थित रहे।

# सीए मनीष बंसल ने 31वीं बार डोनेट की एसडीपी

## लोगों का सहारा बन रही टीम जीवनदाता, कड़ी मेहनत कर उपलब्ध करा रही एसडीपी

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



कोटा. टीम जीवनदाता का सेवा और समर्पण के माध्यम से जरूरतमंदों को एसडीपी उपलब्ध कराए जाने का क्रम निरंतर जारी है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि निजी अस्पताल में भर्ती मरीज कल्याण सिंह की हालत गंभीर थी, प्लेटलेट महज 10 हजार रह गई थी जबकी हिमोग्लोबिन भी कम हो गया था, ऐसे में एक पार्षद की मदद से टीम जीवनदाता का नम्बर मिला और मदद की गुहार की गई। कल्याण सिंह के परिजन परेशान रहे लेकिन उन्हें डोनर नहीं मिला, ऐसे में हमेशा सेवा के लिए तैयार रहने वाले सीए मनीष बंसल को कॉल किया तो वह सहज तैयार हो गए और वह सीधे ही अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने 31वीं बार बी पॉजीटिव एसडीपी डोनेट की। मनीष क्लाइंट के साथ मीटिंग छोड़कर पहुँचे थे । वह इससे पूर्व 21 बार ब्लड डोनेशन कर चुके हैं। साथ ही कोविड के समय 9 बार कोविड प्लाज्मा भी दे चुके हैं। इस दौरान बंसल का कहना था कि सेवा से ही प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है, मन को जब किसी की सेवा से शांति मिलती है तो ईश्वर भी साथ देता है। भुवनेश गुप्ता ने कहा कि भीषण गर्मी में युवाओं को मदद के लिए आगे आकर रक्तदान करना चाहिए, तभी किसी के जीवन को बचाने की मुहिम रंग लाएगी।

# कर्नलगंज में चार ग्राम पंचायतों पर मेहरबानी, 67 उपेक्षित, लाखों के घोटाले की आशंका

## 105 .57 लाख खर्च कर लगेगा हाईमास्ट व सोलर, जिम्मेदार मौन, उठ रहे गंभीर सवाल

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

गोंडा । जिले के विकास खंड करनैलगंज में 71 ग्राम पंचायतों में से केवल चार ग्राम पंचायत (कूरी, कटरा शहबाजपुर, मलौली, धनावा) को हाईमास्ट और सोलर लाइट के लिए 84.3 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं,जबकि 67 ग्राम पंचायतें उपेक्षित हैं। 'अंधा बांटे रेवड़ी फिर-फिर अपनों को देय' मुहावरे की ये पंक्तियां विकास खंड करनैलगंज पर सटीक बैठ रही हैं।

यहां कुल 71 ग्राम पंचायतों में से 67 ग्राम पंचायतों को दरकिनार कर महज चार सौभाग्यशाली ग्राम पंचायतों (कूरी, कटरा शहबाज पुर, मलौली व धनावा) को ही दूधिया रोशनी से जगमग करने के लिए 85 लाख रुपये खर्च कर हाईमास्ट व सोलर लाइट लगवाया जा रहा है। जहां एक हाईमास्ट की कीमत 7.13लाख रूपये निर्धारित की गई है। वहीं दूसरी तरफ इस अनदेखी से वंचित हो रहे व अछूते ग्राम पंचायतों के लोग विकास के इस मंशा को होने वाले बड़े घोटाले से जोड़ रहे हैं,जिससे इंकार नही किया जा सकता। फिलहाल इस सवाल पर की इन्ही गांवों को प्रकाश के लिए हाईमास्ट लगवाने के लिए किस आधार पर चयनित किया गया? अधिकारी भी चुप्पी साधे हुए हैं कुछ बोलने को तैयार नही हैं।

पन्द्रहवां केंद्रीय वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से क्षेत्र पंचायत करनैलगंज विकास कार्यो को करा रहा है। योजना अंतर्गत जिसमें ग्राम पंचायतों में प्रकाश के लिए हाईमास्ट लाइट व सोलर लाइट लगाई जानी है। फिलहाल विकास खंड में कुल 71 ग्राम पंचायतें हैं इन सभी को विकास की दरकार है। मगर महज चार ग्राम पंचायतों में ही प्रकाश पर खर्च हो रहे कुल 105.57 लाख में से 84.3 लाख खर्च किया जा रहा है।

### सिर्फ बंदरबांट का खेल चल रहा : राकेश तिवारी

राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश सचिव व कचना पुर के प्रधान राकेश मोहन तिवारी का कहना है कि खड़ाऊँ राज के चलते विकास सिर्फ चार ग्राम पंचायतों में ही सिमट कर रह गया है। 65 ग्राम पंचायतों के लोग अपने को ठगा महसूस कर रह रहे हैं, विकास नही सिर्फ बंदरबांट का खेल चल रहा है।

### चार गांव का ही चयन क्यों , बीडीओ ने साधी चुप्पीः

उपायुक्त स्वतः रोजगार व प्रभारी बीडीओ जेएन राव का कहना है कि प्रमुख के प्रस्ताव पर गांवों का चयन किया गया है। इस सवाल पर की सिर्फ चार गांव को ही क्यों विशेष दर्जा दिया गया वह चुप्पी साधे रहे। इस सवाल पर की यहां के बिजली बिल का भुगतान कहाँ से होगा, कहा कि यह निश्चित नही हुआ है सूचना मंगाते हैं।

### कहाँ लगेंगी कितनी लाइट

ग्राम पंचायत- स्थान- लाख खर्च
कूरी- बरगदी चौराहे पर- 7.13 लाख
कूरी-बरगदी पोस्ट ऑफिस -7.13 लाख
कूरी-संस्कृत पाठशाला-7.13 लाख
कूरी- सरकारी नलकूप-7.13 लाख
कूरी- विभिन्न स्थलों पर 30 सोलर लाइट- 7.79 लाख
कटरा शहबाज पुर- सचिवालय- 7.13 लाख
कटरा शहबाज पुर- पाण्डेय पुरवा चौराहा- 7.13 लाख
कटरा शहबाजपुर- 30 विभिन्न स्थलों पर सोलर लाइट-7.79 लाख
धनावा- सचिवालय पर- 7.13 लाख
धनावा - विभिन्न स्थलों पर 30 सोलर लाइट-7.79 लाख
मलौली- गल्ला दुकान पर-7.13लाख
मलौली- 15 विभिन्न स्थलों पर सोलर लाइट- 3.89 लाख
इसके साथ ही ब्लॉक परिसर में 7.13 लाख रुपये प्रति हाईमास्ट की दर से 14.26 लाख खर्चकर दो हाईमास्ट लगेगा। वहीं अन्य ग्राम पंचायतों के लिए 27 सोलर लाइट 7.01 लाख से खरीद कर लगाया जाएगा।

# ग्राम पंचायत की भूमि पर जबरन बाउंड्रीवाल निर्माण मामले में एसडीएम को सीमांकन के दिये निर्देश

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



गोण्डा। रेलवे द्वारा ग्राम पंचायत की जमीन पर जबरन कब्जा कर बाउंड्रीवाल बनाये जाने के मामले मे प्रधान की शिकायत पर एसडीएम ने मौके पर जांच कर तहसीलदार के नेतृत्व मे राजस्व टीम गठित कर ग्राम पंचायत की जमीन की पैमाइश कराकर कब्जा मुक्त कराने के निर्देश देते हुए। मसकनवा पुलिस चौकी पुलिस को भूमि की सुरक्षा हेतु तत्परता बनाये रखने के आदेश दिये हैं। बताते चले की विकास खंड छपिया के अन्तर्गत आने वाली ग्राम पंचायत भवाजितपुर का गाटा संख्या 81 बंजर व गाटा संख्या 82 पुरानी परती की श्रेणी मे आती है, जिसकी स्थिति खतौनी व नक्शे भी अंकित है। यह दोनो गाटा संख्या मसकनवां-बभनान रोड पर सड़क के दक्षिण सड़क सीमा से सटा हुई है। मसकनवां रेलवे-स्टेशन के उत्तर पूर्वी छोर हरजिन कालोनी से लेकर पश्चिम भवाजितपुर ग्राम पंचायत की सीमा हिन्दुस्तान मेडिकल स्टोर के पीछे तक इन गाटा संख्या के बाद खालेगाव ग्राम पंचायत की सीमा शुरू होती है।जिसमे रेलवे स्टेशन मसकनवा स्थित है। लेकिन रेलवे विभाग द्वारा दोनो गाटा संख्या को अपना बताते हुए मसकनवां-बभनान मार्ग पर सड़क सीमा समाप्त होने के बाद जबरन बाउंड्रीवाल उठाने के प्रयास करते हुए काफी दिनों से ग्राम पंचायत भवाजितपुर मे निवास करे रहे लोगो के द्वारा बनाए गए रसोई घर, पानी पीने के लिए लगाये गये हैण्डपम्प को रेलवे पुलिस बल के साथ पहुंच पूर्वोत्तर रेलवे मनकापुर के आईओडब्लू रणधीर मौर्य ने जबरन जेसीबी चलवाकर बने घरे के नुकसान की बिना परवाह किये घरो के नींव से सटे बाउंड्रीवाल निर्माण की पांच फिट नीव बना बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य शुरू करा दिये। ग्राम पंचायत की भूमि पर ग्राम पंचायत भवाजितपुर ग्राम प्रधान बाबू लाल वर्मा ने इसकी शिकायत एसडीएम अभिनाश त्रिपाठी से की तो राजस्व निरीक्षक के साथ ग्राम पंचायत लेखपाल स्नेहलता व लेखपाल रानीजोत ने मौके पर पहुंचकर रेलवे के आईओ डब्लू रणधीर मौर्या को स्पष्ट आदेश देते हुए राजस्व निरीक्षक ने बताया की गाटा संख्या 81 व 82 भवाजितपुर ग्राम पंचायत की भूमि है।

# एसीबी ने न्यायाधीश से 'बदला लेने' के लिए रिश्वत का मामला दर्ज किया: अहलमद




नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के एक न्यायालय को अदालत के एक कर्मचारी ने बताया कि भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) ने एक न्यायाधीश को फंसाने के लिए कथित रिश्वतखोरी के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की ताकि उनसे बदला लिया जा सके।

कर्मचारी ने बताया कि न्यायाधीश ने इसके पहले एजेंसी के संयुक्त आयुक्त को नोटिस जारी कर पूछा था कि कर्मचारियों को कथित रूप से धमकाने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में अवमानना का मुकदमा क्यों न दर्ज किया जाए।

विशेष न्यायाधीश दीपाली शर्मा की अदालत में अहलमद (रिकॉर्ड रखने के लिए अदालत का कर्मचारी) ने याचिका दायर करके अग्रिम जमानत देने का अनुरोध करते हुए एसीबी के खिलाफ आरोप लगाए गए। अहलमद ने दावा किया गया कि वह निर्दोष है और उसे रिश्वतखोरी के मामले में झूठे तरीके से फंसाया गया है। अहलमद (38)को 14 सितंबर, 2023 से 21 मार्च, 2025 के बीच विशेष न्यायाधीश की अदालत में तैनात किया गया था।

जमानत याचिका में दावा किया गया कि विशेष अदालत के समक्ष लंबित अधिकांश मामलों में एसीबी मुख्य वादी है।

याचिकाकर्ता के मुताबिक, विशेष अदालत में उसके कार्यकाल के दौरान एसीबी व दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी, जिसकी वजह से उसने 25 जनवरी, 2025 को अदालत से उसका तबादला करने का अनुरोध भी किया था। अहलमद ने अदालत को बताया, ''16 मई, 2025 को पीठासीन न्यायाधीश ने एक आदेश के तहत एसीबी के संयुक्त आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया और पूछा कि क्यों नहीं दिल्ली उच्च न्यायालय में अवमानना का मुकदमा दर्ज किया जाए।''

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि एसीबी और दिल्ली सरकार के अधिकारियों ने विशेष अदालत के न्यायाधीश से बदला लेने के लिए याचिकाकर्ता/आरोपी के खिलाफ झूठी व मनगढ़ंत प्राथमिकी दर्ज की और साथ ही न्यायाधीश को फंसाने की कोशिश की। न्यायाधीश शर्मा ने 22 मई को सरकारी वकील की दलील के बाद अहलमद की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी।

सरकारी वकील ने साजिश का पता लगाने के लिए अहलमद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जरूरत बताई थी, जिसके बाद अदालत ने याचिकाकर्ता की अर्जी को खारिज कर दिया था। हालांकि, न्यायाधीश ने एसीबी को निर्देश दिया कि अगर गिरफ्तारी करनी है तो कानून का पालन करें।

अहलमद ने दावा किया कि उसने मामले को एक स्वतंत्र जांच एजेंसी को सौंपने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक रिट याचिका दायर की है।

उच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले को 29 मई के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

उच्च न्यायालय ने 14 फरवरी को कथित रिश्वतखोरी के लिए विशेष न्यायाधीश के खिलाफ जांच शुरू करने के एसीबी के अनुरोध को यह कहते हुए ठुकरा दिया था कि जांच एजेंसी के पास न्यायाधीश के खिलाफ 'पर्याप्त सबूत' नहीं है। हालांकि, उच्च न्यायालय ने एसीबी को अपनी जांच जारी रखने के लिए कहा और सुझाव दिया कि अगर विशेष न्यायाधीश की संलिप्तता वाला कोई सबूत मिलता है तो एजेंसी फिर से अदालत का दरवाजा खटाखटा सकती है। एसीबी ने 16 मई को अहलमद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

## लाहौरी गेट इलाके में घर में आग लगने से तीन लोग झुलसे

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के लाहौरी गेट इलाके में एक घर में आग लग जाने से 13 वर्षीय एक लड़के सहित तीन लोग झुलस गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि 13 वर्षीय अनस 50 प्रतिशत झुलस गया जबकि 18 वर्षीय नबी अहमद 45 प्रतिशत और 30 वर्षीय शाहनवाज 40 प्रतिशत जल गए।

डीएफएस के एक अधिकारी ने बताया, ''शुक्रवार तड़के तीन बजकर 40 मिनट पर फर्श खाना इलाके में श्रद्धानंद मार्ग स्थित एक आवास में आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद दमकल की पांच गाड़ियों को तुरंत घटनास्थल पर भेजा गया।''

उन्होंने बताया कि इमारत के भूतल पर स्थित बिजली के 15 मीटरों के एक बोर्ड में आग लगी थी और इसने पास में खड़ी एक मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में ले लिया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कर्मियों ने सुबह चार बजकर 50 मिनट तक स्थिति पर नियंत्रण पा लिया।

# पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि को दिशा देने वाले सिद्धांतों का उल्लंघन किया : विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली, (भाषा) विदेश मंत्रालय ने संसद की एक समिति से कहा है कि सिंधु जल संधि को स्थगित करने का भारत का फैसला पाकिस्तान द्वारा समझौते को दिशा देने वाले दोस्ती और सद्भावना जैसे सिद्धांतों के उल्लंघन का स्वाभाविक नतीजा है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने समिति से कहा है कि इंजीनियरिंग प्रौद्योगिकी, जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियर के पिघलने सहित जमीनी हालात में आए बदलावों के कारण संधि की शर्तों पर फिर से बातचीत करना जरूरी हो गया है। सूत्रों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पहलगाम हमले में पाकिस्तान की भूमिका और आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख से अवगत कराने के लिए 33 देशों की राजधानियों का दौरा कर रहे संसदीय प्रतिनिधिमंडल भी सिंधु जल संधि को स्थगित करने के नयी दिल्ली के फैसले को जायज ठहराने के लिए यही तर्क देंगे।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने अपनी मीडिया ब्रीफिंग में कहा था कि 1960 की सिंधु जल संधि की प्रस्तावना में स्पष्ट किया गया है कि यह संधि ''सद्भावना और मित्रता की भावना'' पर आधारित है। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों का प्रभावी रूप से उल्लंघन किया है।

मिसरी ने हाल ही में एक संसदीय समिति को पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के जवाब में भारत की ओर से चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित अन्य कार्रवाई के बारे में जानकारी दी थी। उन्होंने पाकिस्तान के साथ सैन्य तनाव के बाद भारत के रुख को समझाने के लिए 33 देशों और यूरोपीय संघ का दौरा कर रहे सात बहुदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंड से भी बात की थी। सूत्रों के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने समिति से कहा कि पाकिस्तान संधि पर हस्ताक्षर के बाद जमीनी हालात में आए बदलावों के मद्देनजर दोनों देशों की सरकारों के बीच बातचीत के भारत के अनुरोध में लगातार अड़चल डाल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, मंत्रालय ने कहा कि सिंधु जल संधि पर फिर से बातचीत किए जाने की जरूरत है, ताकि इसे 21वीं सदी के लिए उपयुक्त बनाया जा सके, क्योंकि यह 1950 और 1960 के दशक की इंजीनियरिंग तकनीकों पर आधारित है।

मंत्रालय ने कहा कि अन्य प्रमुख बदलावों में जलवायु परिवर्तन, ग्लेशियर का पिघलना, नदियों के पानी की मात्रा में आया बदलाव और जनसांख्यिकी शामिल हैं। उसने कहा कि इन कारकों के अलावा स्वच्छ ऊर्जा की चाह संधि के तहत अधिकारों और दायित्वों के निर्धारण पर नये सिरे से बातचीत को अनिवार्य बनाते हैं। मंत्रालय ने कहा, ''संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि यह सद्भावना और दोस्ती की भावना पर आधारित है। पाकिस्तान ने इन सभी सिद्धांतों का प्रभावी रूप से उल्लंघन किया है। पाकिस्तान की ओर से सीमापार से लगातार जारी आतंकवाद हमें संधि पर उसके प्रावधानों के अनुसार अमल करने से रोकता है।''

विदेश मंत्रालय ने कहा कि जब जमीनी हालात पूरी तरह से बदल गए हों, तो संधि को स्थगित रखने का फैसला स्वाभाविक और भारत के अधिकार क्षेत्र में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंधु जल संधि को स्थगित करने के फैसले का समर्थन करते हुए हाल ही में कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते।

# एमसीडी अधिकारी बन बुजुर्ग महिला से जबरन वसूली करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के डिफेंस कॉलोनी इलाके में खुद को एमसीडी अधिकारी बताकर एक बुजुर्ग महिला से जबरन वसूली करने के आरोप में 42 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा, ''तौसिफ राजा नामक व्यक्ति नौ मई को शिकायतकर्ता के घर गया और खुद को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का अधिकारी बताकर दावा किया कि उसकी घर की नालियां गंदी हैं, जिसके लिए उसे 50,000 रुपये का चालान जारी किया जाएगा।''

चौहान के मुताबिक, राजा ने बिजली आपूर्ति काटने और महिला के बेटे की शादी में खलल डालने की धमकी देते हुए उससे मामला निपटाने के लिए 25,000 रुपये मांगे, जो उसने डर के कारण दे दिए।

चौहान ने कहा, ''13 मई को राजा वापस आया और महिला से 50 लाख रुपये की मांग की। उसने फिर से शादी में बाधा डालने की धमकी दी। शिकायतकर्ता के पति ने मोदी मिल फ्लाईओवर के पास आरोपी को 1.5 लाख रुपये नकद दिए।'' उन्होंने बताया, ''हालांकि, राजा ने और अधिक पैसे की मांग करते हुए परिवार को परेशान करना जारी रखा, जिसके बाद महिला ने डिफेंस कॉलोनी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई।'' चौहान के अनुसार, पुलिस ने मोबाइल कॉल रिकॉर्ड और 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद आरोपी को ओखला इलाके से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने दावा किया कि पूछताछ के दौरान राजा ने अपना अपराध कबूल कर लिया है।

चौहान ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, अपराध में इस्तेमाल मोबाइल फोन और 28,500 रुपये नकद जब्त किए हैं।

स्नातक की पढ़ाई पूरी कर चुका राजा पहले शाहीन बाग इलाके में प्रॉपर्टी एजेंट के तौर पर काम करता था। उसे इससे पहले 2018 में आईपी एस्टेट पुलिस थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था।

## मिशन लाइफ अभियान के तहत विद्यालयों में बने 'इको क्लब' के नाम बदले जाएंगे

नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली के सभी विद्यालयों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने मौजूदा 'इको क्लब' का नाम बदलकर 'इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ' करें। एक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान में कहा गया कि विद्यार्थियों में पर्यावरण की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू गए राष्ट्रीय अभियान के तहत 31 अगस्त तक इनकी पुनः स्थापना की जाए। एक बयान में कहा गया है कि समग्र शिक्षा पहल के तहत यह कदम 'मिशन लाइफ' (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) के व्यापक लक्ष्यों के अनुरूप है, जो 2021 में स्कॉटलैंड के ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किया गया एक वैश्विक आंदोलन है।

# स्वच्छता की अनोखी पहल: प्लास्टिक के बदले गर्म खाना, कचरे के बदले सैनिटरी पैड दे रहे गांव




नयी दिल्ली, (भाषा) प्लास्टिक के बदले गर्मा-गर्म खाना और कचरे के बदले सैनिटरी पैड---गांवों में की जा रही ऐसी ही छोटी-छोटी पहलों की बदौलत भारत अपने 77 फीसदी गांवों को खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) प्लस मॉडल के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कोई गांव ओडीएफ प्लस मॉडल का दर्जा तभी हासिल कर सकता है, जब वह खुले में शौच मुक्त गांव के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखने में सफल हो, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की क्षमता विकसित करे, स्वच्छता के पैमाने पर खरा उतरे और ओडीएफ प्लस सूचना एवं संदेश का प्रचार-प्रसार करे।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 5.10 लाख से अधिक गांवों में ठोस अपशिष्ट निपटान की व्यवस्था है, जबकि 5.26 लाख से अधिक गांव तरल कचरे का प्रबंधन करने में सक्षम हैं। वहीं, 1,200 से अधिक पंजीकृत बायोगैस संयंत्र मौजूद हैं, जबकि अपशिष्ट संग्रह के लिए 6.38 लाख से अधिक वाहन तैनात किए गए हैं। हालांकि, ग्रामीण भारत में कचरा प्रबंधन का श्रेय मुख्यतः स्थानीय नेतृत्व और सामुदायिक पहलों को जाता है।

प्लास्टिक कचरा स्वच्छता की दिशा में बड़ी बाधा है। हरियाणा के करनाल जिले की सुमन डांगी ने इससे निपटने के लिए अनोखी पहल की है। वह 500 ग्राम साफ और 'रिसाइकिल' करने लायक कचरा लाने वाले लोगों को गर्मा-गर्म खाना खिलाती हैं।

सुमन और उसके स्वयं सहायता समूह ने 50,000 रुपये के ऋण के साथ इस पहल की शुरुआत की थी। वह अब तक 1,500 किलोग्राम से अधिक प्लास्टिक कचरा एकत्र कर चुकी है और 3,000 से अधिक लोगों को गर्मा-गर्मा खाना खिला चुकी है।

भुशली गांव में अटल किसान मजदूर कैंटीन में प्लास्टिक के बदले गर्म खाना पहल चला रही सुमन ने कहा कि यह विचार आवश्यकता से उपजा। सुमन के अनुसार, ''प्लास्टिक हर जगह मौजूद है और कई लोग दो वक्त की रोटी जुटाने में मुश्किलों का सामना करते हैं। हमने इन दोनों समस्याओं से निपटने का तरीका खोज निकाला।''

उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के ऊंचाडीह गांव में भी स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए ऐसी ही अनोखी पहल चलाई जा रही है। वहां महिलाएं प्लास्टिक प्रदूषण और मासिक धर्म स्वच्छता जैसी चीजों पर एक साथ काम करने की कोशिश कर रही हैं।

'मेरा प्लास्टिक, मेरी जिम्मेदारी' पहल के तहत ऊंचाडीह ग्राम पंचायत की महिलाओं को दो किलोग्राम प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करने पर सैनिटरी पैड का एक पैकेट उपलब्ध कराया जा रहा है।

ग्राम प्रधान अर्चना त्रिपाठी की ओर से शुरू की गई इस पहल को स्वास्थ्यकर्मियों से लेकर शिक्षकों का तक का समर्थन मिल रहा है, जो महिलाओं और लड़कियों को प्लास्टिक कचरा जुटाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

अर्चना ने कहा, ''यह एक छोटी-सी कोशिश है, लेकिन इससे मासिक धर्म से जुड़ी वर्जनाओं को तोड़ने में मदद मिलेगी और प्लास्टिक कचरे में भी कमी आएगी।'' पड़ोसी घोरावल ब्लॉक में ग्राम प्रधान परमेश्वर पाल रोजाना ई-रिक्शा से प्लास्टिक कचरा इकट्ठा करते हैं और स्थानीय लोगों को एकल-उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल में कमी लाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। पाल के मुताबिक, ''यह कोई आकर्षक काम नहीं है, लेकिन इससे बातचीत शुरू होती है और धीरे-धीरे आदतें भी बदलती हैं।''

उत्तराखंड में गंगा के किनारे बसे सिरासू गांव में एक ऐसा अपशिष्ट प्रबंधन मॉडल अपनाया जा रहा है, जिससे राजस्व जुटाने में भी मदद मिलती है।

'ओडीएफ प्लस' मॉडल का दर्जा हासिल कर चुका सिरासू पर्यटन के जरिये अपने स्वच्छता अभियान के लिए धन एकत्र करता है। स्थानीय पंचायत साल 2018 से विवाह-पूर्व फोटो शूट के लिए 1,000 रुपये शुल्क लेती है। वह टेंट और लाइट जैसे उपकरण भी किराये पर देती है। इससे उसे पिछले सात वर्षों में लगभग 50 लाख रुपये अर्जित करने में मदद मिली है। उक्त राशि का इस्तेमाल शौचालयों के रखरखाव, प्लास्टिक कचरा संग्रह केंद्र के संचालन और पर्यटक बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए किया जा रहा है।

# कैंसर की नकली दवा की आपूर्ति से जुड़े मामले का मुख्य आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार



नयी दिल्ली, (भाषा) दिल्ली पुलिस ने कैंसर की नकली दवाओं की आपूर्ति से जुड़े एक हाई-प्रोफाइल मामले में तीन साल से फरार एक आरोपी को पश्चिम बंगाल के रानीगंज से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान सबीर आलम के रूप में हुई है, जिसे अदालत ने पहले ही भगोड़ा घोषित कर रखा था। उन्होंने बताया कि सूचना मिली थी कि सबीर आलम हाल ही में शादी के बाद हनीमून के लिए रानीगंज गया है।

अधिकारी ने बताया, ''इसके बाद टीम रानीगंज पहुंची और होटलों व गेस्ट हाउस की जांच शुरू की। इसी बीच 20 मई को उन्हें पता चला कि आलम ने रानीगंज से पश्चिम बंगाल के बर्धमान के कांदा जाने वाली बस पकड़ी है। इसके बाद टीम कांदा बस अड्डा पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया।'' उन्होंने बताया कि यह मामला पहली बार नवंबर 2022 में सामने आया था, जब कैंसर की नकली दवा रखने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

अधिकारी ने कहा कि बाद की जांच में अवैध दवा से एक बड़े गिरोह का पता चला, जिसमें दो चिकित्सकों सहित 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (अपराध) हर्ष इंदौरा ने कहा, सबीर आलम ने इस गिरोह में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह कोलकाता में कैंसर की नकली दवाओं के वितरण का समन्वय करता था और बांग्लादेश में आपूर्ति की व्यवस्था भी करता था। वहां दवाएं कथित तौर पर डॉ. रासेल को भेजी जाती थीं।

# दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों ने पहचान के लिए जारी सर्वेक्षण में पारदर्शिता की मांग की



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रीय राजधानी में रेहड़ी-पटरी वालों के एक वर्ग ने शहर में विक्रेताओं की पहचान के लिए जारी सर्वेक्षण पर चिंता जताई है और पारदर्शिता और प्रक्रिया संबंधी स्पष्टता की कमी का आरोप लगाया गया है।

इंडियन हॉकर्स अलायंस (आईएचए), टाउन वेंडिंग कमेटीज (टीवीसी), मार्केट एसोसिएशन और विक्रेता संघों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में प्रक्रिया से जुड़ी कई समस्याओं को उजागर किया, जिसमें तकनीकी गड़बड़ियां, अपर्याप्त संचार और एकत्र किए जा रहे डेटा की सटीकता से जुड़ी चिंताएं शामिल हैं।

लाजपत नगर के एक विक्रेता विक्रम ढींगरा ने कहा, ''मौजूदा सर्वेक्षण पहचान से जुड़े काम से अधिक बहिष्कार जैसा अधिक लगता है।'' आईएचए ने दावा किया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से 'स्ट्रीट वेंडर्स (आजीविका संरक्षण और स्ट्रीट वेंडिंग विनियमन) अधिनियम, 2014' और 'दिल्ली स्ट्रीट वेंडिंग स्कीम, 2019' के अनुरूप नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ विक्रेताओं को आधिकारिक वेंडिंग प्रमाणपत्र प्राप्त करने से पहले ही उनके स्थानों से हटाया जा रहा है, जिससे उन्हें कानूनी सुरक्षा नहीं मिल पा रही। आईएचए ने अपनी मांगों में सर्वेक्षण को तब तक अस्थायी रूप से निलंबित करने की मांग की, जब तक कि इसकी निगरानी विभिन्न 'टाउन वेंडिंग कमेटी' द्वारा नहीं की जाती।

उन्होंने सर्वेक्षण के डिजिटल मंच का स्वतंत्र ऑडिट, विक्रेताओं के लिए बारकोड वाली रसीदें जारी करने और प्रवर्तन कार्रवाइयों में अधिक जवाबदेही का भी अनुरोध किया।

## न्यायमूर्ति ओका की सेवानिवृत्ति के बाद न्यायमूर्ति नागरत्ना कॉलेजियम का हिस्सा बनेंगी

नयी दिल्ली, (भाषा) भारत की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश बनने की कतार में शामिल न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना न्यायमूर्ति अभय एस ओका की सेवानिवृत्ति के बाद उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सदस्य होंगी। न्यायमूर्ति नागरत्ना अभी शीर्ष अदालत की पांचवीं सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश हैं। वह 25 मई को आधिकारिक रूप से कॉलेजियम में शामिल हो जाएंगी और 29 अक्टूबर 2027 को भारत की पहली महिला प्रधान न्यायाधीश के रूप में सेवानिवृत्त होने तक इसका हिस्सा रहेंगी।

## कार्यालय नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर मुरादाबाद

पत्रांक - 80/न0प0भो0धर्म/ 2025-26 दिनांक- 24/05/2025

### ई- निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर जनपद मुरादाबाद को वर्ष 2024-25 में 15 वॉ वित्त आयोग (Tied Grant) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि ई-टेंडरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदा वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर दिनांक 23/05/2025 की दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 13.06.2025 को दोपहर 4:00 बजे तक ऑनलाइन डाउनलोड एवं अपलोड की जा सकती है। जो दिनांक 16.06.2025 को दोपहर 02:00 बजे तक अपर जिला अधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में रखें टैण्डर बॉक्स में डाली जाएगी एवं उसी दिन अपरान्ह 02:15 बजे से अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद के कार्यालय में उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष Online खोली जायेगी। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र/ निविदा शर्तों का भली भांति अध्ययन कर लें। अन्य शर्तें कार्यालय में एवं https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

(नीतू सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर मुरादाबाद

(फरखन्दा जबी)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर मुरादाबाद

दैनिक
नेशनल एक्सप्रेस
हर खबर समय पर
43 वर्षों से निष्पक्ष व निर्भीक समाचार पत्र
1981 43 YEARS 2024
आवश्यकता है
नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक नेशनल एक्सप्रेस को हिंदी पत्रकारिता में ब्यूरो प्रमुख, अनुभवी पत्रकार / विज्ञापन प्रसार के लिए दिल्ली व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में आवश्यकता है। जर्नलिज्म में अपना कैरियर बनाने को इच्छुक व्यक्ति संपर्क कर सकते है।
7080333338 011-49066569
news.vpl@gmail.com
VPL MEDIA PRIVATE LIMITED
S-561, Greater Kailash- II, New Delhi-110048
15/240 G Civil Lines Kanpur - 208001
Instagram nationalexpressindia
nationalexpressindia
70 80 333338
facebook fb/groups/ nationalexpressindia

# आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने का समय, राजनीतिक आलोचनाएं बाद में: सुप्रिया सुले



नयी दिल्ली, (भाषा) राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने शनिवार को कहा कि वह दुनियाभर के नेताओं को आतंकवाद व उसके समर्थकों से लड़ने के भारत के दृढ़ संकल्प से अवगत कराएंगी।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के मुद्दे पर राजनीति के लिए कोई जगह नहीं है।

राकांपा (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुले, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं राजीव प्रताप रूडी, अनुराग ठाकुर व वी मुरलीधरन, कांग्रेस नेताओं मनीष तिवारी व आनंद शर्मा, तेलगु देशम पार्टी (तेदेपा) नेता लवू श्री कृष्ण देवरायलू, आम आदमी पार्टी (आप) के नेता विक्रमजीत सिंह साहनी और पूर्व राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन के साथ कतर, दक्षिण अफ्रीका, इथियोपिया और मिस्र जा रहे प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रही हैं।

सुले ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह राजनीति का समय नहीं है बल्कि भारत के बारे में बात करने का समय है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हमला भारत की आत्मा पर हमला था जिस पर हमारी प्रतिक्रिया संतुलित थी, ताकि आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं दिखाने का स्पष्ट संदेश दिया जा सके।

सुले ने कांग्रेस द्वारा इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने के प्रयासों पर कहा कि राकांपा (एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने पार्टी की ओर से स्पष्ट कर दिया है कि यह राजनीति करने या आलोचना करने का समय नहीं है।

सुले ने कहा, ''हम सभी के पास सरकार से पूछने के लिए कुछ कठिन सवाल हैं, लेकिन यह समय सरकार के साथ एकजुट होने का है। यह दिखाने का समय है कि भारत एकजुट है और आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। यह राजनीतिक बयानबाजी में लिप्त होने का समय नहीं है। चाहे कोई भी सत्ता में हो, हमारी नीति यही होगी कि पहले राष्ट्र, फिर राज्य, फिर पार्टी और उसके बाद परिवार।''

सुले नीत प्रतिनिधिमंडल सबसे पहले कतर जाएगा, जो पश्चिम एशियाई क्षेत्र में प्रभावशाली माना जाता है और क्षेत्रीय संघर्षों में मध्यस्थ की भूमिका निभाता रहा है।

सुले ने कहा, ''मौजूदा समय दुनिया को यह बताने का है कि भारत आतंकवाद और उसके प्रायोजकों के खिलाफ एकजुट है।''



# अहिल्याबाई होल्कर भगवान शिव की थी परमभक्त : मीनाक्षी चौधरी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



गजरौला। देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शनिवार को ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह ने प्रसिद्द चाकेश्वर धाम शिव मंदिर में साफ सफाई अभियान चलाने के बाद पूजा अर्चना की। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर भगवान शिव की परम भक्त थीं। उन्होंने हमारे देश में स्थित ज्योर्तिलिंगो के जीर्णोद्धार का कार्य किया, साथ ही सनातन संस्कृति की रक्षा के लिये आध्यात्मिक कार्यों पर भी विशेष ध्यान दिया। उन्होंने अपने शासनकाल में सुशासन, सामाजिक सुधारों और महिला सशक्तिकरण जैसे योगदानों के प्रति बहुत कार्य किए, जिन्हें आज भी पूरा देश याद करता है। जिला उपाध्यक्ष चौ.विरेन्द्र सिंह ने बताया कि भाजपा द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आगामी 31 मई तक कार्यक्रम किए जाएंगे। कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर में नदी घाटों का निर्माण कराया, गरीबों की दिल खोलकर मदद की, व्यापार को प्रोत्साहन दिया, किसानों की मदद की और न्याय एवं सुशासन के अनेकों कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उनका देश के प्रति किया गया योगदान अतुलनीय है। भाजपा कार्यकर्ता उनकी नीतियों को जन जन तक पहुंचाने के लिये जुटे हुए हैं। इस मौके पर उनके साथ पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेश प्रधान, हैप्पी प्रधान, पिंटू धारीवाल, पंकज चौधरी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पाठकपुर के निकट रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, पहुंची पुलिस



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

सम्भल। थाना बहजोई पाठकपुर के निकट रेलवे ट्रैक पर शव मिला है जिसकी पहचान गवन पुत्र अनेक पाल उम्र करीब 35 वर्ष ग्राम छपरा थाना धनारी के रूप मे हुई है। रेलवे ट्रैक पर शव की जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो परिवार में कोहरा मच गया जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच गए मृतक का भाई राजेश का कहना है कि हमारे लिए गांव के ही व्यक्ति द्वारा सूचना दी गई कि आपका भाई रेलवे ट्रैक पर मृतक अवस्था में पड़ा है तो हमने आकर देखा मृतक अवस्था में पड़ा था वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी बहि साथ ही पुलिस ने भरा शव का पंचनामा । खबर लिखे जाने तक की जानकारी।

## न्यूज ब्रीफ

### नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ का होगा आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/गजरौला। महामण्डेलश्वर स्वामी श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में आगामी 29 मई से चतुर्थ श्री शिव शक्ति महायज्ञ चतुर्वेद पारायण एवं श्रीराम कथा का भव्य आयोजन नगर के नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल परिसर में आयोजित हो रहा है। जिसकी तैयारियां जोर शोर से चल रहीं हैं। आयोजन के संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक व भाजपा नेता चौ.वेदपाल सिंह हैं।

उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम साप्ताहिक रहेगा। 28 मई को सुबह आठ बजे नगर के इंदिरा चौक श्री गंगा प्याऊ शिव मंदिर से 2100 महिलाओं की कलश यात्रा प्रारंभ होगी तो वहीं 29 मई से 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक महायज्ञ होगा जबकि 30 मई से 07 जून तक सांय 03 बजे से 07 बजे तक श्री राम कथा का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि 07 जून को सौभाग्यशाली कन्याओं का सामूहिक विवाह भी किया जाएगा। कथाव्यास के रूप में काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगद्गुरू रामानन्दाचार्य स्वामी डॉ.रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज शामिल होंगे तो वहीं यज्ञाचार्य आचार्य श्री सतीश भारद्वाज, यज्ञब्रह्मा आचार्य श्री राकेश शुक्ला सम्मिलित रहेंगे। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। कहा कि इस तरह का भव्य आयोजन जिले में पहली बार हो रहा है। कार्यक्रम में प्रमुख यजमान पूर्व सांसद देवेन्द्र नागपाल रहेंगे जबकि प्रमुख संयोजक पूर्व चेयरपर्सन अंशु नागपाल रहेंगी। वहीं कार्यक्रम स्थल पर पंडाल आदि बनाने की तैयारी जोरों पर चल रही है।

### सम्पत्ति हड़पने के लिए पति को किया पागल घोषित

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता संवाददाता/गजरौला। सम्पत्ति हड़पने के लिये पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों ने पति को पागल घोषित करने की मंशा में पिछले सोलह महीने से अलग अलग नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती रखा, जब चचेरे भाई व बहन उसकी तलाश करने नशा मुक्ति केन्द्र पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई। पति की तहरीर पर पुलिस ने पत्नी व ससुराल पक्ष के लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना मण्डी धनौरा क्षेत्र के ग्राम चुचैला खुर्द निवासी अनुज कुमार का आरोप है कि उसकी पत्नी नीतू सिंह, साले अगम, ससुर इकाशपाल, चचेरे साले राहुल निवासीगण सब्दलपुर थाना हसनपुर जनपद अमरोहा व साढू सौरभ निवासी ग्राम पट्टी थाना रजबपुर व जशपाल फौजी निवासी ग्राम जमापुर थाना रजबपुर ने उसकी सम्पत्ति हड़पने के लिये उसे पिछले सोलह माह से गजरौला के अलग अलग नशा मुक्ति केन्द्र में भर्ती रखा है, आरोप है कि पत्नी व ससुराल पक्ष के लोग अनुज को पागल घोषित करके मारना चाहते हैं और सम्पत्ति हड़पना चाहते हैं। 16 मई को अनुज का चचेरा भाई दीपक व बहनोई समेत अन्य रिश्तेदार उसे तलाश करते हुए नगर के एक नशा मुक्ति केन्द्र में पहुंचे तो उनके साथ मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### महिला ने यूकेलिप्टस के पेड़ काटने का लगाया आरोप

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /गजरौला। एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर अपने खेत में खड़े लिप्टिस के पेड़ को काटने और विरोध करने पर जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कुमराला निवासी महिला बलवीरी पत्नी सुखपाल का आरोप है कि उसके ही खेत में लिप्टिस का एक पेड़ खड़ा था, जिसे गांव के ही मनवीर, लाले व नीतू आदि ने काट लिया। जब बलवीरी ने इसका विरोध किया तो उन्होंने जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया। सूचना पर 112 डॉयल पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस को घटना का मुकदमा दर्ज करने के लिये तहरीर दी गई है।

### भाकियू जनशक्ति के योगेन्द्र सिंह जिलाध्यक्ष मनोनीत



नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता /गजरौला। भारतीय किसान यूनियन जनशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह ने जोगीपुरा ब्लॉक गजरौला निवासी जोगेन्द्र सिंह को अमरोहा जनपद का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हें निर्देश दिया है कि वे जल्द ही जिला, तहसील, ब्लॉक और ग्राम पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

### नोडल अधिकारी ने कई जगहों के निरीक्षण कर दिए दिशा निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/ सम्भल। शासन द्वारा नामित नोड़ल अधिकारी डॉ. चन्द्र भूषण प्रबंध निदेशक पीसीएफ द्वारा निमार्णाधीन नवीन पुलिस लाइन बहजोई का निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत नोडल अधिकारी द्वारा विकासखण्ड असमोली के ग्राम सैदपुर इम्मा, में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत हर घर जल योजना का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि पेयजल पाइपलाइन के अन्तर्गत क्लोरीन युक्त पानी की सप्लाई की जाए। पम्प हाउस पर पम्प ऑपरेटर का नाम एवं मोबाइल नंबर लिखवाया जाए तथा पेयजल आपूर्ति का सुबह एवं शाम का समय भी अंकित कराया जाए।

इसके उपरांत नोडल अधिकारी द्वारा चंदौसी मंडी समिति स्थित रेलवे लाइन के पास बन रहे फ्लाईओवर का निरीक्षण किया। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि रास्ते के लिए साईन एज लगाये जाएं ताकि लोगों को कोई असुविधा न हो। नोडल अधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे अधिकारियों के साथ अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग तथा अधिशासी अभियंता आर ई डी समन्वय बनाते हुए कार्य करें। इसके उपरांत नोडल अधिकारी द्वारा पीएम श्री विद्यालय आटा का निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत गौ आश्रय स्थल कैथल चंदौसी का निरीक्षण किया, व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा गौ माताओं को माला पहनाकर एवं तिलक लगाते हुए गुड़ भी खिलाया।

### चोरी की बकरी सहित दो वांछित गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद। थाना नसीरपुर पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो वाँछित चोर गिरफ्तार किए। आरोपियों के कब्जे से चोरी की बकरी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद भी बरामद हुई है।

थाना नसीरपुर पुलिस ने कृष्ण और सलमान को चुरायी गयी बकरी व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा में बढोत्तरी कर जेल भेजा जा रहा है।

## घनश्याम दास टण्डन सरस्वती विद्या मन्दिर में हर्षोउल्लास से मनाया गया मदर्स-डे

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो अमरोहा।



धनश्याम दास टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा में मातृ दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विधालय की प्रबंधिका अंजलि टण्डन ने गणेश भगवान को पुष्प अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से यूकेजी के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने माताओं से सम्बंधित अनेक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। चाईनी विशपर व विशपर एक्शन गेम के माध्यम से यह वताने की कौशिश की गयी की कभी कभी देखी सुनी बाते भी गलत हो सकती हैं। अतः सभी माताओं को सही समय पर टीचर से मिलकर बात को समझ लेना चाहिए। माताओं ने अध्यापिकाओं के साथ विभिन्न खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रबन्धिका श्रीमती अंजलि टण्डन ने बच्चों को बताया कि माता एक अमूल्य रत्न होती है।

माँ का सम्मान हमेशा करना चाहिए। उनके प्यार, दुलार, ममता का कोई मोल नही हो सकता। कार्यक्रम के अन्त में विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमति जूही राज ने कहा कि माता, पिता को ईश्वर की तरह पूजना चाहिए। हम सभी माताओं और मातृ आकृतियों को उनके निस्वार्थ प्यार समर्थन और मार्गदर्शन के लिए हार्दिक धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की सभी अध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

## अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी पर किया हवन पूजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



अमरोहा। जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने जीवनमंत्र को अपने कार्यों से चरितार्थ करने वाली पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी स्मृति में गांव झनकपुरी में आयोजित कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर उनके आदर्शों को स्मरण किया।

हवन-पूजन कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर यह संकल्प लिया कि धर्म, न्याय और सेवा के पथ पर चलकर समाज के उत्थान में योगदान दें। त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत आयोजित मंदिर सज्जा एवं आरती कार्यक्रम में भी सहभागिता कर भगवान शिव की आरती की तथा उपस्थित सभी कार्यकताओं को मां अहिल्याबाई के जीवन, योगदान एवं उनके सुशासन के प्रेरक प्रसंगों से अवगत कराया।

अहिल्याबाई ने सतासीन होते ही जिस धर्मनिष्ठ न्याय के पथ को चुना, वह आज भी हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनके अ?द्वितीय नेतृत्व और सनातन धर्म की पुनर्स्थापना हेतु किए गए कार्यों को कोटिशः नमन। मनोज शर्मा, विरेन्द्र लोहिया, महेश खडगवंशी, मोहित तंवर, अरुण प्रधान, हरवीर सिद्धू, मोनू यादव, अमित चौधरी, चमन कसाना, अमित खडगवंशी, आयुष चौधरी आदिमौजूद रहे।

## समर कैम्प में खेल प्रतियोगिताएं हुई आयोजित



नेशनल एक्सप्रेस

बिजनौर/नगीना । नगर के एमएम इंटर कालेज में चल रहे समर कैम्प के अंतर्गत चौथे दिन छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। जिसमे विभिन्न प्रकार के खेल व प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। एम एम इंटर कॉलेज नगीना में चल रहे समर कैम्प के अंतर्गत चौथे दिवस के कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर के दिशा निदेर्शानुसार में हुआ। कैम्प के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों के बीच रंगोलों प्रतियोगिता, म्यूजिकल चेयर, रेस, रस्साकशी और रस्सी कूद भी करायी गईं। शनिवार को कैरियर गाइडेंस पर शेख शहजाद अहमद (संयोजक) द्वारा छात्र छात्राओं को जानकारी दी गई। पहली बार हो रहे समर कैंप में विद्यालय के लगभग सौ छात्र छात्राए बड़े उत्साह पूर्वक भाग ले रहे है। साथ ही सभी छात्र छात्राओं के अभिभावक भी बड़ी खुशी से समर कैम्प में भेज रहे हैं। इस कार्यक्रम में मास्टर शहजाद अहमद, शुमायला और शाजिया ने शनिवार के कार्यक्रम कराए। विद्यालय में चल रहे कार्यक्रम में प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने भी छात्र छात्राओं को कैरियर गाइडेंस के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

## नवागंतुक एएसपी ने संभाला कार्यभार, अपराधों पर लगाम रखना बताई मुख्य प्राथमिकता

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता ओमपाल सिंह



अमरोहा। बीते दिनो उत्तर प्रदेश शासन ने प्रदेश में तैनात 18 पीपीएस अधिकारियो का तबादला कर इधर से उधर किया है ।शासन के द्वारा जारी तबादला सूची में अमरोहा के अपर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह का भी नाम है ।उनका तबादला जिले में कार्यकाल की निर्धारित समय अवधि पूरी होने के कारण किया गया है ।उनको मथुरा नगर भेजा गया है ।जबकि उनके स्थान पर फिरोजाबाद में तैनात तेज तर्रार और अपराधो पर प्राथमिकता के तौर पर लगाम कसने वाले अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदौरिया को अमरोहा जिले का अपर पुलिस अधीक्षक बनाया है ।शासन ने यह फेरबदल अपराधो पर नकेल कसने तथा अपराधियो को सलाखो के पीछे भेज कर पीड़ित और फरियादियो को न्याय दिलाने के लिए किया है।

नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश भदोरिया ने जिले में कार्यभार संभाल लिया है ।उन्होंने बताया कि जिले में अपराधियो को पकड़ कर सलाखों के पीछे भेजकर अपराधो पर अंकुश लगाना ही उनकी प्राथमिकता में शामिल है ।नवागंतुक अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियो की फरियाद सुनना और पीड़ितो को न्याय दिलाना भी उनकी जिम्मेदारी है ।उन्होंने कहा कि अपराधियो को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा ।जिस प्रकार का भी कोई अपराध करेगा अपराध के आधार पर उसके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी और जिले में शांति व्यवस्था को कायम रखा जाएगा ।कानून का उल्लंघन करने वाले और कानून तथा शांति व्यवस्था के साथ खिलवाड़ करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा ।उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन जनता के साथ है ।किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें और शांति व्यवस्था कायम कर पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## कार्यालयः— ग्राम पंचायत फरीदा बरौली विकासखंड हाथवंत जनपद फिरोजाबाद

पत्रांकः मीमो/निविदा/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/ मनरेगा योजना/एस बी एम (स्वच्छ भारत मिशन)/अन्य मद। दिनांकः 25/05/2025

### अतिअल्पकालीन निविदा

ग्राम पंचायत फरीदा बरौली के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/ मनरेगा योजना/एस बी एम (स्वच्छ भारत मिशन), अन्य मद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में उपलब्ध धनराशि एवम धनराशि की प्रत्याशी में स्वीकृत कार्य योजना के अनुसार निर्माण कार्यों हेतु अंकित विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है जिसकी कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमत्रित की जाती है। पंजीकृत आपूर्तिकत्ताओ फर्म / संस्थाओ को सूचित किया जाता है कि इच्छुक निविदादाता दिनांक 25/05/2025 से दिनांक 28/05/2025 दोपहर 2 बजे तक निविदा मू० रू 200.00 का नगद / डीडी जो कि ग्राम निधि प्रथम ग्राम पंचायत फरीदा बरौली के नाम बनवाकर किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत फरीदा बरौली के कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। दिनांक 28/05/2025 तक ग्राम पंचायत फरीदा बरौली के कार्यालय में मोहरवन्द लिफाफे में 3:00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है ।जो उसी दिवस साय 4:00 बजे निविदादाता अथवा प्रतिनिधियो के समक्ष खोली जाऐगी।

| कम | सामग्री का नाम | सामग्री की मात्रा | इकाई प्रति | इकाई दर | सामग्री का | धरोहर राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट बैग | 1600 | बैग | 371 | 593600 | 2 प्रतिशत | 1 वर्ष |
| 2 | फाइन सैंड | 140 | घन मी | 1995 | 279300 | | |
| 3 | कोरसेंड | 124 | घन मी | 2835 | 351540 | | |
| 4 | स्टोनग्रिट 10-16 mm | 120 | घन मी | 2300 | 276000 | | |
| 5 | स्टोनबिलास्ट 40 mm | 140 | घन मी | 2323 | 325220 | | |
| 6 | प्रथम श्रेणी ईंट | 20000 | प्रति हजार | 7.05 | 141000 | | |
| 7 | ब्रिक बैलास्ट | 90 | घन मी | 1200.00 | 113400 | | |
| 8 | आयरन सरिया/पाइप/लोहे की चादर/एंगल | 40 | कु. | 7250 | 290000 | | |
| 9 | आयरन गेट व खिड़की | 10 | कु. | 8000 | 800000 | | |
| 10 | प्लास्टिक बैंक | 40 | नग | 4500 | 180000 | | |
| 11 | कूड़ा दान | 8 | नग | 12000 | 96000 | | |
| 12 | इंसीनेटर | 2 | नग | 20000 | 40000 | | |
| 13 | समरसेबल सामान | 2 | नग | 45000 | 90000 | | |
| | स्वच्छता किट | 10 | नग | 6000 | 60000 | | |
| | वॉल पेंटिंग सामग्री | | | | 100000 | | |
| | | | | | | | |
| | योग | | | | 3016060 | | |

निविदा शर्तेः—1. 02 प्रतिशत जमानत धनराशि की एफ0डी0आर सम्वधित ग्राम पंचायत के पक्ष में वन्धक होगी।

2.निविदा स्वीकृत व अस्वीकृत करने का अधिकार टेण्डर समिति को होगा। 3.निर्माण सामग्री आवश्यकतानुसार घट अथवा वड सकती है। एवंम पी0डव्लू0डी के दरों के अनुसार घट/वड सकती है। 4.यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्यवाही नही हो पाती है। तो कार्यवाही अग्रिम कार्य दिवस में की जाऐगी।5.किसी भी वाद विवाद की स्थिति में न्यायालय फिरोजावाद होगा।

ग्रा0पं0वि0अधि0 ग्राम प्रधान

# जिलाधिकारी का महंत ऋषि राज गिरि महाराज ने किया स्वागत

## जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर में कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर दिए निर्देश





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

सम्भल बहजोई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखंड पवांसा के मां कैला देवी धाम पर पर्यटन के दृष्टिगत निरीक्षण किया। सर्व प्रथम जिलाधिकारी का मां कैलादेवी धाम के महंत ऋषि राज गिरि महाराज द्वारा स्वागत किया तथा जिलाधिकारी द्वारा माँ कैलादेवी एवं श्री कैलेश्वर महादेव के दर्शन किये। जिलाधिकारी द्वारा पर्यटन विभाग द्वारा मंदिर में कराये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया तथा परिक्रमा मार्ग को चेक किया तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा के अन्तर्गत मिट्टी के कार्य को सुनिश्चित किया जाए तथा मरम्मत को लेकर भी निर्देशित किया। जिलाधिकारी द्वारा मंदिर में राज्य योजना के अन्तर्गत पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों यात्री शेड, मंच, तथा शौचालय कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया। संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि शौचालयों में टायलीकरण का कार्य किया जाए। जिलाधिकारी ने मंदिर में स्थित वाटिका का भी निरीक्षण किया तथा औषधीय वृक्षों को देखते हुए जिलाधिकारी ने इसको संजीवनी वाटिका ( मनरेगा पार्क ) के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए तथा प्रभागीय वनाधिकारी को वाटिका में स्थित वटवृक्ष को विरासत वृक्ष के रूप में घोषित करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों के सहयोग से श्रमदान कराते हुए वाटिका की साफ सफाई करायी जाए।

जिलाधिकारी ने पैमाइश तथा अतिक्रमण को हटाने तथा चहारदीवारी को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी द्वारा माँ कैलादेवी गौशाला ट्रस्ट द्वारा संचालित गौशाला का भी निरीक्षण किया तथा गोबर गैस प्लांट को संचालित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गौ माताओं को गुड़ भी खिलाया। जिलाधिकारी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय का भी निरीक्षण किया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, महंत ऋषि राज गिरि जी महाराज तथा अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक/ प्रभारी क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी तथा प्रभागीय वनाधिकारी सुश्री वंदना, उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार, अपर जिला पंचायती राज अधिकारी सीपी सिंह, खंड विकास अधिकारी पवांसा ओंकार सिंह तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं जिला पर्यटन अधिकारी मनीषा एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# दिव्य गर्भ संस्कार पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



चंदौसी सम्भल- जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, चन्दौसी में दिव्य गर्भसंस्कार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हर-वेन्द्र सिंह, संगीता भार्गव, आंकाक्षा समिति आदि के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्रभूषण ने बताया कि दिव्य गर्भ संस्कार एक महत्वपूर्ण भारतीय परंपरा है जो माता और शिशु दोनों के लिए लाभदायक है. यह माता को स्वस्थ रखने, शिशु के बहुमुखी विकास के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने और शिशु में अच्छे गुणों को विकसित करने में मदद करता है। प्रत्येक माता-पिता की इच्छा होती है कि उनके घर भी झाँसी की रानी, महाराणा प्रताप, शिवाजी, स्वामी विवेकानंद, ध्रुव, प्रह्लाद, मीरा, श्रवण कुमार, अभिमन्यु आदि जैसी संतान हो, किंतु इसको साकार करने के पीछे जो वैज्ञानिक और वैदिक चिंतन था, उसके विषय में अधिकांश जनमानस अनभिज्ञ हैं।

दिव्य गर्भ संस्कार विज्ञानह्य नारी सशक्तिकरण और परिवार संस्था को सबल बनाने तथा प्रत्येक परिवार/व्यक्ति में दिव्य शक्तियों के आमंत्रण और आगमन का आधार है। उन्होंने यह भी बताया कि जब माता-पिता किसी दिव्य आत्मा का आह्वान करते हैं, तो उनको वही शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक पात्रता भी स्वयं में विकसित करनी होती है। इसीलिए मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण के उद्घोष को साकारित कर भारत के विश्वगुरु के पुरातन वैभव और स्वर्णिम भविष्य की नींव इस ह्यदिव्य गर्भ संस्कार विज्ञानह्य ग्रंथ के माध्यम से रखकर हम देवकऋण- ऋषिऋण-पितृऋण-भूतऋण-मनुष्य/लोक ऋण-राष्ट्रऋण से उऋण हो सकते हैं। डॉ. तनवी के द्वारा गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, पोषण, और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया, जिसमें उनके द्वारा गर्भवती महिलाओं के द्वारा मोटे अनाज, दालें, मूंग, चना, राजमा, सोया और पनीर जैसे प्रोटीन स्त्रोतों के महत्व को बताते हुए अपनी दिनचर्या में शामिल करने पर जोर दिया। डॉ. श्रेयती द्वारा गर्भावस्था के दौरान संतुलित जीवनशैली, मानसिक शांति हेतु योग एवं व्यायाम के प्रयोग तथा समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में शिल्पी, नेहा, सोनल, काजल, सरिता, सोनी, प्रियांशी, आंकाक्षा के साथ-साथ लगभग 80 गर्भवती महिलाएं उपस्थित रहीं, जिन्हें फल, चना-गुड, परमल, शीतल पेय पदार्थों का वितरण किया गया।

# न्यायलय के आदेश की अवहेलना करने के आरोपी के घर पुलिस ने किया नोटिस चस्पा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



सम्भल बहजोई। थाना धनारी मे तैनात उपनिरक्षक सुधीर कुमार भाटी पुत्र ऋषिपाल सिहं निवासी ग्राम चिटहरा थाना दादरी जनपद गौतम बुद्ध नगर ने थाना धनारी प्रभारी निरक्षक को दिए प्रार्थना पत्र मे बताया की मुकदमे मे फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतू काफी प्रयास किया गया जिसके बाबजूद भी गिरफ्तार नही हुआ तथा काफी समय से फरार चल रहा है। अभियुक्त शाकिर उपरोक्त के विरुद्ध दिनांक 17.10.2024 को न्यायालय से एनबीडब्लू प्राप्त कर गिरफ्तारी हेतू दबिशे दी गयी। परन्तु अभियुक्त दस्तियाब नही हुआ तथा गिरफ्तारी न हो पाने की स्थिति में दिनांक 02/04/2025 को न्यायालय चन्दौसी जनपद सम्भल से 84 बीएनएसएस का वारन्ट प्राप्त कर दिनांक 08/09.04.2025 को मुझ उ०नि० द्वारा नियमानुसार तामील करके ढोल नगाडो पिटवाकर तथा गावं मे मुनादी कराकर फरार अभियुक्त की उदघोषणा की गयी। तथा अभियुक्त शाकिर उपरोक्त के मुख्य द्वार एवं गावं के मुख्य चौराहे व सार्वजनिक स्थानो पर आदेश की प्रति चस्पा की गयी, उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही के बाद भी अभियुक्त शाकिर उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतू बार बार दबिश देने के बाद भी अपनी गिरफ्तारी से बचता रहा है। तथा अपनी मौजूदगी किसी अज्ञात स्थान पर छिपाये हुये है। अभियुक्त द्वारा न्यायालय के आदेश की घोर अवहलेना की गयी है। जो कि अन्तर्गत धारा 209 बीएनएस का अपराध है।और बताया कि मेरी सूचना पर अभियुक्त शाकिर उपरोक्त के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 209 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कराने की कृपा करे।

## न्यूज ब्रीफ

### साक्षी सेवा समिति ने समर कैम्प मे बच्चों को ड्राइंग करने सिखाया

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता/चंदौसी। शनिवार को साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल के तत्वाधान में डी.वी. पब्लिक स्कूल में ग्रीष्म कालीन प्रशिक्षण शिविर ( समर कैंप) के पंचम दिन का किया आयोजन ' शनिवार को डी वीं पब्लिक स्कूल मे पांचवे दिन समर केम्प का आयोजन किया है ' कार्यक्रम का आरम्भ साक्षी चंदौसी स्टार की अध्यक्ष रेनू शर्मा, मीरा दुबे ने दीप प्रज्ज्वलित करके प्रार्थना की। उसके बाद सभी प्रशिक्षकों ने बच्चों प्रशिक्षण देना शुरू किया। डांस टीचर प्रिया चौहान ने बच्चों को ग्रुप डांस ये देश हैं वीर जवानों का, अलबेलों का मस्तानों का इस देश का आखिर क्या कहना, डांस करना सिखाया। ढोलक टीचर विमलेश शर्मा व सुनीता शर्मा द्वारा बच्चों को ढोलक के ताल पर भजन की प्रैक्टिस कराई गई।मेंहदी टीचर श्रेया द्वारा बच्चों को मेंहदी के सुंदर डिजाइन सिखाए गए। बच्चों ने बहुत उत्साह से मेहंदी लगाना सीखा। ड्राइंग टीचर निधि गुप्ता ने बच्चों को ड्रॉइंग ओर क्राफ्ट सिखाए गए ।ब्यूटीशियन रेनू शर्मा ने फेशियल के साथ साथ पुनः थ्रेडिंग करना सिखाया। साक्षी चंदौसी स्टार की सदस्य मीरा दुबे दमयंती सिंह,शालिनी गोयल, जयश्री आदि सदस्य बहुत मेहनत से अध्यक्ष रेनू शर्मा को समर कैंप में सहयोग किया। पूजा पाल,रेनू सैनी,रूबी, द्वारा भी समर कैंप में सहयोग किया।



### चोरी के माल के साथ आरोपी गिरफ्तार

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार/चंदौसी। पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व पुलिस क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में जनपद सम्भल में शनिवार को कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये गये अभियान मे चोरी का 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया है। आपको बताते चलें कि थाना बनियाठेर-दिनांक 15.05.2025 को थाना बनियाठेर पर पीड़ित आमिल रजा पुत्र नसर्दीन निवासी ग्राम जनैटा थाना बनिवाठेर जनपद सम्भल की तहरीरी सूचना कि अज्ञात चोर द्वारा पीड़ित के घर में रात्रि के समय कुम्बल लगाकर सामान चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना बनियाठेर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था।शनिवार को थाना बनियाठेर पुलिस टीम द्वारा मु0 बी0एन0एस0 में वांछित अभियुक्त रजी उर्फ रजिया पुत्र बाबू निवासी ग्राम जनैटा थाना बनियाठेर जनपद संभल को मुखबिर की सूचना पर सम्भल चंदौसी रोड अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त की निशा देही पर चोरी किये दो पाजेब, एक सोने का हार, एक अंगुठी सफेद धातु व एक मोबाईल ओपो व 14000 रुपए नकद अभियुक्त द्वारा बतायेनुसार उसके घर के पीछे से बरामद किया ' आरोपियों को 30नि0 संजय कुमार थाना बनियाठेर जनपद सम्भल,हे0का0 अरुण कुमार, कां0 दीपक भाटी के द्वारा गिरफ्तार कर न्यायलय भेजा गया।



### लक्ष्मी नारायण मन्दिर में हर साल की भाति बड़ी धूमधाम से हुआ साई बाबा का भण्डारा

नेशनल एक्सप्रेस गौरव कुमार/चंदौसी। शनिवार को अजय गर्ग प्रतिमा गर्ग निवासी गाजियाबाद ने आपने माता पिता की याद में सन 2013 में साई बाबा की मूर्ति की स्थापना कराई थी पिछले 12 साल से ये लोग हर साल गाजियाबाद से आकर नरौली मे साई बाबा का भण्डारा कराते है आज सुबह साई बाबा के दरबार को फूलों से सजाया गया उसके बाद पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर में महिलाओं ने भजन कीर्तन किया तत्पश्चात साई बाबा का भोग लगाकर भण्डारा शुरू किया गया जो देर शाम तक चला जिसमे कस्बे सहित आसपास के गांव से आये लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर मौजूद रहे अजय गर्ग प्रतिमा गर्ग ऊषा गुप्ता इन्द्रेश शर्मा लता शर्मा राजा गुप्ता लवीना गुप्ता लड्डू जी गणेश चौबे पुजारी रितु रानी सर्वेश गुप्ता अशोक गर्ग दीपांशु ओमवती रस्तौगी अनुज रस्तौगी वैभव सहित बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



# ट्रांसफार्मर मे लगी भीषण आग पहुंची दमकल टीम ने आग पर पाया



नेशनल एक्सप्रेस अंशुल सिंह

चंदौसी। शनिवार खुर्जा गेट मंडी के पास नाले पर रखे 630 केवी के रखे ट्रांसफार्मर सुबह 11.30 बजे वहा तार मे फाल्ड होने से जो आग निकली बहा पड़े कूड़े के ढेर ने आग पकड़ ली जिसके बाद कूड़े मे लगी आग से 630 केवीं के ट्रांसफार्मर आग लग गई आग जिसके बाद सूचना पर पहुंची दमकल टीम ने करीब आधे घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया । शनिवार की सुबह साढ़े ग्यारह बजे हनुमान गढ़ी बिलजी उपकेंद्र क्षेत्र मे एक 630 केवीं के ट्रांसफार्मर में स्पार्किंग होने से निकली चिंगारी से पास मे पड़े कूड़े के ढेर ने आग पकड़ ली। कुछ ही देर में कूड़े में लगी आग ने विकरांल रूप धारण कर लिया और पास रखे 630 केवी के ट्रांसफार्मर ने आग पकड़ ली। ट्रांसफार्मर भी धू-धू कर चलने लगा और आग की ऊंची-ऊंची लपटे निकलने लगी। वही स्थानीय लोगो का आरोप है की हमने कई बार इसमें से तेल रिसने की शिकायत भी की लेकिन कोई भी सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद आज ये परिणाम देखने को मिला है । लोगो के द्वारा दी गई घटना सूचना पर पहुंची दमकल पुलिस ने आग पर पानी की बौछार मारनी शुरू कर दी। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। ट्रांसफार्मर में लगी आग से कई मोहल्ला के लोगो को परेशानीका सामना करना पड़ रहा है ' आचार जान, शेखान, गोपाल मोहल्ला, तेलियान, खातियान, मोहल्ला रुस्तगी, जवाहर रोड, नान मोहल्ला व अस्थायी खुर्जा गेट के करीब 5 हजार की आबादी प्रभावित हो गई। जेई वरुण कुमार ने बताया कि आग लगने से क्षतिग्रस्त हुए 630 केवी ट्रांसफार्मर को दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। शनिवार की देर रात तक आपूर्ति सुचारू होने की संभावना जताई जा रही है।

# अलमारी का ताला तोड़ लाखों के जेवर चोरी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता

चंदौसी । थाना कुढ़फत्तेगढ़ के गाँव रहोली मे शुक्रवार के देर रात्रि अज्ञात चोरो एक घर को निशाना बना लिया और वहा से करीब छह लाख रुपए के करीब के अलमारी मे से ताला तोड़ कर चोरी कर ले गए ' गांव रहोली निवासी जाने आलम पुत्र जाहिद खां ने पुलिस को दी तहरीर मे बताया की वह अपने परिवार के साथ रहता है। शुक्रवार की रात को खाना खा कर जाने आलम परिवार के साथ आंगन में सो गया। रात को चोर दीवार से कूद कर घर में घुस गये जिसके बाद कमरे में रखी आलमारी का ताला तोड़ कर उसमे रखे जेवर चोरी करके ले गए। जबकि परिजन आंगन में सोते रहे। जब शनिवार की सुबह परिजन सोकर उठे तो उन्होंने कमरे मे जाकर देखा तो उनको चोरी की जानकारी हुई ' उसके बाद जाने आलम ने बताया कि चोरो के द्वारा की गई चोरी मे 2 सोने के हार, 1 जोड़ी पाजेब, 1 टीप, 1 दोड़ी बाली, 1 सोने का पेंडिल, 1 सोने की अंगूठी, 1 कंठ माला, 1 ताबीज अज्ञात चोरो ने चोरी की चोरी किये गए जेवर की कीमत 6 लाख रुपये बताई। बताया कि रात को कमरे का ताला नहीं लगाया था। चोरों ने कमरे में अलमारी के ताले तोड़ जेवर चोरी कर फरार हो गए। घटना की तहरीर थाने में दी गई है।



# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खंदी में जा घुसी

नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता



चंदौसी। शनिवार की दोपहर 1 बजे गांव गुमथल से तेज रफ्तार पर आ रही कार चन्दौसी की ओर । मंडी चौकी के पास आकर कार ने अपना आपा खो दिया और सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर से टकराकर खंदी में जा घुसी।वही चालक विनोद कुमार सकुशल बच गया। और हादसे में ट्रांसफार्मर भी मामूली रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। और कार ज्यादा क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद चालक कार को खंदी में छोड़कर चला गया और दोपहर 2 बजे कुछ लोगों के साथ पहुंचा और कार को खंदी से बाहर निकाला। वहीं ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने की सूचना पर विद्युत विभाग के कर्मचारी भी पहुंच गए। जिसके के बाद आसपास के लोगो की मदद से कार चालक अपनी कार लेकर वहा से चला गया।

# सुलह समझौता केंद्र पर काउंसलरों ने 13 परिवारों को मिलाया

नेशनल एक्सप्रेस बिंटू शर्मा



बहजोई सम्भल। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की देखरेख में चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की एक मीटिंग आज सुबह 10:30 बजे पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में महिला सेल प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद की देखरेख में संपन्न हुई जहां पति-पत्नी के मध्य हुए आपके विवादों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया जहां कुल 84 पत्रावलियों को सुनकर 24 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया जिसमें से 1 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की संतुति की गई एवं 13 परिवारों को मिलाया गया तथा 10 पत्रावली न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने एवं अन्य कारणों से बंद की गई इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल विधि परामर्दता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट तथा काउंसलर श्रीमती संगीता भार्गव पूनम अरोरा कंचन महेश्वरी बबीता शर्मा श्वेता गुप्ता सीमा आर्य तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक ज्योति उषा रश्मि गहलोत आदि लोग उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में थाना कैलादेवी में थाना समाधान दिवस का हुआ आयोजन

## डीएम ने थाना कैलादेवी का वार्षिक निरीक्षण कर देखीं थाने की सभी व्यवस्थाएं वं चेक किये रजिस्टर

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो




सम्भल। शासन के मंशानुरूप थाना समाधान दिवस में आये हर फरियादियों की समस्या के त्वरित निस्तारण के लिए जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में विकासखंड पवांसा के अन्तर्गत थाना कैलादेवी में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया ।

जिलाधिकारी ने कहा कि थाना समाधान दिवस में जमीनी विवादों की शिकायतों को सूचीबद्ध कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर जाकर बिना किसी पक्षपात के उन शिकायतों का समयावधि के अंदर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चत कराए ताकि फरियादियों को बार-बार अपनी शिकायत को लेकर इधर-उधर भटकना न पड़े।पैमाइश से संबंधित शिकायतों को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

महिला उत्पीड़न को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मार्ग पर अतिक्रमण के प्रकरण में संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि इसका शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने थाना कैलादेवी का वार्षिक निरीक्षण भी किया। सीसीटीएनएस कक्ष को चेक किया ऑनलाइन शिकायत एवं पंजीकरण को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने बंदीगृह,महिला हेल्प डेस्क, माल गृह, सम्पत्ति गृह एवं थाने के मेस को चेक किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने त्यौहार रजिस्टर, लंबित विवेचना रजिस्टर, जीडी रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि चेक किये एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आज थाना समाधान दिवस में 9 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें 5 प्रार्थनपत्रों का तत्काल निस्तारण किया एवं शेष के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा कैला देवी में राजकीय हाईस्कूल के लिए चिन्हित भूमि को देखा एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा तथा सहायक पुलिस अधीक्षक/ प्रभारी क्षेत्राधिकारी सम्भल आलोक भाटी, प्रभागीय वनाधिकारी वंदना , उप जिलाधिकारी सम्भल वंदना मिश्रा,जिला विधालय निरीक्षक श्यामा कुमार, तहसीलदार सम्भल धीरेन्द्र सिंह,खंड विकास अधिकारी पवांसा ओंकार सिंह एवं थानाध्यक्ष थाना कैला देवी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


## संपादकीय

# गर्म सिंदूर वाला लहू

**पहलगाम** नरसंहार को एक माह बीत चुका है। उन मासूम, बेगुनाह लोगों के हत्यारे और बहन-बेटियों का सिंदूर उजाडने वाले पापी कहां हैं, यह सहज सवाल हमारे भीतर भी खदबदा रहा है। हम देश की सेना और सुरक्षा बलों के साहस, पराक्रम और जांच पर रत्ती भर भी सवाल नहीं कर रहे हैं। उन्होंने 3000 संदिग्धों या आतंकियों के 'जयचंदों' से पूछताछ कर सुराग टटोलने की कोशिशें की हैं। कुछ गिरफ्तारियां भी की गई हैं। बीते 10-12 दिनों में कुछ आतंकियों और घुसपैठियों को ढेर भी किया गया है। यह आलेख लिखने तक जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में सेना और सुरक्षा बलों ने कुछ आतंकियों की घेराबंदी की थी और मुठभेड़ जारी थी। खुफिया लीड थी कि जैश-ए-मुहम्मद के 3-4 आतंकी उस इलाके के जंगलों में छिपे हैं। दरअसल पहलगाम नरसंहार आज भी एक जिंदा और प्रासंगिक मुद्दा है। उसी के संदर्भ में प्रधानमंत्री मोदी ने बीकानेर में लोगों को संबोधित करते हुए जो रौद्र रूप दिखाया है, वह अभूतपूर्व है और उसमें पहलगाम में सिंदूर मिटाने, उजाडने की चिंता और आक्रोश भी निहित है। प्रधानमंत्री इसे गुस्सा या आक्रोश ही नहीं मानते, बल्कि समर्थ भारत का रौद्र रूप और न्याय का नया स्वरूप मानते हैं और यही 'ऑपरेशन सिंदूर' है। प्रधानमंत्री ने यहां तक कहा कि उनकी रगों में लहू नहीं, गर्म सिंदूर बह रहा है ।जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है ।जब सिंदूर बारूद बन जाता है, तो उसके क्या नतीजे होते हैं, यह दुश्मन ने देख लिया है।' प्रधानमंत्री मोदी के ये शब्द अभिधात्मक नहीं हैं, बल्कि सिंदूर के प्रतीक के तौर पर लाक्षणिक हैं। प्रधानमंत्री अब भी पहलगाम और सिंदूर की त्रासदियों से जुड़े हैं। यह राजनीति नहीं है। कोई भी चुनाव सामने नहीं है। बिहार और राजस्थान के बीच व्यापक दूरियां हैं। बीकानेर के एयरबेस से कुछ ही दूरी पर, सीमापार, पाकिस्तान का रहीम यार एयरबेस है, जो ध्वस्त होने के बाद आईसीयू में पड़ा है। न जाने अब वह कब खुलेगा। प्रधानमंत्री ने देश को बताया है कि सिंदूर उजाडने का बदला लिया जा चुका है, प्रण पूरा किया गया है।

प्रधानमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि यदि अब कोई आतंकी हमला भारत पर किया जाएगा, तो उसका करारा जवाब दिया जाएगा। हम आतंक और उसके सरपरस्तों को अलग-अलग नहीं समझेंगे, लिहाजा करारा जवाब पाकिस्तान, उसकी फौज और अर्थव्यवस्था को भी झेलना पड़ेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को यहां तक चेतावनी दी है कि उसे पाई-पाई को मोहताज कर दिया जाएगा। विडंबना यह है कि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस प्रधानमंत्री के संबोधन और सरोकारों को 'फिल्मी डॉयलॉग' करार दे रही है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री खोखले भाषण देना बंद करें। कैमरे के सामने ही आपका लहू गर्म क्यों होने लगता है? कांग्रेस लगातार सवाल दाग रही है कि जब हालिया संघर्ष में भारत ने पाकिस्तान का बहुत कुछ तबाह कर दिया था, तो अचानक युद्धविराम क्यों किया गया? अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में युद्धविराम क्यों किया गया? आखिर हम पीओके तक पहुंच कर उसे वापस लेने में नाकाम क्यों रहे? ऐसे कई सवाल हैं, जिनके जवाब विदेश मंत्रालय और हमारे डीजीएमओ दे चुके हैं। दरअसल आज के संदर्भ में 1971 का भारत-पाक युद्ध और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी प्रासंगिक हैं। 1972 में 'शिमला समझौते' के बाद तत्कालीन सैन्य फील्ड मार्शल जनरल सैम मॉनकशॉ ने इंदिरा गांधी के सामने जो टिप्पणी की थी, हम उसे लिख नहीं सकते। अलबत्ता कांग्रेस बखूबी जानती है कि तब युद्ध में पाकिस्तान के 93,000 से अधिक फौजियों के आत्मसमर्पण के बावजूद भारत पीओके को अपने कब्जे में क्यों नहीं ले सका था? युद्धविराम का सवाल तब भी प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से किया गया था। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप की विश्वसनीयता पर खुद अमरीका की रपट है कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान राष्ट्रपति ने 30,573 झूठे या भ्रामक दावे किए थे। इस बार भी वह 8-10 बार बयानों को बदल चुके हैं। कांग्रेस को किसका भरोसा होगा कि युद्धविराम में उनकी कोई भूमिका नहीं थी। बहरहाल पहलगाम आज भी एक राष्ट्रीय मुद्दा है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारी सेनाओं ने आतंकवाद का फन कुचलने की दमदार नीति और रीति दिखाई है। एकजुट होकर चलने की जरूरत है।

# राजनीति में डी एन ए शब्द का प्रयोग बढ़ रहा है शब्द की मार बड़ी होती है



हृदय नारायण दीक्षित पूर्व विधानसभा अध्यक्ष

संप्रति उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बीच डीएनए को लेकर बहस है। बड़े मसलों पर राय देने की मेरी औकात नहीं है। लेकिन दिल नहीं माना। दिल तो बच्चा है जी। पाठक जी का वक्तव्य राजनैतिक था शालीन था। प्रतिपक्ष का अशालीन और अभद्र। उसे दोहराना उचित नहीं। व्यक्तिगत आरोप राजनीति को तनावपूर्ण बनाते हैं। विश्वास है कि शालीन शब्दों के प्रयोग से यह विवाद शांत हो जाएगा। ऐसे वक्तव्यों को गंभीरता से लेने का कोई लाभ नहीं। उपेक्षा से ही अपेक्षित प्रत्युत्तर मिल जाते हैं।

शब्द डीएनए खासी चर्चा में है इसका प्रयोग जब कब होता रहता है। इसका पूरा नाम 'डिऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड' है। यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में जीवों की आनुवंशिक विशेषता के हस्तांतरण के लिए जिम्मेदार है। डीएनए का अधिकांश भाग कोशिका के केन्द्रक में पाया जाता है। यह शरीर का सूक्ष्मतम मुख्य घटक है और वंशानुक्रम के शोध में सहायक है। यह विज्ञान की अद्भुत खोज है। लेकिन राजनीति के आरोप प्रत्यारोप में भी इसका चलन बढ़ा है। वैसे भी राजनीति में एक दूसरे की वंशावली खंगालते रहने वाले चर्चा में रहते हैं। डीएनए जांच की मांग चला करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने अदालती मामलों में डीएनए टेस्ट के बढ़ते उपयोग पर चिंता व्यक्त की है। राजनीति में डीएनए शब्द का प्रयोग बढ़ रहा है। शब्द की मार बड़ी होती है।

संप्रति उत्तर प्रदेश की समाजवादी पार्टी और उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के बीच डीएनए को लेकर बहस है। बड़े मसलों पर राय देने की मेरी औकात नहीं है। लेकिन दिल नहीं माना। दिल तो बच्चा है जी। पाठक जी का वक्तव्य राजनैतिक था शालीन था। प्रतिपक्ष का अशालीन और अभद्र। उसे दोहराना उचित नहीं। व्यक्तिगत आरोप राजनीति को तनावपूर्ण बनाते हैं। विश्वास है कि शालीन शब्दों के प्रयोग से यह विवाद शांत हो जाएगा। ऐसे वक्तव्यों को गंभीरता से लेने का कोई लाभ नहीं। उपेक्षा से ही अपेक्षित प्रत्युत्तर मिल जाते हैं। जीवन गंभीरता से ही नहीं चलता। मूर्खता का भी अपना आनंद है। चुटकुले मजा देते हैं। श्रोता बच्चों की तरह सुनते हैं। इस अल्प अवधि में व्यक्ति शिशु हो जाता है, लेकिन स्वयं को श्रेष्ठ समझने वाले चुटकुलों पर नहीं हंसते। वे हंसी रोकने का प्रयास करते हैं और स्वयं चुटकुला बन जाते हैं। मैं यहां स्वयं को बुद्धिमान समझने की मूर्खता से पैदा हास्य बोध की चर्चा कर रहा हूं। आइए लगे हाथ बिहार राजद के पूर्व विधायक यदुवंश कुमार यादव का एक हास्यास्पद बयान पढ़ते हैं। उन्होंने अपनी राजनीति के पक्ष में ज्ञानपूर्ण (?) बयान दिया है कि, ''ब्राह्मण रूस और अन्य यूरोपीय देशों से यहां आए थे। ये भारतवासी नहीं हैं। इन्हें रूस चले जाना चाहिए।'' यह आरोप बड़ा है। उन्होंने कहा था कि, ''डीएनए जांच से पता चला है कि कोई भी ब्राह्मण इस देश का नहीं है, वह रूस और अन्य यूरोपीय देशों से यहां आकर बस गए हैं।'' प्रश्न है कि ऐसी डीएनए जांच कब हुई? क्यों हुई? क्या रूस में ब्राह्मण थे? डीएनए रिपोर्ट पूर्व विधायक जी को कहाँ से मिली? सवाल और भी हैं-क्या रूस के सारे ब्राह्मण भारत आ गए थे या कुछ प्रतिशत ब्राह्मण वही रह गए थे? इस बात का कोई पता नहीं। जाहिर है कि वक्तव्य झूठा है।

सोशल मीडिया पर पूर्व विधायक का मनोरंजक बयान वायरल हुआ। ऐसे ज्ञान को दूर से ही नमस्कार। एक न्यूज चैनल ने 'क्या यादव ही यहूदी हैं' कार्यक्रम का प्रसारण किया। यादवों और यहूदियों को एक बताने के साथ मोजेज और श्रीकृष्ण के जीवन में समानता ढूंढने की कोशिश की। कार्यक्रम में गया कहा कि, ''चैनल की रिसर्च के अनुसार ज्यादातर



यादव मानते हैं कि वे यहूदी हैं।''

मैं जन्मतः ब्राह्मण परिवार का हूं। पूर्णकालिक सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता हूं। स्वभाव से विद्यार्थी हूं। कायदे से ब्राह्मण होने के नाते मुझे कड़ा प्रतिवाद करना चाहिए। लेकिन इस बयान से मेरा मनोरंजन हुआ है। मन प्रश्न करता है कि 21वीं सदी के भारत में भी ऐसी मूर्खतापूर्ण बातें क्यों चल रही हैं। सोशल मीडिया और गूगल बाबा के ज्ञान कोष के बावजूद मूर्खता का प्रभाव गहरा क्यों है? दुनिया के अन्य देशों में ऐसा नहीं होता। डेविड धवन की एक फिल्म में गीत है, 'इट हैपंस ओनली इन इंडिया'। बेशक राजनैतिक कार्यकर्ता से एंथ्रोपोलॉजी की जानकारी की आशा नहीं की जा सकती, लेकिन कोई स्वयं ही अपनी मूर्खता को विद्वता सिद्ध करने के लिए डीएनए की बात करे तो ऐसे व्यक्ति से न्यूनतम शालीन होने की अपेक्षा समाज का अधिकार है।

सुनते हैं कि, ''एक गली में मुर्गा मुर्गी भाग दौड़ कर रहे थे। अचानक एक गाड़ी की चपेट में आकर मुर्गी मर गई। तमाशा देख रहे एक ज्ञानी ने ज्ञान झाड़ा, ''मुर्गा मुर्गी की इज्जत लूटना चाहता था। मुर्गी ने जान दे दी। लेकिन इज्जत नहीं दी और मारी गई। ब्राह्मणों यादवों के सम्बंध में ऐसा ज्ञानवर्द्धन (?) बहुत कुछ ऐसा ही है।उपदेश बड़ा मूल्यवान होता है। यह देश का निकटवर्ती है। उप का अर्थ है निकट। जैसे राष्ट्रपति का निकटवर्ती उपराष्ट्रपति, प्रधान का निकटवर्ती उपप्रधान। मैं पूर्व विधायक को उपदेश नहीं दे सकता। वे सही बात भी नहीं सुनेंगे, क्योंकि मैं जन्मतः ब्राह्मण हूं। भारत में ब्राह्मणों की भारी जनसंख्या है। सही संख्या जाति जनगणना से पता चलेगी। सत्य के शोध और बोध की कार्रवाई में संख्या का कोई महत्व नहीं होता। मूर्खता की जांच का कोई पैमाना नहीं है। मूर्खता सरलता और मासूमियत का परिणाम भी हो सकती है और जानबूझकर की गई कार्रवाई भी। ब्राह्मणों को देश से बाहर करने या यादवों को यहूदी बताने का आग्रह करने वाले इसी किसी श्रेणी में हो सकते हैं। ब्राह्मण वर्ग का उल्लेख उत्तर वैदिक काल में मिलता है। मार्क्सवादी विचारक डा. रामबिलास शर्मा ने बताया है कि, ''ऋग्वेद में वर्ग वर्ण के अर्थ में ब्राह्मण शब्द का प्रयोग सिर्फ एक बार हुआ है। बाकी स्थानों पर ब्राह्मण का अर्थ काव्य स्तुति है। ब्राह्मण एक समूह या वर्ण/वर्ग बाद में बने। पूर्व वैदिक काल और वैदिक काल में जाति, वर्ण नहीं थे। सामाजिक विकास की कार्रवाई में श्रम का विभाजन/विशिष्टीकरण होता है। वर्गों का विकास होता है। समाज का ज्ञानवर्द्धन करने वाले, रक्षा, सुरक्षा, विधि व्यवस्था लागू करने व प्रत्यक्ष उत्पादन करने वाले वर्ग बनते हैं। वस्तुओं के रूप, गुण, स्थान में परिवर्तन करने वाले वर्ग वैश्य/व्यापारी कहे जाते हैं। उत्पादन और प्रत्यक्ष हुनरबंद लोगों का भी अलग वर्ग बनता है। सारी दुनिया के समाजों में वर्गों का विकास हुआ है। भारत में वर्ग का नाम वर्ण हो गया।

उत्तर वैदिक काल में संपूर्ण अस्तित्व को ब्रह्म कहा गया था। ब्रह्म संपूर्णता है। वेदों और संपूर्णता की व्याख्या में लिखे गए ग्रंथ 'ब्राह्मण' कहे गए। शतपथ ब्राह्मण, ऐतरेय ब्राह्मण, तैत्तिरीय ब्राह्मण, गोपथ ब्राह्मण आदि प्रमुख हैं। ज्ञान ग्रंथों के लिए प्रयुक्त 'ब्राह्मण' शब्द इसी शोध से जुड़े वर्ग के लिए भी प्रयुक्त होने लगा। यह कब जाति बना? पता नहीं? डॉक्टर बी. आर. आम्बेडकर ने भी यही कहा है कि इसका अनुमान ही किया जा सकता है। जाति उद्भव पर डॉ० आम्बेडकर का विवेचन सही है। कुछ मूलभूत प्रश्न है कि राजनीति ब्राह्मणों पर क्यों हमलावर रहती है? क्या स्वाधीनता संग्राम में भाग लेने वाले महानुभावों में इनकी संख्या कम है? दुनिया क¨ दर्शन का ज्ञान देने वाले अधिकांश भारतवासी किस वर्ग के थे? कार्ल मार्क्स ने 'मार्क्स ऐंगल्स-दि फस्ट इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस' (पृष्ठ 37) में 1853 में लिखा था, ''हम निश्चयपूर्वक, न्यूनाधिक सुदूर अवधि में, उस महान और दिलचस्प देश को पुनर्जीवित होते देखने की आशा कर सकते हैं, जहाँ के सज्जन निवासी, राजकुमार साल्टिकोव (रूसी लेखक) के शब्दों में 'इटालियन लोगों से अधिक चतुर और कुशल हैं', जिनकी अधीनता भी एक शांत गरिमा से संतुलित रहती है, जिन्होंने अपने सहज आलस्य के बावजूद अंग्रेज अफसरों को अपनी वीरता से चकित कर दिया है, जिनका देश हमारी भाषाओं, हमारे धर्म का उद्गम है, और जहाँ प्राचीन जर्मन का स्वरुप जाट में, प्राचीन यूनानी का स्वरुप ब्राह्मण में प्रतिबिंबित है।''

कोई भी समाज व्यवस्था स्वयं पूर्ण नहीं होती। सामाजिक परिवर्तन जरूरी हैं। उसकी दिशा का निश्चय जरूरी है। भारत का समाज डॉ० आम्बेडकर से प्रेरित होना चाहिए और भारत के लोग होने चाहिए गाँधी जैसे। स्वप्न डॉ० हेडगेवार जैसे-इसी जीवन में-'याचि देहि याचि डोला'। इसी जीवन में राष्ट्र का परम वैभव। सृजन, मनन, चिंतन वैदिक पूर्वजों जैसे। इस राष्ट्रधर्म निर्वहन में डीएनए की चर्चा अनावश्यक है। आइए ऋग्वेद के अंतिम सूक्त के एक मंत्र को साथ साथ गाएं, ''ओम संगछध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम/देवा भागं यथा पूर्वे संजानाना उपासते-हम सब साथ साथ चलें, साथ साथ वार्तालाप करें, सब के विचार एक हों। साथ साथ उपासना करें, साथ साथ कर्म करें।'' ऐसे ही हमारे पूर्वजों ने भी उपासनाएँ की हैं।

## 25 मई : इतिहास की अहम घटनाएं

1966 एक्सप्लोरर 32 लॉन्च किया गया। एक्सप्लोरर 32, जिसे वायुमंडल एक्सप्लोरर-बी (एई-बी) के रूप में भी जाना जाता है, पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल का अध्ययन करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा लॉन्च किया गया एक उपग्रह था। इसे डेल्टा-सी 1 रॉकेट पर केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया था। यह पांच वायुमंडल खोजकर्ताओं में से दूसरा था, पहला एक्सप्लोरर 17 था।

1979 छह वर्षीय इतन पाट्ज स्कूल जाने के रास्ते में गायब हो गया, और लाटर पहले लापता बच्चे बन गए जिनकी तस्वीर में ओनमिल कार्टन थे।

1989 मिखाइल गोर्बाचेव सोवियत संघ के कार्यकारी राष्ट्रपति चुने गए।

1991 इज़रायल ने करीब 14 हजार यहूदियों को इथोपिया से निकाला।

1995 अमेरिकी वैज्ञानिकों को पहली बार जीवित जीव के डीएनए को डीकोड करने में सफलता मिली।

2000 इज़रायल के सैनिक 22 साल के कब्जे के बाद दक्षिणी लेबनान से हट गए। दक्षिणी लेबनान पर इज़रायल का कब्जा तब हुआ जब 1982 के लेबनान युद्ध के दौरान इज़रायल ने लेबनान के हिस्सों पर नियंत्रण कर लिया। इज़राइल ने लेबनान को छोड़ दिया लेकिन दक्षिण लेबनान सुरक्षा बेल्ट के रूप में जाना जाने वाले सीमा क्षेत्र के आंशिक नियंत्रण में रहा, 2000 तक दक्षिण लेबनान सेना के साथ समन्वय में रहा। सुरक्षा बेल्ट के लिए इज़राइल का घोषित उद्देश्य अपने उत्तरी सीमावर्ती शहरों को अलग करने वाला एक स्थान बनाना था। लेबनान में रहने वाले आतंकवादी।

2001 32 साल के एरिक वेहेंमेयर माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाले पहले अंधे व्यक्ति बन गए। एरिक वेहेंमेयर एक अमेरिकी एथलीट, साहसी, लेखक, कार्यकर्ता और प्रेरक वक्ता हैं, और माउंट एवरेस्ट के शिखर तक पहुंचने वाले एकमात्र अंधे व्यक्ति हैं।

2002 रूस और अमेरिका ने मास्को संधि पर हस्ताक्षर किए। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस फेडरेशन ऑन स्ट्रैटेजिक आक्रामक कटौती (SORT), जिसे मास्को की संधि के रूप में भी जाना जाता है, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच एक रणनीतिक हथियार कमी संधि थी जो जून 2003 से फरवरी 2011 तक लागू रही थी जब इसे नई START संधि द्वारा अधिगृहीत किया गया था।

2006 नासा ने जीओईएसएन नामक मौसम उपग्रह अंतरिक्ष में रवाना किया। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पोत आधारित इंटरसेप्टर मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

2007 श्रीलंका की सरकार ने तमिल शरणार्थियों की नागरिकता पर सैद्धांतिक अनुमति दी।

2008 अमेरिकी स्पेस एजेंसी के द्वारा भेजा गया फिनिक्श रोवर मंगल ग्रह के सतह पर उतरा।

2008 नासा के फीनिक्स लैंडर पानी और सूक्ष्म जीवन के लिए उपयुक्त वातावरण की खोज करने के लिए मार्स के ग्रीन वैली क्षेत्र में उतरे। फीनिक्स मंगल ग्रह स्काउट कार्यक्रम के तहत मंगल ग्रह पर एक अंतरिक्ष अन्वेषण मिशन पर एक रोबोट अंतरिक्ष यान था। मिशन की कुल लागत लगभग $ 386 मिलियन थी, जिसमें लॉन्च की लागत भी शामिल है।

2009 उत्तर कोरिया ने एक परमाणु परीक्षण और कई अन्य प्रक्षेपास्त्रों का आयोजन किया, जिनकी अंतर्राष्ट्रीय समुदाय और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से प्रतिबंधों की व्यापक रूप से निंदा की गई।


2011 अमेरिका के मशहूर ओपरा विफ्रे शो 25 साल बाद बंद किया गया। इस हिट अमेरिकी शो की एंकर ओपरा विफ्रे थी।

2012 स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन के साथ मिलने वाला पहला व्यावसायिक अंतरिक्ष यान बन गया।

2013 जापान के 80 वर्षीय युईशिरो मिउरा माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले दुनिया के सबसे अधिक उम्र के व्यक्ति बने।

## समसामयिक

# पूंजीवाद वरदान या अभिशाप!



डॉ. सुरेश गर्ग

**वर्तमान** पूंजीवादी विज्ञापनी व्यापारिक अर्थव्यवस्था एवं तथाकथित भौतिक विकास की विश्व व्यापी स्पर्धा में जहाँ- 'बाप बड़ा न भैया सबसे बड़ा रूपइया' माना जाना हो, वहाँ तो यही कहा जायेगा कि पूंजीवाद वरदान है...! लेकिन कबीरदासजी ने धन-संपदा को-माया महाठगनी...कहा! 'बिहारी' ने- "कनक कनक ते सौ गुनी, मादकता अधिकाय। वा खाए बौराय जग, या पाए बौराय।' तुलसीदासजी ने-'श्रीमद् बक्र न कीन्ह केहि' एवं अन्य सभी महापुरुषों ने कुछ ऐसा ही कहा है। परन्तु यह भी सच है कि व्यवहारिक जीवन में दरिद्रता सबसे बड़ा अभिशाप है, जिससे बिना लक्ष्मीजी के छुटकारा नहीं पाया जा सकता! शायद, इसीलिए लक्ष्मीजी के दो रूप श्रीः और लक्ष्मी एवं दो सवारियाँ कमल और उल्लू बताये गये हैं। श्रेयसमार्गी उनको कमल और प्रेयसमार्गी कामी पुरुष उसे उल्लू की तरह धारण करके काली रात में काली कमाई की सुरक्षा के लिए जागता रहता है। जबकि कौटिल्य ने अर्थ को तो प्रधान कहा है 'अर्थ एव प्रधानः'। उसके साथ यह भी कहा- 'अन्याय (अधर्म) से अर्जित धन से किया दान-पुण्य का फल नहीं मिलता।' व्यवस्था चाहे वह सामंती, प्रजातांत्रितक या साम्यवादी हो, कोई भी बिना अर्थ के नहीं चल सकता! धर्म में भी- "भूखे पेट भजन न होये गोपाला कहा है!"

कौटिल्य का अर्थशास्त्र सबसे सफल राजनीतिशास्त्र के रूप में जाना जाता है। राजा के लिए 'राजधर्म' निबाहने के लिए भरा खजाना चाहिए 'मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को पालै पोसें सकल अंग।' परन्तु आज जब प्रजातंत्र, साम्यवाद, समाजवाद, सर्वोदय, वसुधैव कुटुम्बकम या फिर वैश्वीकरण की बात की जाती है, तो यह भी मानना चाहिए कि ये सब बिना अर्थ के नहीं चल सकते! परन्तु जब इनमें पूंजीवाद हावी हो जाता है, तब उसे अभिशाप बनने में देर नहीं लगती! क्योंकि राजशाही में तो उस पर संपूर्ण नियंत्रण राजा एवं राज्य खज़ाने का होता है; परन्तु प्रजातंत्र में वह कतिपय पूंजीपतियों की हाथ की कठपुतली-सा बन जाता है। नतीजतन राज्य व्यवस्था (राजनीति) से लेकर व्यापारिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक व्यवस्थाओं पर उनका नियंत्रण स्थापित होता जाता है, जिसका उदाहरण दो सौ वर्ष पहले भारत में आयी विदेशी व्यापारिक कंपनी-ईस्ट इंडिया कंपनी थी...। आज तथाकथित रिपब्लिकन अमेरिका अपनी फितरत दिखाता है! जबकि भारतीय संस्कृति में राज्य व्यवस्था अर्थ पर आधारित होने के बावजूद 'प्रेयस' और 'श्रेयस' दोनों पक्षों को बराबर से बनाये रखती रही है। यदि राजसूय एवं अश्वमेध यज्ञों द्वारा धन-संपदा एकत्रित की जाती थी, तो हर्ष जैसे राजाओं द्वारा अपना खज़ाना जनता के लिए खोल दिया जाता था। अतः अर्थ वरदान भी बन सकता है और अभिशाप भी! राक्षस 'बलि' ने उसे वरदान बना लिया और राक्षस रावण ने अभिशाप!

भारतीय धर्मशास्त्रों में चतुर्विध पुरुषार्थ के अंतर्गत धर्ममय अर्थ और काम की बात की है- धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष। लेकिन आज वहीं धर्म, यहाँ भी प्रपंची विज्ञापनी व्यापारिक कर्मकांड एवं दान-पुण्य आदि रूपों में बाजारवादी होता नज़र आता है! धर्मस्थलों पर मंडी की तरह 'बोली' लगते-लगाते देखी जा सकती हैं! ऊँची बोली लगाकर काली कमाई के बल पर मंच एवं अग्रिम पंक्ति में जगह और संचार माध्यमों में सुर्खियाँ पायी जा सकती हैं! कुछ रईस लोगों के लिए धर्म-तीर्थस्थलों पर आधुनिक सुख-साधनों की व्यवस्था की जाने के कारण मनचले लोग उनका तीर्थाटन के नाम पर तफरी एवं मौज-मस्ती के साधन के रूप में दुरुपयोग करते नज़र आते हैं! धंधेबाज़ अपना अंधा धंधा कर लेते हैं! यदि इसमे राजनीति जुड़ जाये तो एक पंथ कई काज हो जाते हैं! जबकि अर्थ और काम का मूल- धर्म है।

गीता में भगवान ने कहा है-'मैं वही काम हूँ जो धर्म के अनुकूल है।' धर्माविरुद्धो भूतेषु कामोऽस्मि भरतर्षभ।' वरना खाना, पीना, सोना, भय आदि नितकर्म मनुष्य और पशु में ज्यादा अंतर नहीं रखते हैं। अतः अर्थ और काम में विचरते समय धर्ममय परिचलित होना ही पुरुषार्थ है। कठोपोनिषद् में कहा है- "न साम्परायः प्रतिभाति बालं प्रमाद्यन्तं वित्तमोहेन मूढ़म्" 'जो धन के मोह से मोहित हो रहा है, ऐसे प्रमादी मूढ़, अविवेकी पुरुष इसी लोक को सब कुछ मान कर आसुरी प्रवृत्ति में जीते हैं।' वहीं तुलसीदासजी ने कहा- "गोधन, गजधन, बाजिधन और रतनधन खान। जब आवे संतोष धन सब धन धूरि समान।।" अतः क्या आज फिर देश में सांस्कृतिक पुनर्जागरण का समय आ गया है, जिसमें यह तय करना चाहिए कि पूंजीवाद के सम्मोहन पर निर्भर रहना है या सही में रामराज्य का समतावाद लाना है; जिसकी परिकल्पना गांधी हिंद स्वराज्य में ग्राम स्वराज्य के माध्यम से कर गये हैं!

*"कबीर यह संसार है, जैसा सेमल फूल। दिन दस के व्यवहार में, झूठे रंग न भूल।।"*

# नर्क का रास्ता: भारतीय 'विकास' का ठेकेदारी मॉडल!



बृज खंडेलवाल

धूल फाँकती सड़कें, भरभराकर तेज़ी से गिरकर ढहते पुल, और मलबे में तब्दील होते स्कूल – यही है हमारे 'विकास' की हक़ीक़त ! जिस भारत में सरकारी तिजोरी से हज़ारों करोड़ रुपये पानी की तरह बहाए जाते हैं, वहाँ अवाम के हिस्से में आता है बस घटिया काम और टूटे वादे। यह ठेकेदारी की व्यवस्था असल में मुल्क की तरक्क़ी को लूटतंत्र में बदल चुकी है, जहाँ गुणवत्ता को क़ुर्बान करके भ्रष्टाचार का महाभोज चल रहा है। ये ऐसा ज़हर है जो भारत के विकास को अंदर ही अंदर चाट रहा है।

कागज़ी घोड़े और अंतहीन इंतज़ारसरकारी टेंडर हासिल करने वाली बड़ी कंपनियाँ, कागज़ों पर अपनी काबिलियत का डंका बजाने के बाद, काम को छोटे-छोटे ठेकेदारों में बाँट देती हैं। ये छोटे ठेकेदार, जो पहले से ही कई परियोजनाओं में उलझे होते हैं, काम को अनंत काल तक खींचते रहते हैं। जैसे कोई बूढ़ा शायर अपनी नज़्म को दोहराता रहे, उसी तरह यह काम भी कभी ख़त्म होने का नाम नहीं लेता। 2023 की कैग (CAG) रिपोर्ट चीख़-चीख़कर बताती है कि 60% सड़क परियोजनाएँ समय पर पूरी नहीं हो पातीं, और तो और, उनकी लागत 40-50% तक बढ़ जाती है। क्या यह सिर्फ़ लापरवाही है या कोई साज़िश ?

**मौत का साया:** ढहते ढाँचेयह सिर्फ़ पैसों की बर्बादी नहीं, बल्कि इंसानी जानों की बर्बादी भी है। 2022 में मुंबई का एक फ्लाईओवर गिरा, जिसमें 5 बेक़सूर लोग मौत के मुँह में समा गए। जाँच हुई तो पता चला – ठेकेदार ने सीमेंट में रेत मिला दी थी ! यानी, मुनाफ़े की हवस में उसने लोगों की ज़िंदगियों से खिलवाड़ किया। 2023 में बिहार के एक स्कूल की छत ढह गई, जिसमें 12 बच्चे ज़ख़्मी हुए। वजह? निर्माण सामग्री में घपला। एनएचएआई (NHAI) के आँकड़े बताते हैं कि 30% नई बनी सड़कें पहले मॉनसून में ही उखड़ जाती हैं। क्या यह सिर्फ़ इत्तेफ़ाक़ (संयोग) है या मौत का इंतज़ार?

नेता और ठेकेदारः एक नापाक गठजोड़सरकारी अफ़सर और ठेकेदार मिलकर कॉस्ट एस्केलेशन (लागत बढ़ोतरी) का खेल खेलते हैं। टेंडर मिलते ही काम की रफ़्तार धीमी कर दी जाती है, फिर




''अतिरिक्त बजट'' की मांग की जाती है, जैसे कोई भूखा भेड़िया अपने शिकार का इंतज़ार करे। सीबीआई (CBI) के 2021 के एक केस में तो यह भी पता चला कि एक ठेकेदार ने 100 करोड़ के प्रोजेक्ट को 300 करोड़ तक पहुँचा दिया, जिसमें से 50 करोड़ अफ़सरों और सियासतदानों की जेब में गए! यह हमारे देश के खून-पसीने की कमाई है, जो ऐसे निकम्मे लोगों के

> जैसे दवा की दुकान पर प्रशिक्षित फार्मासिस्ट रखना कंपलसरी है, वैसे ठेकेदारों को भी ट्रेंड सिविल इंजीनियर्स रखना अनिवार्य किया जाए ताकि निर्माण कौशल और क्वालिटी सुधरे। देश में लाखों इंजीनियर्स बेरोजगार हैं, उनकी कॉपरेटिव्स बनवाकर ठेके उनको दिए जाएं।

हाथों में लुट रही है।हुनरमंद क्यों रहते हैं बेकार?

भारत में 15 लाख इंजीनियर बेरोज़गार हैं, लेकिन ठेकेदार अनपढ़ मज़दूरों से काम करवाते हैं ताकि कम लागत में ज़्यादा मुनाफ़ा कमाया जा सके। आईआईटी (IIT) और एनआईटी (NIT) जैसे संस्थानों के पास तकनीकी महारत (विशेषज्ञता) है, लेकिन सरकार उन्हें सीधे प्रोजेक्ट नहीं देती। क्यों? क्योंकि ठेकेदारों का ''कमीशन राज'' चलता रहे! यह मज़बूरी नहीं, बल्कि मंज़ूरी है इस भ्रष्टाचार की।

कब तक सहेंगे यह ज़ुल्म ?अंग्रेज़ों के ज़माने का हावड़ा ब्रिज और मुगलों के किले आज भी मज़बूत खड़े हैं, लेकिन आज बनी सड़कें 2 साल भी नहीं टिकतीं! क्या हम अपनी आने वाली नस्लों को यही विरासत देना चाहते हैं? अगर सरकार ने इस ठेकेदारी माफ़िया पर लगाम नहीं कसी, तो ''विकास'' के नाम पर सिर्फ़ धोखा, धूल और मौतें बचेंगी।अब नहीं तो कब? समाधान की गुहार मशीन बैंक योजनाः सरकार उद्यमियों को किराए पर निर्माण मशीनें उपलब्ध कराए, ताकि छोटे ठेकेदार भी गुणवत्तापूर्ण काम कर सकें। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनाएगा।टेंडर में टैलेंट नीतिः आईआईटी (IIT) और सरकारी कॉलेजों के छात्रों को छोटे प्रोजेक्ट दिए जाएँ, ताकि नए विचारों को मौका मिले। उन्हें अपनी काबिलियत साबित करने का मंच मिले।ज़ीरो टॉलरेंस पॉलिसीः अगर कोई ठेकेदार समय पर काम पूरा नहीं करता, तो उस पर भारी जुर्माना लगे और उसे हमेशा के लिए ब्लैकलिस्ट किया जाए। कोई लिहाज़ नहीं!यह वक्त है जागने का, यह वक्त है बदलने का! क्या हम इस अंधेरे में ही जीते रहेंगे या रोशनी की तरफ़ बढ़ेंगे?

# प्रभारी मंत्री ने जनपद में आंधी, तूफान व अतिबृष्टि से प्रभावित परिवारों को वितरित किए राहत सहायता पत्र

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो



कानपुर देहात जनपद में दिनांकः 22.05.2025 को आंधी, बारिश, ओलावृष्टि और आकाशीय बिजली जैसी प्राकृतिक आपदाओं ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इन आपदाओं के दृष्टिगत मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशों के क्रम में आज मा० मंत्री / प्रभारी मंत्री, मत्स्य विभाग, उ०प्र० डा० संजय कुमार निषाद द्वारा जिलाधिकारी आलोक सिंह की उपस्थिति में सर्वप्रथम स्व० संगीता पत्नी वकील नि०-बुधौली, तहसील सिकन्दरा, को आंधी तूफान से मृत्यु होने के कारण उनके वारिस पति श्री वकील पुत्र लल्लन बाबू नि०-बुधौली, तहसील सिकन्दरा को उ०प्र० शासन द्वारा दैवीय आपदा के अन्तर्गत अहैतुक सहायता धनराशि मु० 4,00,000.00 (चार लाख रूपये मात्र) जो कि उनके खाते में अन्तरित कर दी गयी है का राहत पत्र दिया तथा स्व० मजीद खान पुत्र अलावक्स नि० किशौर, तहसील - डेरापुर, को आंधी तूफान से मकान क्षति होने के कारण, मृत्यु होने के कारण तथा पशु हानि होने के कारण, उनकी वारिस पत्नी श्रीमती जमीला बेगम पत्नी स्व० मजीद खान नि०-किशोर, तहसील डेरापुर को उ०प्र० शासन द्वारा दैवीय आपदा के अन्तर्गत क्रमशः मकानक्षति सहायता धनराशि रु0 4,000.00 (चार हजार रूपये मात्र), पशुहानि होने पर अहैतुक सहायता धनराशि रु0 4,000.00 (चार हजार रूपये मात्र) तथा मृत्यु हो जाने पर अहैतुक सहायता धनराशि मु० 4,00,000.00 (चार लाख रूपये मात्र) जो कि उनके खाते में अन्तरित कर दी गयी है का राहत पत्र देकर दोनों परिवार के परिजनों का ढांढस बंधाया तथा आश्वासन दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार हर परिस्थिति में आप सभी के साथ है। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में हम सभी यहां आए है। मौके पर जिलाधिकारी आलोक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र द्वारा भी उनके परिवारों का ढाढस बंधाया गया। माननीय मंत्री जी द्वारा संबंधित उप जिलाधिकारी को पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने को कहा। उन्होंने तहसील डेरापुर के अंतर्गत ग्राम किसौर में जल जमाव की समस्या पर भी विशेष ध्यान देने तथा आंधी बारिश के दौरान पूरी तहसील में एक सर्वे करा कर स्थान चिन्हित कर रिपोर्ट प्रेषित करने तथा ऐसे स्थान पर सड़क पर खड़ंजा बिछाये जाने के निर्देश दिये, जिसके संबंध में जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी डेरापुर को शीघ्र आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए।

तत्पश्चात माननीय प्रभारी मंत्री जी द्वारा सर्किट हाउस में आंधी तूफान व अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों को राहत सहायता पत्र का वितरण किया। उन्होंने आंधी तूफान से प्रभावित तहसील अकबरपुर अंतर्गत छोटे पुत्र जगदीश निवासी पुर, सुशील कुमार पुत्र छोटेलाल निवासी गंगरौली, महेश पुत्र मल्लू निवासी लोहारी, विनीता देवी पत्नी श्याम सिंह निवासी आलापुर, प्रदीप सिंह पुत्र बेनी सिंह निवासी सर्वाटप्पा को राहत सहायता पत्र वितरित किए। वहीं तहसील रसूलाबाद अंतर्गत प्रमोद कुमार पुत्र मांगू लाल निवासी भैसायां को भी राहत सहायता पत्र वितरित किए।

इससे पूर्व मंत्री द्वारा जिला भाजपा कार्यालय, अकबरपुर में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थापित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया व अवलोकन भी किया।

## रसूलाबाद तहसील के भूलेख नकल काउंटर के पास गंदगी और नालियों में बह रहे दूषित पानी की दुर्गंध से लोगों को परेशानी

रसूलाबाद तहसील के भूलेख नकल काउंटर के आसपास स्वच्छता की स्थिति चिंताजनक हो गई है। काउंटर के पास फैली गंदगी और नालियों में बह रहे दूषित पानी की दुर्गंध से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

तहसील परिसर में जनरेटर के पास गंदगी का ढेर लगा हुआ है। कूड़ेदान भी कचरे से भरा पड़ा है। नकल भूलेख काउंटर के सामने बह रहे गंदे पानी से निकलने वाली दुर्गंध से लोगों के बीमार होने का खतरा बढ़ गया है। काउंटर के पास बैठने की उचित व्यवस्था भी नहीं है।

विजय नाम के एक किसान ने बताया कि खतौनी की नकल निकलवाने आए हैं, लेकिन गंदगी के कारण खड़े होना मुश्किल हो रहा है। पैर से विकलांग किसान अब्दुल रहमान ने कहा कि बैठने की कोई व्यवस्था नहीं है। नाली से आ रही दुर्गंध के बीच मजबूरी में खड़ा होना पड़ता है।

# नानचाकू एशिया टूर्नामेंट में चयनित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान समारोह किया

नेशनल एक्सप्रेस, स्वप्निल तिवारी



कानपुर, कोऑपरेटिव स्टेट दादा नगर में नानचाकू एशिया टूर्नामेंट में चयनित राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का सम्मान समारोह किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के चेयरमैन डॉक्टर रोहित सक्सेना व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कपूर और सुरेश पूरी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा सभी खिलाड़ियों को पदक व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। चेयरमैन और अध्यक्ष ने सभी खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि आप जी तोड़ मेहनत करिए और अपने हुनर को विश्व के पटल में अपने देश का नाम रोशन करें और आर्थिक सहायता के लिए हम अपनी तरफ से हर संभव कोशिश करेंगे की आपको पैसे के लिए कभी आपका खेल पीछे नहीं होने देंगे। एशिया में चयनित खिलाड़ियों को और उनकी जरूरत को हर खिलाड़ियों से पूछा और उन्होंने हर संभव मदद देने के लिए वादा किया। सीनियर कांता प्रतियोगिता में आशुतोष गुप्ता प्रथम, पलक दिवाकर द्वितीय, निवराज कुमार एवं मुकुंद वर्धन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर कांता में अथर्ववीर प्रथम, लक्ष्मीपाल द्वितीय, संकल्प एवं अभिजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया महासचिव एवम संस्थापक सिहान बाबुल वर्मा ने बताया कि

फ्री स्टाइल जूनियर में अथर्ववीर प्रथम, तनिष्क द्वितीय, लक्ष्मीपाल एवं प्रज्ञान वर्धन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही साथ वर्ल्ड नान चाकू संगठन द्वारा आयोजित गोल्डन कमबोट टूर्नामेंट में अब्दुल रहमान, भानवनारायण, ग्रंथ मोहन सक्सेना रियाज के बी विक्रांत गर्भ समर्थ आर रेनवाल, सृष्टि पाल, लक्ष्मी पाल अभिजीत सिंह, आयुष्मान तिवारी, अपूर्वी सक्सेना, आरुष बाजपेई, आर्यन बंधु तिवारी, धानी शरण, हर्षित यादव, स्नेहा मिश्रा, प्रगति सिंह, देवाशीष, वेद आर्यन पाल, ध्रुव शर्मा सरदार प्रभजोत सिंह, ग्रंथ मोहन सक्सेना, सरदार प्रभुजोत सिंह, शाहिद, दीपांशु डे, आदि ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय टेक्निकल डायरेक्टर राज प्रकाश शर्मा, जगत बाबू शर्मा राष्ट्रीय सहसचिव, योगेंद्र कुमार शर्मा उत्तर प्रदेश सचिन, विजय कुशवाहा मीडिया कोऑर्डिनेटर, अंश सिंह चंदेल कानपुर चेयरमैन, अनूप दीक्षित कानपुर अध्यक्ष, शालिनी गुप्ता उत्तर प्रदेश कोषाध्यक्ष, पुष्पा जयसवाल मौजूद रहे।

# विधायक सुरेंद्र मैथानी की कार से विधानसभा पास चोरी कंपनी के ड्राइवर और पास चोरी कराने वाले दो अन्य लोगों को अरेस्ट किया

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह

टोल टैक्स बचाने को और रास्ते में पुलिस और लोगों पर धाक जमाने के लिए कानपुर में विधायक सुरेंद्र मैथानी की कार से विधानसभा पास चोरी किया गया था। कंपनी के ड्राइवर ने ही फॉर्चुनर कार वाले अपने दोस्त के लिए यह पास चुराया था। पुलिस जांच में पता चला कि भौकाल गांठने को इस चोरी का अंजाम दिया गया था।

पुलिस ने सीसीटीवी की जांच में कंपनी के ड्राइवर और पास चोरी कराने वाले दो अन्य लोगों को अरेस्ट कर लिया है। तीनों से पूछताछ के बाद जेल भेजा जाएगा। फिलहाल तीनों से पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी से पकड़ा गया विधानसभा का पास चोरी करने वाला ड्राइवर गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी ने अपनी फॉर्चुनर कार सनी टोयोटा सर्विस सेंटर एनएच-2 रूम और क्षेत्र कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर सर्विस के लिए 17 मई को दिया था। 21 मई की शाम को विधायक ने सर्विस के बाद अपनी कार को वहां से रिसीव किया तो उसमें लगा



हुआ विधानसभा का पास गायब था।

ड्राइवर ने इसकी जानकारी विधायक को दी तो उन्होंने पहले तो कंपनी में इसकी सूचना दी। कंपनी में जांच की गई तो सीसीटीवी से सामने आया कार अंदर जाते समय पास लगा हुआ था, जबकि कार बाहर निकली तो पास गायब था।

इस पर विधायक ने महाराजपुर थाने में विधानसभा पास का दुरुपयोग होने के डर से चोरी की एफआईआर दर्ज कराई थी। महाराजपुर थाना प्रभारी संजय पांडेय ने जांच शुरू की तो सामने आया कि सर्विस सेंटर में ड्राइवर की नौकरी करने वाले कोहना निवासी अमित मिश्रा ने पास चोरी किया था।

पास चोरी करने के बाद रावतपुर निवासी मेडिकल स्टोर संचालक लकी सैनी को बेचा था। इसमें लकी सैनी का दोस्त लक्ष्य चतुर्वेदी भी शामिल था। जांच में सामने आया कि पास चोरी करने पर लकी ने अमित को 500 रुपए भी ऑनलाइन ट्रांसफर किया था।

थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि तीनों को अरेस्ट कर लिया है। लकी सैनी के पास से पास भी बरामद कर लिया है। विधायक को इस संबंध में सूचना दी गई है। उनका पास वापस कर दिया जाएगा। तीनों आरोपियों को अरेस्ट करके जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। टोयोटा कंपनी रूमा में नौकरी करने वाला कोहना निवासी अमित मिश्रा ने बताया कि रावतपुर के लकी सैनी के पास भी फॉर्चुनर कार है। उनकी कार भी सर्विस के लिए आती थी तो वह घर तक ड्राप करने जाते थ कि इस दौरान ही अमित मिश्रा और लकी की दोस्ती हुई थी। इसके बाद लकी ने कहा था कि सर्विस के दौरान किसी कार से विधानसभा का पास निकालकर देना तो अपना भी भौकाल बन जाएगा।

## नालसा साथी अभियान में आधार हेतु चिन्हित बच्चों को अपने अपने विभागों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें

कानपुर देहात राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व उ०प्र० विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में तथा जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात तेजप्रताप तिवारी के कुशल निर्देशन में नालसा साथी अभियान ₹के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु के निराश्रित का आधार हेतु सर्वेक्षण कर उन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, कानूनी सहायता इत्यादि उनके लिए लाभकारी शासकीय योजनाओं से जोड़े जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इस सम्बन्ध में हिमांशु कुमार सिंह, अपर जिला जज/नामित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कानपुर देहात द्वारा दिनांक 22.05.2025 को 'नालसा साथी अभियान के सुचारू रूप से कार्यान्वित किये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश द्वारा गठित समिति की बैठक आहूत की गयी। उक्त गठित समिति के सदस्यों को बैठक में यह निर्देश दिया गया।

# जीएसटी/इनकमटैक्स व रेरा कानून पर आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन लखनऊ जोन के चीफ कमिश्नर जीएसटी पी के कटियार ने किया

कानपुर, जीएसटी एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रस्टिन होटल में आयोजित रियल एस्टेट पर

जीएसटी/इनकमटैक्स और रेरा कानून पर आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन लखनऊ जोन के चीफ कमिश्नर जीएसटी पी के कटियार ने किया मुख्य अतिथि ने बताया कि देश की उन्नति, विकास और सुरक्षा के लिए ईमानदारी से कर का भुगतान आवश्यक है। रियल एस्टेट वर्तमान में देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य अंग है जो रोजगार के साथ साथ कर के रूप में महत्वपूर्ण योगदान देता है। विशिष्ट अतिथि कमिश्नर जीएसटी रोशन लाल ने बताया कि रियल एस्टेट में जीएसटी

की देयता के संबंध में कुछ भ्रांतियां है और इस तरह के आयोजन उन भ्रांतियां को दूर करने में बहुत मदद करता है। वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट अनिल अग्रवाल ने बताया कि यद्यपि आयकर और जीएसटी की गढ़ना रियल एस्टेट उद्योग द्वारा बनाए जाने वाले खाता वही से ही किया जाता है किन्तु





दोनों के आधार अलग अलग होने की वजह से भ्रम पैदा हो जाता है और आयकर में दिखाया जाने वाला टर्नओवर और जीएसटी

के रिटर्न में दिखाया जाने वाला टर्नओवर में भिन्नता की वजह से दोनों विभाग बिल्डर्स के खिलाफ जांच प्रारंभ कर देते है जबकि ये भिन्नता कानून के अलग अलग नियमों की वजह से होता है

कार्यक्रम में सभी अतिथियों एवं अधिकारियों का स्वागत एसोसिएशन के प्रेसिडेंट धर्मेन्द्र श्रीवास्तव ने किया उन्होंने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हाल ही में जीएसटी डिपार्टमेंट ने बताया कि अभी हाल में शहर के कई बिल्डर्स पर RERA कानून के तहत दाखिल सर्टिफिकेट के आधार पर जांच की कारवाही की गई है अतः सभी बिल्डर्स को आयकर जीएसटी और रेरा में दाखिल सर्टिफिकेट का आपस में मिलान करके रखना चाहिए।

इंदौर से आए वक्त सीए पंकज शाह ने प्रथम सत्र में रियल एस्टेट में आयकर की बारीकियों का विश्लेषण किया और बिल्डर्स द्वारा बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया।

दूसरे सत्र में लखनऊ से आए वक्त दीपक कुमार ने बताया कि सरकार सब को घर और समय से घर की अवधारणा पर काम कर रही है। सभी खरीददारों को रियलिटी प्रोजेक्ट की सही जानकारी हो इस लिया रेरा कानून के तहत समय समय पर पोर्टल में जानकारी उपलब्ध करानी है अंततः बहुत भारी पेनल्टी का प्रावधान है।

अंतिम सत्र में जोधपुर के वक्त अर्पित हल्दिया ने रियल एस्टेट पर जीएसटी की देयता और उसकी जटिलताओं के बारे में बताया वही उन्होंने बताया कि एक बार प्रोजेक्ट कंप्लीट होने और ऑथोरिटी से कंप्लीशन सर्टिफिकेट मिलने के बाद फ्लैट की बिक्री पर कोई जी एस टी की देयता नहीं होगी कमर्शियल कंस्ट्रक्शन पर 12 प्रतिशत का कर देयता होगी कार्यक्रम का संचालन का छवि जैन ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पीयूष अग्रवाल, अरुण गुप्ता, प्रखर गुप्ता, शिशिर शुक्ल, ऋषभ मिश्र, संकल्प भल्ला, दीप मिश्र आदि लोग उपस्थित रहे।

# थाना दिवस: जिनसे है शिकायत, वही करते हैं सुनवाई, नहीं हो रहा भरोसा, इसलिए कम हो रहा रुझान

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**कानपुर** - महराजपुर थाना अधिकांश शिकायतें पुलिस और तहसील से संबंधित होती हैं.कहीं पुलिस तो कहीं लेखपाल, कानूनगो से शिकायत रहती हैं.थाना दिवस में यही सुनवाई के दौरान यह मौजूद भी रहते हैं और निस्तारण करने लिए भी इन्हीं को भेजा जाता है.

समस्या यह भी है कि जिनसे शिकायत हैं, उनके सामने ही उनकी शिकायत करने से भी लोग बचते हैं. कानपुर के जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर के यहां रोज फरियादियों की कतार लगी रहती है, लेकिन थाना दिवस में फ़रियादी अफसरो के पहुंचने का इंतजार करते रहते हैं.

वहीं हाथीपुर ग्राम प्रधान मोहन सिंह ने शिकायत करते हुए बताया की गाँव में सरकारी ज़मीन पर चकरोड में क़ब्ज़ा कर लिया गया वहीं लगातार ग्राम प्रधान के द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई लेकिन राजस्व विभाग के अधिकारी कार्यवाही की साहस नहीं जुटा सके इतना ही नहीं बल्कि ग्राम प्रधान मोहन सिंह ने आरोप लगाते हुए बताया कि लेखपाल कि साठगाठ से सरकारी ज़मीनो और चकरोडो में क़ब्ज़ा किया जा रहा हैं.

मौक़े पर मौजूद कानूनगो लक्ष्मीकांत पांडेय ने लेखपाल को आदेशित करते हुए सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त करवाने की बात कहीं.वहीं भंदासा गाँव निवासी बुजुर्ग महिला ने बताया कि सौतेली माँ मेरी नातिन को रात में लेकर कही चली गई है.

थाना समाधान दिवस में सात शिकायते पहुंची तो कहीं इक्का-दुक्का ही शिकायतो का निस्तारण हों सका।

# सांसद ने की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक, दिये निर्देश

नेशनल एक्सप्रेस, डी के सिंह

कानपुर देहात जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक मा0 सांसद देवेन्द्र सिंह भोले की अध्यक्षता व मा0 जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी आलोक सिंह की उपस्थिति में मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक में लिये गये निर्णयों के अनुपालन की समीक्षा विभागवार की गई। जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान एक्सीयन जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद की कुल परियोजनाओं में से 202 परियोजनायें पूर्ण हो चुकी हैं, सम्बन्धित स्थानों पर रोड रीस्टोरेशन का कार्य कराया जा रहा है। मा0 सांसद द्वारा जल जीवन मिशन के तहत करायें जा रहे कार्यों को गुणवत्तापूर्ण रूप में कराने तथा समयान्तर्गत रोड रीस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ जन-जन तक पहुंचे यही उद्देश्य है, इस कार्य में यदि लापरवाही पायी



जाए तो नियमानुसार कार्यवाही की जाये। मा0 सांसद जी द्वारा कुछ गांवों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान समिति द्वारा अकबरपुर नगर पंचायत अन्तर्गत जल निगम नगरीय द्वारा कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी जिस पर सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि अकबरपुर नगर पंचायत अन्तर्गत कुल 11 टैंक, 25 ट्यूबवेल तथा 270 कि0मी0 पाईपलाईन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। मा0 सांसद जी ने निर्देशित किया कि नगर निकायों में कार्य कराने से पहले मा0 जनप्रतिनिधियों से सुझाव प्राप्त किये जायें तथा प्रस्तावित कार्यों के डी0पी0आर0 आदि के बारे में अवगत कराया जाये। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मा0 सांसद जी ने कहा कि जो भी बिन्दु समिति के समक्ष उठायें जा रहे हैं उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जायें, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये कि किसी भी उपभोक्ता का अनावश्यक परेशान न होना पड़े, ट्रान्सफार्मर से सम्बन्धी शिकायत अथवा बिद्युत बिल से सम्बन्धित शिकायत, लोड बढ़ाने अथवा घटाने या अन्य प्रकरण पर तत्काल कार्यवाही की जाये, शासन के मंशानुरूप रोस्टर के अनुरूप बिद्युत आपूर्ति की जाये। उन्होंने कहा कि अभी हाल में आंधी के कारण जहां-जहां विद्युत आपूर्ति बाधित हुई हो वहां शीघ्र व्यवस्थाओं को दुरूस्त कर आपूर्ति बहाल की जाये। मा0 सांसद जी ने कहा कि अकबरपुर नगर पंचायत से सम्बन्धित सभी क्षेत्रों को एक फीडर से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु डी0पी0आर0 तैयार किया जाये। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए मा0 सांसद जी को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 04 अन्तर्गत सर्वे का कार्य प्रगति पर है, इस योजना के तहत ऐसे गांवों को मुख्य मार्गो से जोड़ा जायेगा जो अभी तक किसी भी सड़क से जुड़े हुए नही है, जिस पर मा0 सांसद जी ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि प्रस्ताव उपलब्ध करायें। मा0 सांसद जी ने कहा कि पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत बनाये जा रहे सड़कों एक चरण के उपरान्त जांच कराकर अगले चरण का कार्य प्रारम्भ किया जाऐ। एनएचएआइ की समीक्षा के दौरान मा0 सांसद जी ने कहा कि हाईवे पर प्रस्तावित कार्यों (रनियां ओवर ब्रिज, मेडिकल कालेज अण्डरपास आदि) पर शीघ्र अतिशीघ्र कार्यवाही की जाये।

# बीजेपी विधायक की गाड़ी का पास चुराने वाले तीन गिरफ़्तार



नेशनल एक्सप्रेश ब्यूरो

कानपुर- महराजपुर थाना क्षेत्र स्थित रुमा टोयोटा शोरूम में कानपुर शहर के गोविंद नगर बीजेपी विधायक सुरेंद्र मैथानी की फॉर्च्यूनर गाड़ी सर्विस के लिए आई थीं वहीं विधायक की गाड़ी में लगा पास तीन युवकों ने भौकाल गाठने के लिए चोरी कर लिया वहीं विधायक ने पुलिस से पास चोरी के मामले में मुक़दमा दर्ज कराया दरअसल पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों की पहचान की।

गिरफ्तार आरोपियों में अमित कुमार मिश्रा (42), लकी सैनी (19) और लक्ष्य चतुर्वेदी (19) शामिल हैं।अमित कुमार मिश्रा पुराना कानपुर के कोहना इलाके का रहने वाला है। लकी सैनी इंद्रापुरी शारदा नगर का और लक्ष्य चतुर्वेदी रॉयल इनक्लेव लखनपुर का निवासी है। तीनों आरोपियों के पास से चोरी किया गया विधायक पास बरामद हुआ है।

पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में किया पेश पुलिस ने इस मामले में थाना महाराजपुर में धारा 305/317 (2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया हैं.

# शुभम द्विवेदी के घर पहुंचे असम के मंत्री रंजीत कुमार, पत्नी ऐशान्या को सौंपी 5लाख की चेक

नेशनल एक्सप्रेश ब्यूरो

कानपुर। पहलगाम में पिछले महीने 22 तारीख को हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को गहरा घाव दिया था वहीं आतंकवादियों ने घूमने गए कई परिवार के लोगों को मौत की नींद सुला दिया. जान गवाने वालों में कानपुर शहर के रहने वाले शुभम द्विवेदी का नाम भी शामिल था.वहीं आज असम सरकार के मंत्री रंजीत कुमार दास ने शुभम के घर पहुंचकर उनके परिवार वालों से मुलाकात की. साथ ही मंत्री रंजीत कुमार दास ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और परिवार के लोगों को ढाढ़स बंधाया और परिवार को असम मुख्यमंत्री की ओर से 5 लाख रुपये की चेक भेट की .

मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा और असम के लोग इस अपूरणीय क्षति की घड़ी में शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा है. राष्ट्र के लिए उनके



बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा.''पहलगाम आतंकी हमले में जान गवाने वाले शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने मंत्री रंजीत कुमार दास के दौरे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या द्विवेदी ने कहा, ''वे शुभम को श्रद्धांजलि देने और हमारे परिवार को भावनात्मक समर्थन देने के लिए यहां आए थे. उन्होंने हमारे साथ बहुत अच्छी तरह से बात की और हमारे परिवार की मदद भी की. मैं इसके लिए उनका धन्यवाद करती हूं.''क़रीब आधा घंटा के तक़रीबन रुके असम के मंत्री मीडिया से रूबरू होते हुए रंजीत कुमार दास ने बताया की देश के प्रधानमंत्री और तीनों सेनाओ ने आतंकियों के ख़िलाफ़ कठोर कार्यवाही कि हैं।

# सिख वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया

कानपुर, सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष सरदार गुरविंदर सिंह छाबड़ा (विक्की) ने प्रेस वार्ता में बताया कि सिख समाज के लिए काला अध्याय जब सन 1984 में तत्कालीन कांग्रेस की सरकार द्वारा सिखों पर दो बड़े नरसंहार किए गए पहले सिखों के सर्वोच्च धार्मिक स्थल श्री हरमंदिर साहिब पर टैंको से तोपों से को अंदर भेज कर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की बेदबी और सिख धार्मिक स्थलों को निस्ता नाबूत करने का प्रयास जिसमें सैकड़ो लोगों की जान गई इसी कड़ी में इसी वर्ष सन 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में जब उनके अंगरक्षकों उनकी हत्या कर दी तब पूरे देश में सिखों का नरसंहार कांग्रेस सरकार द्वारा प्रारंभ हो गया और पूरे देश में पुराने मुगलों के समय को याद दिलाते हुए सिखों की पगड़ी और सर का मूल्य लगाया गया और जहां सिख समाज के लोग दिखे उनका बड़ी संख्या में नरसंहार किया गया पूरे भारत में दिल्ली



में कानपुर में और बोकारो में सबसे ज्यादा सिख नरसंहार हुआ कानपुर में वैसे तो आधिकारिक रूप से 127 लोगों को शहीद होना पड़ा पर अन आधिकारिक रूप से यह संख्या हजारों में थी क्योंकि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के बैठे अधिकारी सिख समाज के लोगों की मदद ना कर कर उनके लिए कांग्रेस की एजेंट बनकर बैठे थे कानपुर में हुए 127 लोगों के नरसंहार की ही बहुत संघर्ष के बाद एफ.आई.आर हो पाई गोविंद नगर विधानसभा के विधायक सुरेंद्र मैथानी जो सिख समाज के साथ हमेशा हमेशा कंधे से कंधा मिलाकर दिन-रात खड़े रहते हैं जब सिख वेलफेयर सोसाइटी में अपना यह प्रस्ताव गोविंद नगर के विधायक जी को 2022 में दिया तब क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र मैथानी जी ने इसको शहर स्वीकार किया और उन्होंने कहा कि मेरी कार्यकाल में ऐसा स्तंभ बने का तो मेरे लिए बहुत प्रेरणादायक बात रहेगी तब 31 अक्टूबर 2022 को इस चौराहे पर सन 1984 में जो शहीद हुए थे उनकी अरदास का कार्यक्रम चैन फैक्ट्री चौराहे पर रखकर इस दिन से इस चौराहे पर शहीद स्तंभ बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई थी चैन फैक्ट्री स्थित चौराहे पर जो शहीद स्मारक बनाया जा रहा है जिसमें जो कानपुर के 127 लोग इस नरसंहार में शहीद हुए थे उनके नाम को अंकित किया जाएगा।

## मोदी के कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की पूरी कहानी बयां करेगा

कानपुर में 30 मई को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की पूरी कहानी बयां करेगा। भाजपा उत्तर कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रकाश पाल ने कार्यक्रम को लेकर मीडिया से बात करते हुए कहा कि कार्यक्रम में लगने वाली सभी होर्डिंग में ऑपरेशन सिंदूर की तस्वीरें होंगी।

## अज्ञात कारणों से युवक की मौत

कानपुर महराजपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर चौकी अंतर्गत एक युवक की मौत हो गई वही सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुँची पुलिस जाँच पड़ताल में जुट गई जानकारी के मुताबिक़ परिजनों ने बताया की रामबाबू शराब का लती था रोज़ाना शराब पीकर घर वापस आता था साथ ही परिजनों ने बताया की रामबाबू की बिजली का करंट लगने से मौत हुई है फ़िलहाल पुलिस मामले को लेकर उलझती नज़र आई पुलिस का कहना है की पीएम रिपोर्ट आने से ही घटना की जानकारी हो सकेगी.

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दिनेश कुमार अग्रवाल द्वारा संस्था अग्रवाल सभा, केयर ऑफ दिनेश कुमार मौहल्ला कायस्थान, हसनपुर जिला अमरोहा का चेयरमैन दर्शाते हुए संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री 1.राजीव अग्रवाल -वाईस प्रेसीडेन्ट, 2.दिनेश कुमार अग्रवाल-चेयरमैन, 3.आदेश कुमार-मैनेजर, 4. रमेश चन्द्र गुप्ता-ट्रेजरार, 5.विमल कुमार-वाईस प्रेसीडेन्ट, 6.रावेन्द्र कुमार जिन्दल - जनरल सेकेट्री, 7.लवकेश अग्रवाल- वाईस प्रेसीडेन्ट दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से
(आनन्द विक्रम सिंह)
सहायक निबन्धन

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं को घरेलू हिंसा की दी जानकारी



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति अभियान फेज 05 शनिवार को महिला सुरक्षा दल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी व महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेन्टर 181,साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930,स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102,एम्बुलेन्स सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। मिशन-शक्ति-अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों द्वारा पुलिस की पाठशाला,चौपाल लगाकर जागरूकता के क्रम में महिलाओं,बालिकाओं को जागरुक किया गया ।

## साइबर क्राइम के प्रति छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में साइबर थाना पुलिस टीम द्वारा पीएमएस पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओ एवं अध्यापको को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया गया तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन नम्बर 1930 व राष्ट्रीय साइबर अपराध रिर्पोटिंग पोर्टल के बारे में जानकारी दी गई। शनिवार को

साइबर क्राइम पुलिस ने कंप्यूटर अपराध द्वारा कई प्रकार से किये जाते है, जैसे कि जानकारी चोरी करना, जानकारी मिटाना, जानकारी मे फेर बदल करना, किसी कि जानकारी को किसी और को देना या कंप्यूटर के भागो को चोरी करना या नष्ट करना। साइबर अपराध जैसे कि स्पैम ईमेल, हैकिंग, फिशिंग, वायरस को डालना, किसी की जानकारी को ऑनलाइन प्राप्त करना या किसी पर हर वक़्त नजर रखना। ऐसी विषमस्थितियों में छात्र-छात्राओं व अध्यापकों को जागरुक कर उनको साइबर अपराध से बचने की जानकारी दी गई।

## संक्षिप्त समाचार

### विदेश से नोकरी करके लौट रहे व्यक्ति का अपहरण करने की कोशिश,पुलिस मुठभेड़ में दो गिरफ्तार



मूंढापांडे।सऊदी अरब से लौट रहे व्यक्ति व उसको लेने गए अन्य लोगों की मूंढापांडे थाना क्षेत्र में अपहरण की कोशिश की गई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी बंधकों को मुक्त करने में सफल रही।पुलिस ने सभी बंधकों को मुक्त कराया पुलिस ओर बदमाशों की मुठभेड में दो बदमाश गिरफ्तार दोनों बदमाशों राजा और तौफीक के लगी गोली।जबकि दो बदमाश पुलिस को चकमा देकर फरार होने में कामयाब हो गए।दोनो बदमाशों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।पुलिस अन्य फरार बदमाशों की तलाश में जुटी,बदमाशों को सऊदी अरब से लौट रहे लोगों के पास सोना होने की आशंका जताई गई थी।मुरादाबाद के मूंढापांडे थाना क्षेत्र अंतर्गत सऊदी अरब से लौट रहे छह लोग अगवा किए गए।जिसमें दो बदमाश पुलिस मुठभेड में घायल हुए।बदमाशों को सऊदी लौट रहे लोगों के पेट में सोना छिपाकर लाने की मिली थी सूचना।मुरादाबाद के दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर कार सवार बदमाशों ने खुद को पुलिस बताकर सऊदी अरब से लौट रहे रामपुर के छह लोगों को अगवा कर लिया।बदमाश उन्हें मूंढापांडे क्षेत्र के एक फार्महाउस ले गए और पेट में छिपा सोना निकालने के लिए चीरने की तैयारी कर रहे थे।एक व्यक्ति के शोर मचाने पर ग्रामीण पहुंचे और पुलिस को सूचना दी, पुलिस मुठभेड़ में दो बदमाश राजा और तौफिक घायल होकर पकड़े गए जबकि दो अन्य भागने में फरार रहे।

### ऑल इंडिया पत्रकार एकता सम्मेलन 25 को मुरादाबाद में

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

मुरादाबाद।शनिवार को मुरादाबाद में ऑल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन की मुरादाबाद कार्यालय पर बैठक आयोजित हुई।जिसमें कार्यक्रम को सफल बनाने की मांग की गई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहमत अली पत्रकारों की मीटिंग में मुरादाबाद पहुंचे और उन्होने जनपद के सभी पत्रकारों से सम्मान समारोह को कामयाब बनाने की मांग रखी।राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहमत अली का स्वागत किया वही रहमत अली ने सभी पत्रकारों से मीटिंग में बातचीत करते हुए बताया मुरादाबाद में करुले पर ऑल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन द्वारा पत्रकार सम्मान समारोह 25 मई को होने जा रहा है।सभी पत्रकार बंधुओं सम्मेलन में भाग ले और सभी पत्रकार जनपद के करुले की पुलिया पर हमराही बैंकट हॉल में ज्यादा से ज्यादा तादाद में पहुंचे यह पत्रकारों की मीटिंग तहकीकात टीवी 24 के पत्रकार मोहसिन सलमानी की अध्यक्षता में हुई इस मीटिंग में ऑल इंडिया पत्रकार एकता एसोसिएशन की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष रूबी किन्नर भी उपस्थिति रही।इस दौरान मोहसिन सलमानी, निजाम मुस्तफा,आलम अंसारी ,फराज खान, मोहम्मद फहीम, मोहम्मद केसर , रिजवान खान, विनोद सैनी, अंकुर सैनी,अरुण कुमार सैनी और काफी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति रही।

## राजकीय महाविद्यालय भोजपुर में योग पर पोस्टर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**

भोजपुर। गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के आदेश के अनुपालन में शनिवार को राजकीय महाविद्यालय भोजपुर, मुरादाबाद में पोस्टर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से योग के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया।

छात्र-छात्राओं द्वारा योगा फॉर वन अर्थ वन हेल्थ थीम पर पोस्टर प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नरेश कुमार ने की तथा कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेंद्र सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान ने किया। उत्कृष्ट पोस्टर प्रस्तुतीकरण के लिए प्राचार्य द्वारा सानिया बीए द्वितीय सेमेस्टर और तराना बीएससी द्वितीय सेमेस्टर का प्रेरक शब्दों के माध्यम से उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण तथा समस्त स्टाफ ने भरपूर सहयोग दिया।

## नगर निगम द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत कार्यशाला आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस संवाददाता**




मुरादाबाद। स्वच्छता प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशाला नगर निगम मुरादाबाद द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के तहत एक विशेष कार्यशाला आयोजित की गई।

जिसमें टीम को स्वच्छता के महत्वपूर्ण पहलुओं जैसे कचरा प्रबंधन, गीले-सूखे कचरे की पहचान और सफाई के स्मार्ट तरीकों पर प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और स्वच्छता को रोज़मर्रा की ज़िंदगी का हिस्सा बनाना है।आइए मिलकर संकल्प लें। सशक्त बनें सीखें और स्वच्छता को बढ़ावा दें।

टीम द्वारा छात्र-छात्राओं व स्थानीय नागरिकों को प्लास्टिक थैली, ग्लास, क्रॉकरी आदि के उपयोग से बचने की सलाह दी गई। सभी को गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग रखने और दो अलग डस्टबिन के उपयोग की जानकारी दी। कि वे पहले से ही प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े की थैलियों का उपयोग कर रहे हैं।

परिसर में डस्टबिन की व्यवस्था कर स्वच्छता बनाए रखने में सक्रिय सहयोग कर रहे हैं। यह अभियान स्वच्छता और प्लास्टिक मुक्त समाज की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

## अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी आयोजित

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



प्रदर्शनी कार्यक्रम में भाजपा के मुरादाबाद शहर विधायक रितेश गुप्ता, महापौर विनोद अग्रवाल सहित वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद

मुरादाबाद।भारत की महान वीरांगना,त्याग और न्याय की प्रतिमूर्ति,पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद महानगर भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुई।

जिला प्रदर्शनी का बतौर मुख्य अतिथि के रूप मुरादाबाद शहर विधायक रितेश गुप्ता ने फीता काट शुभारंभ किया। उन्होनें बताया यह केवल एक प्रदर्शनी नही,बल्कि माँ अहिल्याबाई जी के जीवन दर्शन, सुशासन और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की प्रेरक यात्रा का साक्षात्कार है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि नारी केवल शक्ति ही नहीं, बल्कि परिपक्व नेतृत्व, न्याय और करुणा की मूर्त भी है।

रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की स्मृति युगों तक हमें राष्ट्रसेवा और लोककल्याण की राह दिखाती रही है। न्याय की प्रतिमूर्ति, पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के अंतर्गत मुरादाबाद महानगर भाजपा कार्यालय पर आयोजित जिला प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि नगर विधायक रितेश कुमार गुप्ता एवं महापौर विनोद अग्रवाल जी,कमल गुलाटी महानगर महामंत्री एंव समस्त सम्मानित भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को किया जागरूक

**नेशनल एक्सप्रेस**




मुरादाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल मुरादाबाद के निर्देशन में चलाये जा रहे मिशन सड़क सुरक्षा अभियान के तहत दुर्घटना से सुरक्षा के संबंध में थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा सेल्फी प्वाइन्ट बनाकर लोगो को यातायात नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा सड़क सुरक्षा प्रचार-प्रसार हेतु सभी से अपने आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने हेतु अपील की गयी। आम-जनमानस की सुरक्षा हेतु लोगों को ट्रैफिक नियमों की जानकारी देकर उनको जागरुक किया गया, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें सीट बेल्ट का उपयोग करें, धूम्रपान करते समय गाड़ी ना चलाएं आदि लोगों को जागरूक किया और विभिन्न सेल्फी प्वाइंट स्थापित कर लोगों को इसके बारे में बताया।

# क्रिकेट टूर्नामेंट में जूनियर टीम ने सीनियर टीम को 35 रनों से हराया

**नेशनल एक्सप्रेस फहीम अंसारी**



मुरादाबाद। डिलारी क्षेत्र के गांव गुलड़िया माफी में टूर्नामेंट आयोजकों द्वारा गुलड़िया माफी की दोनों टीमों सीनियर टीम एवं जूनियर टीम के बीच शो मैच कराया गया।

जूनियर टीम की अगुआई गुलड़िया माफी के आयोजक अध्यक्ष महफूज खान ने की. जिसमें सीनियर टीम एवं जूनियर टीम के नौशाद इमरान खान शाहिल खान , गुलफाम, नयाब खान,मोहम्मद रिज़वान मोहम्मद वसीम आदि खिलाड़ी शामिल हुए.शो मैच में टॉस सीनियर टीम ने पक्ष में रहा। जहां टॉस जीतकर सीनियर टीम ने पहले बोलिंग करने का फैसला लिया।

जबकि बल्लेवाजी करते हुए जूनियर टीम के नौशाद खान ,शाहिल खान,गुलफाम अली इमरान ने निर्धारित 10 ओवर में कुल 113 रन बनाये। जवाब में खेलने उतरी सीनियर टीम कुछ खासा नहीं कर पाई।

जबकि जूनियर टीम के नौशाद खान ने 25 बॉल खेलकर 51 रन बनाये. इसके बावजूद सीनियर टीम के खिलाड़ी 10 ओभर में 78 रन ही बनपाये इस तरह जूनियर टीम ने यह मैच 35 रनो से जीत लिया. जबकि गुलफाम अली 3 ओवर में 11 रन देकर 2 बिकेट हासिल कर मैन ऑफ़ द मैच हासिल किया।

ग्राम प्रधान एव आयोजक अध्यक्ष महफूज खान ने मैन ऑफ़ द मैच विजेता गुलफाम अली को सील्ड देकर सम्मानित किया। मैच में अम्पायरिंग और कॉमेंट्री की भूमिका भी निभाई गयी। आयोजक महफूज खान ने बताया की शो मैच गुलड़िया माफ़ी की ही दोनों टीमों के बीच कराया गया जिसमे गांव की जूनियर टीम एव सीनियर टीम के बीच बड़ा मुकाबला रहा।

विजेता टीम को ग्राम प्रधान नजीर अली ने 10000 का नकद कैश सम्मानित किया गया।

सभी दर्शकों ने विजेता टीम का फूल मालाओ से स्वागत किया और पुरे गांव में रैली निकाल कर जीत का जश्न मनाया।

इस मौके पर आयोजक अध्यक्ष महफूज खान, ग्राम प्रधान नजीर अली, नयाब खान, मुर्तिज़ा, सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

ऊर्जा मंत्री का सख्त निर्देश

# आंधी-तूफान से प्रभावित क्षेत्रों में युद्धस्तर पर विद्युत आपूर्ति बहाल करें

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सभी डिस्कॉम के एमडी, डायरेक्टर टेक्निकल को निर्देशित किया है कि आंधी-तूफान, बारिश एवं पेड़ों के गिरने से जहाँ पर अभी भी विद्युत आपूर्ति दुरुस्त नहीं हुई वहाँ युद्धस्तर पर लगकर कार्य कराए और तत्काल विद्युत् व्यवस्था को सुधार कर आपूर्ति बहाल करें। कांटिजेंसी प्लान बनाकर विद्युत आपूर्ति के व्यवधानों को दूर करें। सभी डिस्कॉम के एमडी और डायरेक्टर टेक्निकल विद्युत् प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल स्थलीय भ्रमण कर विद्युत् व्यवधानों को दूर कराए।



उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि चाहे जैसी भी परिस्थिति बने उपभोक्ताओं के हितों के दृष्टिगत विद्युत् व्यवधान अब स्वीकार्य नहीं होगा। विद्युत् व्यवधानों और शिकायतों को अतिशीघ्र दूर करने के लिए सभी डिस्कॉम, जोन और जिले स्तर पर 24 घंटे संचालित होने वाले कंट्रोल रूम स्थापित कराए जाए।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा शनिवार को देर रात शक्ति भवन में विद्युत् आपूर्ति एवं व्यवधानों को लेकर कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की 'उपभोक्ता देवो भवः' की मंशा के विपरीत कार्य करने वाले विद्युत् कार्मिकों की मनमानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रदेश सरकार विगत तीन वर्षों से उपभोक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार विद्युत् व्यवस्था को सुदृढ़ करने का कार्य किया अब प्रदेश में अनवरत विद्युत् आपूर्ति के लिए उत्पन्न किए जा रहे व्यवधानों में किसी भी कहानी को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी भी शिकायतें आ रही हैं कि झांसी, जालौन, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, महोबा, मऊरानीपुर, कौशाम्बी, सीतापुर, हरदोई, खीरी, मेरठ, नोएडा, गौतमबुद्धनगर, कुशीनगर जिले के कुछ क्षेत्रों में अभी तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हुई है। बुंदेलखंड के ग्रामीण क्षेत्रों तथा अन्य जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में भी विद्युत् कटौती और बार बार ट्रिपिंग होने की शिकायतें आ रही हैं। विद्युत कार्यों के प्रति कार्मिकों की यह घोर लापरवाही को दर्शाता है और उपभोक्ताओं को अकारण परेशान किया जा रहा है। उन्होंने झांसी के चीफ इंजीनियर को कार्यों के प्रति उदासीनता एवं घोर लापरवाही पर तत्काल हटाने के निर्देश दिए तथा ऐसे कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए जो सरकार की मंशा के अनुरूप उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी फीडर में एक से अधिक बार शटडाउन न लिया जाए, फीडर से संबंधित जो भी कार्य कराना हो, एक ही बार में करा लिया जाए, बार-बार शटडाउन लेकर उपभोक्ताओं को परेशान न किया जाए।

उन्होंने कहा कि सीजी सिटी, लखनऊ विद्युत उपकेंद्र के निरीक्षण में एक ही दिन में 10 से अधिक बार शटडाउन लिया गया मिला, इसकी जांच कराई जाय। एक शटडाउन टेंपरेरी कनेक्शन का पीडी करने के लिए दिया गया। उन्होंने निर्देश दिए की सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिन फ़ीडरों में लोड अधिक है उनका लोड परिवर्तित कर सुचारु विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें। बार-बार ट्रिपिंग एवं शटडाउन, लो वोल्टेज और अनावश्यक विद्युत कटौती अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

**नेशनल एक्सप्रेस**



लालगंज रायबरेली - आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) श्री संजय कुमार पंकज ने दौरा किया। श्री पंकज ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने सर्वप्रथम आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के द्वारा पिछले वर्ष किये गये रिकॉर्ड उत्पादन के लिए बधाई दी। साथ ही उन्होने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में पहियों के उत्पादन को इस साल 60 हजार करने एवं इसको क्रमशः हर वर्ष बढाते हुए 80 हजार एवं इससे अधिक पहियों के उत्पादन तक ले जाने के लिए निर्देशित किया।

अपर सदस्य ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया। शेलशॉप में निरीक्षण के दौरान कोच वेल्डिंग की गुणवत्ता, साइडवाल, लेजर कटिंग मशीन, कोच रूफ वेल्डिंग, आदि को बारीकी से समझा तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया और इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से मशीन की कार्यप्रणाली के संबंध में बातचीत की। विशेष रूप से आरेडिका में लगी नई मशीनों की संचालन प्रणाली का अवलोकन किया।

श्री पंकज ने फिनिशिंग शॉप के दौरे के दौरान सामान्य यात्रियों के सफर के लिए बनने वाले दीन दयालु, स्लीपर कोचों को देखा एवं वन्देभारत कोच के प्रोटोटाइप कोच का निरीक्षण किया।

आगे इसी क्रम में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को बढाने एवं प्लाण्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया। इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राजीव खण्डेलवाल, पीएफए बीएल मीना, पीसीईई मनोज कुमार जिंदल, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, पीसीएमओ डा० आभा जैन एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट के प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### लखनऊः ट्रेजरी विभाग की महिला कर्मचारी घूस लेते रंगे हाथ पकड़ी गई

लखनऊ। लखनऊ के जिलाधिकारी कार्यालय में तैनात एक महिला कर्मचारी को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी महिला की तैनाती ट्रेजरी विभाग में थी और वह पेंशन वेरिफिकेशन के एवज में रिश्वत की मांग कर रही थी।

सूत्रों के अनुसार, महिला कर्मचारी ने पेंशन सत्यापन प्रक्रिया को पूरा कराने के लिए एक लाभार्थी से अवैध रूप से धन की मांग की थी।

शिकायत मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जाल बिछाकर उसे रंगे हाथ पकड़ने की योजना बनाई। योजना के तहत तय राशि जैसे ही कर्मचारी ने ली, टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के बाद महिला कर्मचारी से पूछताछ की जा रही है और प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि यह पहली बार नहीं है जब उसने इस प्रकार की अवैध मांग की हो। मामले में आगे की जांच जारी है, और अन्य संभावित संलिप्त व्यक्तियों की भी पड़ताल की जा रही है।

जिलाधिकारी कार्यालय ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया है। विभागीय स्तर पर भी महिला कर्मचारी के निलंबन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

### 1320 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**नेशनल एक्सप्रेस**

- पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर भेजा जेल

लालगंज(रायबरेली) ।कोतवाली पुलिस टीम ने बृहस्पतिवार को डलमऊ बाइपास रोड पर ओवर ब्रिज के नीचे एक युवक को 1320 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ।महमदमऊ दतौली निवासी राजू तिवारी 1320 ग्राम अवैध गांजा लिए हुए था ।पुलिस टीम ने उसे गिरफ्तार किया ।तलाशी में उसके पास गांजा बरामद हो गया ।प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कार्यवाही की गई।

# ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में निकाली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

**नेशनल एक्सप्रेस**

सरेनी(रायबरेली) ।शुक्रवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष बेनीमाधवगंज के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में शौर्य तिरंगा यात्रा निकाली गई ।इस दौरान शौर्य तिरंगा यात्रा में शामिल सैकडों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के गगनभेदी नारे लगाए ।यह यात्रा रावतपुर कलां गांव स्थित पूर्व फौजी सुरेश सिंह के दरवाजे (झूलेश्वर महादेव मंदिर) से शुरू होकर गांव की विभिन्न गलियों से होते हुए पूर्व फौजी ओंमकर सिंह के दरवाजे पर जाकर समाप्त हुई ।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के रंग में सुरक्षा बलों के शौर्य को सलाम किया ।भाजपा मंडल अध्यक्ष बेनीमाधव गंज प्राची शालू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य क्षमता और संकल्प को एक बार फिर सिद्ध कर दिया है ।यह तिरंगा यात्रा हमारे वीर सैनिकों के सम्मान और देश की एकता का प्रतीक है ।वहीं शौर्य तिरंगा यात्रा के आयोजक भाजपा मंडल संयोजक बेनीमाधवगंज सुयश प्रताप सिंह ने कहा कि भारत ने न केवल वीरता का प्रदर्शन किया बल्कि स्पष्ट संदेश दिया कि नया भारत आतंकवाद का जवाब उसी की भाषा में देने में सक्षम है ।इस दौरान शौर्य तिरंगा यात्रा में सैकडों भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।



- ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की सैन्य क्षमता और संकल्प को एक बार फिर सिद्ध कर दिया है : प्राची शालू

# तीनों सेनाओं ने साहस से आतंकवादी संगठनों को नेस्तानाबूत कर दिखाया : निखिल पांडेय

**ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने अपने शौर्य व ताकत को दिखाया है : राजन वर्मा**

**नेशनल एक्सप्रेस**



- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर निकली गई शौर्य तिरंगा यात्रा

सरेनी(रायबरेली) ।ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में भारतीय सेना के शौर्य,बलिदान और राष्ट्र रक्षा के प्रति समर्पण को समर्पित एक भव्य शौर्य तिरंगा यात्रा भाजपा सेक्टर संयोजक निसगर राजन वर्मा के नेतृत्व में निकाली गई ।यह यात्रा जगन्नाथपुर से शुरु होकर पूरे लाल साहब का पुरवा,कोटिया एहतमाली होते हुए निसगर पहुंची जहां डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया गया ।तिरंगा यात्रा में भाजयुमो जिलाध्यक्ष निखिल पांडेय व भाजपा मंडल अध्यक्ष बेनीमाधवगंज प्राची शालू संयुक्त रुप से बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं ।हर हाथ में तिरंगा,हर चेहरे पर गर्व और हर दिल में भारत मां के लिए अटूट प्रेम दिखाई दिया ।भाजयुमो जिलाध्यक्ष निखिल पांडेय ने कहा कि तीनों सेनाओं ने अदम्य साहस से आतंकवादी संगठनों को नेस्तानाबूत कर दिखाया ।जिससे भारतवासी अपने को सुरक्षित महसूस करते हैं ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकी संगठनों पर हमला करने के लिए तीनों सेना को खुली छूट देकर भारत की जनता को सुरक्षित कर दिखाया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज भारत पुरानी नीतियों से ऊपर उठ चुका है ।आपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम ने स्पष्ट संदेश दिया कि अगर दुश्मन हमें चुनौती देगा,तो हम उसे बख्शेंगे नहीं ।देश की सेना के आपरेशन सिंदूर की सफलता ने दुश्मन देश पाकिस्तान को बर्बाद कर दिया और घुटने टेकने पर विवश कर दिया ।वहीं प्राची शालू ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने न केवल पाकिस्तान को करारा जवाब दिया,बल्कि भारतीय सेना के युद्ध कौशल को पूरी दुनिया ने सराहा ।उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा सेना के साहस और बलिदान को सम्मान देने तथा जनता को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से अवगत कराने के लिए आयोजित की गई है ।वहीं सेक्टर संयोजक राजन वर्मा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से भारतीय सेना ने अपने शौर्य व ताकत को दिखाया है ।पहलगाम हमले का बदला हमारे सैनिकों ने लिया है ।पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर आतंकवाद पर प्रहार किया है ।इस यात्रा में कार्यक्रम प्रमुख राम कुमार बाजपेयी,संदीप पांडेय,जितेंद्र यादव बूथ अध्यक्ष सज्जन प्रसाद पांडेय प्रवीण तिवारी सोनू बाजपेयी अवधेश कुशवाहा बबलू कुशवाहा अजीत शिवम पूर्व प्रधान सधोले प्रसाद वीरपाल सिंह चन्नापाल रजनू सविता पप्पू तिवारी बाबू लाल आदि दर्जनों कार्यकर्ता व सम्मानित गण शामिल रहे।

# प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य: अभिलाष कौशल

**बोले अभिलाष - जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती**



ऊंचाहार(रायबरेली)। हिंदू सनातन धर्म में जल दान सबसे बड़ा दान माना गया है ।हम सब अपने पितरों का तर्पण जल से ही करते हैं ।यह परंपरा जल के महत्व को दर्शाती है ।यह विचार भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मंत्री अभिलाष कौशल ने शुक्रवार को क्षेत्र के सवैया तिराहा स्थित सार्वजनिक प्याऊ के उद्घाटन अवसर पर कही ।मालवीय मिशन एनटीपीसी द्वारा स्थापित यह प्याऊ आम जनमानस और राजगीरों के लिए स्थापित किया गया है ।उद्घाटन अवसर पर भाजपा नेता ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। जहां जल है वहीं जीवन है ।इस परम सत्य को हिंदू सनातन धर्म ने आत्मसात किया और सदियों से जल दान हमारी परंपरा का हिस्सा है ।किसी प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है ।भाजपा नेता ने कहा कि मालवीय मिशन द्वारा ऊंचाहार के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कुल नौ प्याऊ स्थापित किए गए है ।जिसमें लोगों को इस भीषण गर्मी में शीतल जल मिल रहा है ।यह बड़ा पुनीत कार्य है ।इससे बड़ी समाजसेवा कुछ नहीं हो सकती है। इस मौके पर प्रमुख रूप से मालवीय मिशन के दयानंद मिश्र,कमल सिंह यादव,गिरजा शंकर साहू,गुड्डन यादव और विजय पाल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## महिला ने तीन युवकों पर 14 वर्षीय बेटी के अपहरण का लगाया आरोप

- पुलिस ने महिला की शिकायत पर तत्काल कार्यवाही करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला किया दर्ज

लालगंज(रायबरेली) ।कोतवाली क्षेत्र में एक महिला ने तीन युवकों पर अपनी 14 वर्षीय बेटी के अपहरण का आरोप लगाया है ।पुलिस ने मामले में केस दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़िता की मां ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गुरुवार रात करीब 8 बजे राना का पुरवा मजरे उतरागौरी गांव निवासी सानू,सूरज और अनुज उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ कहीं भगा ले गए ।पुलिस ने महिला की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर लिया और किशोरी की तलाश शुरू कर दी ।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# रेलवे स्टेशन पर बुजुर्ग साधु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नेशनल एक्सप्रेस**

गोण्डा। स्थानीय तहसील के करनैलगंज नगर क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के सामने बने चबूतरे पर शनिवार को एक साधु वेशधारी बुजुर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इससे लोगों में सनसनी फ़ैल गई। मृतक की पहचान करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम चौरी निवासी विजय कुमार गुप्ता उर्फ बाबादीन उम्र करीब 65 वर्ष के रूप में की गई है।



स्टेशन मास्टर ने उन्हें एम्बुलेंस से सीएचसी भेजवाया,जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर पहुंचे उनके पुत्र राकेश कुमार व अरविंद कुमार उर्फ बंटी ने शव की शिनाख्त की। घटना की सूचना मिलने पर कस्बा चौकी प्रभारी राजीव कनौजिया ने अपने सहयोगी पुलिस कर्मी जीतेन्द्र कुमार व अन्य के साथ पहुंचकर विधिक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गोंडा भेज दिया है। पुलिस मौत के कारणों की जांच पड़ताल में जुटी है।

# बांसवाड़ा - गायत्री मण्डल की कार्यकारिणी का पुनर्गठन

**कार्यकारिणी की बैठक रविवार शाम श्री पीताम्बरा आश्रम में**

बाँसवाड़ाः विगत छह दशक से वैदिक संस्कृति, सनातन परम्पराओं तथा प्राच्यविद्याओं के संरक्षण एवं संवर्धन के साथ ही आध्यात्मिक जागरण के लिए समर्पित संस्था गायत्री मण्डल बांसवाड़ा के अध्यक्ष डॉ. दीपक आचार्य ने पुनर्गठित कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।

इसके अनुसार मनोहर जी. जोशी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनिमेष पुरोहित उपाध्यक्ष, विनोद शुक्ल सचिव, सुभाष भट्ट सहसचिव एवं अनन्त जोशी कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कन्हैयालाल जोशी, कमलकान्त भट्ट, पं. विनय भट्ट, अरुण व्यास एवं चन्द्रेश व्यास शामिल किए गए हैं। अंजनी एण्ड राकेश एसोसिएट्स को वित्तीय सलाहकार नामित किया गया है। मण्डल के संरक्षक मण्डल में पूर्व आयुक्त दिलीप गुप्ता मुख्य संरक्षक तथा पूर्व सभापति जैनेन्द्र त्रिवेदी, जयेश जोशी, डॉ. दिनेश भट्ट, पं. नरहरिकान्त आर. भट्ट, ब्रह्मर्षि पं. दिव्यभारत पण्ड्या, शैलेन्द्र भट्ट एवं पं. विद्यासागर शुक्ल को संरक्षक मनोनीत किया गया है।

मार्गदर्शक मण्डल में लालीवाव पीठाधीश्वर महामण्डलेश्वर श्रीमहंत हरिओमदासजी महाराज, बेणेश्वर पीठाधीश्वर गोस्वामी श्री अच्युतानन्द जी महाराज, बड़ा रामद्वारा के संत श्री रामप्रकाश जी रामस्नेही एवं द्वारिकाधीश गौधाम वृन्दावन तलवाड़ा के संत श्री रघुवीरदासजी महाराज सम्मिलित हैं।

सलाहकार मण्डल में मनोहर एच. जोशी, त्र्यम्बकेश्वर ठाकोर, चन्द्रशेखर जोशी, नगेन्द्र दोसी चावलवाला, पं. श्रीहरि शुक्ल (प्रतापगढ़) एवं डॉ. भगवतीशंकर व्यास (उदयपुर) को शामिल किया गया है। इसी प्रकार 31 सदस्यीय विशेष आमंत्रित सदस्यों में भूपेश पाठक (बड़ौदा), ईश्वरदास वैष्णव, मधुसूदन व्यास, द्रोमिल त्रिवेदी (छींछ), पं. राकेश शुक्ल (सरेड़ी बड़ी), पं. पवन पाठक, ललित जरादी, मनोज नरहरि भट्ट, सुधीर चौबीसा, प. आशीष पण्ड्या(पिण्डारमा), डॉ. नवीन उपाध्याय, विनोद चौबीसा, हिरेन उपाध्याय, भंवर गर्ग(ठीकरिया), आशीष अधिकारी, अरविन्द पाठक, दीपक तेली, राजेश व्यास चौबीसा एवं किशोर पाठक प्रमुख हैं।

गायत्री मण्डल बांसवाड़ा से संबंधित महिला शाखा और युवा शाखा, मण्डल के अन्तर्गत संचालित विभिन्न परिषदों, संस्थानों, उप समितियों, व्यवस्था समितियों, श्री पीताम्बरा आश्रम से संबंधित प्रबन्ध समिति एवं उप समितियों के पुनर्गठन आदि की घोषणा कुछ दिन में की जाएगी। राजस्थान के अन्य जिलों में, ग्रामीण अंचलों में सदस्यता अभियान संचालित कर शाखाओं का गठन किए जाने की योजना को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

# फिरोजाबाद का सामौर बाबा धाम बना पर्यटन विकास का राज्य स्तरीय मॉडल

**अब राज्य सरकार की योजना है अन्य स्थलों पर भी लागू हो यह सफल मॉडल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को निर्देश- सामौर बाबा धाम का करें भ्रमण**

**नेशनल एक्सप्रेस**

लखनऊ। जनपद फिरोजाबाद के करहरा गांव में स्थित सामौर बाबा धाम का पर्यटन विकास पूरे राज्य के लिए माडल बन गया है। वजह, यहां की उच्च कोटि की स्वच्छता, संचालन, रख-रखाव, प्रबंधन और पर्यटन आकर्षण है।

राज्य सरकार के अथक प्रयास से पर्यटकों की संख्या में भी काफी वृद्धि हुई है। अब विकास का मॉडल नाथ कारिडोर बरेली और गोमती उद्गम स्थल, पीलीभीत सहित प्रदेश के अन्य स्थलों पर भी देखने को मिलेगी। सामौर बाबा धाम का भ्रमण करने के लिए क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

ग्राम करहरा सिरसागंज से पेगू मार्ग पर लगभग 03 किमी दूरी पर स्थित है। ऐसी मान्यता है कि यहां शिव दैवीय शक्ति वाली चमत्कारी मूर्तियां सैकड़ों वर्ष पूर्व स्वतः प्रकट हुई हैं। रिद्धि-सिद्धि चमत्कारी शक्तियों की अनेक घटनाएं चर्चा व किवंदतियों में सुनने को मिलती है। प्राचीन काल से ही यहाँ मोहर छठ एवं होली मेला लगता है। मेला में नव विवाहित दंपती विवाह की पगड़ी (मोहर) को विसर्जन हेतु यहां आते हैं तथा चिरंजीवी जीवन का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।

स्थल पर अविरल गंगा (गंगा का जल नहर के माध्यम से) का प्रवाह पुनः प्रारम्भ हुआ जो सरोवर में जाता है। इस प्रकार सरोवर का जल सदैव स्वच्छ बना रहता है। सरोवर की सीढ़ियां एवं दोनों ओर स्थित गजीबो भी है, जो कि परिसर के आकर्षण बढ़ाते हैं।

सरोवर में म्यूजिकल फाउटेन एवं नौकायन की सुविधा भी है। परिसर का विकास सुनियोजित ढंग से किया गया है। मुख्य मार्ग एवं ग्राम की तरफ से प्रवेश हेतु मुख्य द्वारों का निर्माण किया गया।



उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उक्त योजना का संचालन एवं कार्यों का रख-रखाव उच्च कोटि का है। हमारा प्रयास है कि राज्य के अन्य गंतव्यस्थलों पर भी यह माडल लागू हो। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को भ्रमण के लिए सामौर बाबा धाम भेजा जा रहा है। इसी क्रम में बरेली और मुरादाबाद मंडल के उपनिदेशक ब्रजपाल सिंह गए थे।

इस स्थल पर प्रमुख कार्य दो प्रवेश द्वार का निर्माण, सत्संग हॉल का निर्माण, सुलभ प्रसाधन का निर्माण, शॉप का निर्माण, पँहुच मार्ग का निर्माण, स्टोर बैंच, स्टोन डस्टविन, मन्दिर परिसर में रेड स्टोन से फर्श का निर्माण, पार्क/चिल्ड्रन प्ले ग्राउण्ड, कुंड का सुदढ़ीकरण एवं निर्माण कराया जाएगा।

# अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने उसायनी सचिवालय पर किया गोष्ठी का आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष राहुल यादव एड.व जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव का हुआ जोरदार स्वागत

### पत्रकारों व विभिन्न नौकरियों पर चयनित मेधावियों का भी हुआ स्वागत

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**

फिरोजाबाद । अखिल भारतीय प्रधान संगठन द्वारा शनिवार को ग्राम पंचायत सचिवालय उसायनी पर एक विचार गोष्ठी / सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मंडल अध्यक्ष राहुल यादव एडवोकेट एवं जिला अध्यक्ष रामनिवास यादव व विशिष्ट अतिथि अनिल शर्मा(प्रधान) जिला संगठन मंत्री,अवधेश प्रताप सिंह प्रधान (ब्लॉक अध्यक्ष नारखी),पुष्पेंद्र यादव (प्रधान) ब्लॉक संगठन मंत्री फिरोजाबाद का प्रधान पति विजय कुमार द्वारा भव्य रूप से सम्मान पत्र देते हुए स्वागत किया । इस दौरान मंडल अध्यक्ष राहुल यादव एडवोकेट व जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि अधिकारियों द्वारा प्रधानों का शोषण करते हुए मनमानी करते है तथा अनावश्यक रूप से प्रधानों पर अनुचित दबाव बनाने का काम करते हैं । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत उसायनी में लगभग 2 वर्ष पूर्व एक वृहद गौशाला का निर्माण कार्य लगभग 1 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से जिला प्रशासन की देखरेख में ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया गया था। गौ शाला का निर्माण कार्य कागजों में पूरा दशार्ते हुए उसका संचालन भी एक संस्था द्वारा कराया था लेकिन गौशाला निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के कारण गौशाला में कार्य पूर्ण न हुए जिसके चलते गौवंश भूखे प्यासे मरने लगे जिसकी जानकारी निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को जब हुई तो आनन फानन में अधिकारियों द्वारा गौशाला के संचालन के लिए ग्राम प्रधान से कहा गया तथा अव्यवस्थाओं को देख प्रधान द्वारा गौशाला को संचालित करने से जब मना किया गया तो अधिकारियों ने ग्राम प्रधान को दबाव देने के उद्देश्य से कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया । प्रधान द्वारा नोटिस के प्रति उत्तर में गौशाला में व्याप्त कमियां एवं भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया तथा लिखित रूप में जिलाधिकारी को गौशाला के निर्माण में हुई कमियों की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग की गई । जिससे बाद जिलाधिकारी द्वारा दोषियों पर कार्यवाही न करते हुए जिलाधिकारी के विरुद्ध अधिकार सीज करने की कार्यवाही की गई जिसके संबंध में ग्राम प्रधान उसायनी ने अखिल भारतीय प्रधान संगठन के नेतृत्व में अपने हक की लड़ाई के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय की शरण ली। न्यायालय ने प्रधान द्वारा डाली गई रिट अपील स्वीकार करते हुए जिलाधिकारी के आदेश को अग्रिम आदेश तक स्थगित करते हुए जवाब मांगा है । वहीं पंचायत का पुनः संचालन अब प्रधान उसायनी बृजेश कुमारी एड करेंगी ।


जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव का स्वागत करते हुए प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान पति


मंडल अध्यक्ष राहुल यादव एड.व का स्वागत करते हुए प्रधान प्रतिनिधि व प्रधान पति


हाईकोर्ट में चयनित कु.अर्चना का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी


यूपी पुलिस में चयनित केशव रावत का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी


दिल्ली पुलिस में चयनित कु.कल्पना का स्वागत करते संगठन के पदाधिकारी

### अखिल भारतीय प्रधान संगठन ने पत्रकारों का किया सम्मान

इस दौरान अखिला भारतीय प्रधान संगठन व ग्राम पंचायत उसायनी प्रधान द्वारा संयुक्त रूप से पत्रकारों को सम्मान पत्र व पट्टिका पहनाकर स्वागत सम्मान किया तथा प्रधान प्रतिनिधि ताराचंद्र ने कहा कि उसायनी गौशाला में गायों की दयनीय स्थिति व गौशाला निर्माण की कमियों को पत्रकारों द्वारा जो प्रकाशित किया गया तथा सच प्रसारित किया गया उसकी जितनी सराहना की जाए उतनी कम है ।

### विभिन्न चयनित मेधावियों का हुआ स्वागत

इस दौरान मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष राहुल यादव एडवोकेट व जिलाध्यक्ष रामनिवास यादव द्वारा केशव दृष्टि रावत निवासी नागऊ का उत्तर प्रदेश पुलिस , कल्पना कुमारी उसायनी का दिल्ली पुलिस , अर्चना कुमारी उसायनी का इलाहाबाद हाई कोर्ट में चतुर्थ श्रेणी में चयन होने पर सम्मान पत्र देकर जोशीला स्वागत किया तथा इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।

### गोष्ठी के दौरान लोग रहे उपस्थित

इस दौरान कमल सिंह बघेल , राघवेंद्र दीक्षित, गीतम सिंह बघेल , लक्ष्मण स्वरूप , अतर सिंह , ललतेश कुमार, विजेंद्र सिंह ,विपिन कुमार ,नरेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे ।

## न्यूज ब्रीफ

### मोती इंपीरियल रिजॉर्ट में पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन आज

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। पुण्यश्लोका लोकमाता देवी रानी अहिल्याबाई होलकर जन्म त्रिशताब्दी अभियान 2025 के अंतर्गत पंचायत प्रतिनिधि जिला सम्मेलन मोती इंपीरियल रिजॉर्ट वैष्णो देवी धाम मंदिर के सामने एन एच 2 पर आयोजित किया गया है ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं विशिष्ट अतिथि स्थानीय एमएलसी विजय शिवहरे, जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सुमित प्रताप सिंह उपस्थित रहेंगे ।उक्त जानकारी अभियान के संयोजक एवं जिला उपाध्यक्ष हनुमंत बघेल ने दी।

### छप्पर में अचानक लगी आग खाने पीने का माल स्वाहा

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। शनिवार को थाना नगला सिंघी के क्षेत्रांतर्गत प्रमोद कुमार पुत्र रामपाल गांव नगला सिंघी के कच्चे मकान के छप्पर में अचानक आग लग गई। जिसमें रखा उसके खाने-पीने का सामान व खटिया जलकर रात हो गई ।मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष विमलेश त्रिपाठी ने ग्रामीणों की सहायता से आग को भुजवाया और पीड़ित परिवार को ग्रामीणों के द्वारा खाने-पीने का सामान की सहायता की।

### ऑटो चालक का सराहनीय कार्य राहगीर को लौटाया खोया बैग

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो/फिरोजाबाद/टूंडला। शनिवार को एक युवक टूंडला स्टेशन पर उतर गया और ऑटो द्वारा सुभाष चौराहे पर आ गया ।युवक का बैग ऑटो में छूट गया था जिसमें एक लैपटॉप रखा हुआ था। यह प्रतीक नाम का युवक लखनऊ से गाजियाबाद जा रहा था। ईमानदार ऑटो चालक ने बैग मिलते ही थाना पुलिस से संपर्क साधा और युवक को लैपटॉप वाला बैग पुलिस की सहायता से सुपुर्द कराया। अब तक इस ऑटो चालक ने कई यात्रियों के बैग पुलिस के द्वारा लोटाये है ।ऑटो चालक बीरी सिंह अनामिका टॉकीज के पास गोल गेट का रहने वाला है। राहगीर ने ऑटो चालक व पुलिस का धन्यवाद किया।



## बाइक पेड़ से टकराई हादसे में युवक की मौत



**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो।**

फिरोजाबाद। जनपद के थाना क्षेत्र नारखी में सड़क हादसे में एक व्यक्ति जहीर की मौत हो गई। व्यक्ति अपने बहनोई हफीज खान की चालीसा में शामिल होकर रात को घर लौट रहा था। यह हादसा सलेमपुर तिराहे के पास का है। पूरा मामला थाना क्षेत्र नारखी का है। जहीर खान अपने बहनोई के यहाँ से चालीसा खा कर अपने घर लौट रहा था। तभी सलेमपुर चौराहे के पास पेड़ से टकरा गया। उनका शव रात भर खाई में पड़ा रहा। शनिवार सुबह राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि जहीर खान के घर न लौटने पर उन्होंने काफी खोजबीन की। मगर कोई सुराग नहीं मिला था। हादसे की खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस का कहना है कि तहरीर प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गिलोल चलाकर मोर मारने का आरोपी पुलिस हिरासत में

नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर/जसराना। राष्ट्रीय पक्षी मोर का आखेट करना एक युवक को भारी पड गया। लोगों ने पकडकर युवक की पिटाई लगाने के साथ ही पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों से जानकारी लेने के साथ ही युवक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पूरे मामले से वन विभाग को अवगत कराने के साथ ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की बात कही है।

थाना जसराना क्षेत्र के गांव नगला जाट में सड़क किनारे मौजूद पेड़ पर एक मोर बैठा हुआ था। तभी एक युवक ने गिलोल से कंकड मारकर नीचे गिरा दिया। वहीं पास में एक पेड़ के नीचे बैठे युवकों ने मोर को गिरते देखा तो दौडकर मौके पर गए। मौके की हालत देख युवक आक्रोशित हो गए। वहां मौजूद एक युवक मोर की गर्दन एवं पैर काट रहा था। इतने दर्दनाक तरीके से मोर की हत्या करने की सूचना पर अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया। सूचना मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची और युवक एवं ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। पुलिस ने प्रतापपुर रोड जैन भट्टा के पास गिहार कॉलोनी थाना शिकोहाबाद निवासी छोटू को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने पूरे मामले से उच्चाधिकारियों एवं वन विभाग के अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत कराया। घटना के बाद लोगों ने आरोपी के खिलाफ कडी कार्रवाई करने की बात कही है।

## भाजपाइयों ने निकली तिरंगा यात्रा

**नेशनल एक्सप्रेस/तहसील रिपोर्टर ।**

जसराना । एका में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी का कार्यकताओं ने व्यापारियों की मौजूदगी में एक में तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा के दौरान व्यापारियों व लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया । तिरंगा यात्रा में मुस्लिम तथा हिंदु भाइयों ने भाग लिया । तिरंगा यात्रा में 225 मीटर का तिरंगा लेकर एका ब्लॉक से तिरंगा यात्रा शुरू हुई जो ब्लॉक पर समापन हुआ । जिसमे ऑपरेशन से सिंदूर की सफलता के साथ भारतीय सैनिक सैनिकों के शौर्य पराक्रम की चर्चा की गई । इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर उदय प्रताप सिंह राम गोपाल लोधी चेयरमैन माया देवी सागर योगेश लोधी मानवेंद्र सिंह लोधी , धर्मेंद्र सिंह, अभिषेक चतुर्वेदी ,डॉ यशवीर सिंह पुष्पेंद्र सिंह चौहान वेदप्रकाश मिश्रा राजू मिश्रा अमरदीप चौहान आदि लोग मौजूद थे ।



## थाना समाधान दिवस पर डीएम और एसएसपी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित की उपस्थिति में थाना नसीरपुर में जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिए। डीएम ने उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद गजेंद्र सिंह को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त रूप से टीम बनाकर मौके पर भेज कर प्रकरणों को गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराये। एसएसपी ने कहा कि थाने पर आने वाली प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लें और उनका त्वरित समाधान कराये। निर्देश दिए की जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय स्तर पर ही निस्तारित करें। थाना दिवस के दौरान शिकायतकर्ता बृज किशोर पुत्र जगदीश ने अवैध रूप से कब्जा किए चकमार्ग को खाली कराने के लिए बताया। जिस पर जिलाधिकारी ने गम्भीरता से उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद व एसएचओ को संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही करने के आदेश दिए। इसी तरह शिकायतकर्ता विजेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह ने खाद के गढढे पर अवैध कब्जे का बताया। जिस पर जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिए कि संयुक्त रूप से मौके पर जाकर जांच कर कार्यवाही करने के आदेश दिएजेड इस दौरान उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद गजेन्द्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण तिवारी एवं थाना प्रभारी शिकोहाबाद अनुज राना सहित तहसील कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कायथा विकासखंड नारखी (फिरोजाबाद)

पत्रांक:मीमो/निविदा/राज्यवित्त/केंद्रीय वित्त/वर्ष 2025-26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक:25/05/2025

ग्राम पंचायत कायथा विकासखण्ड नारखी जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त /अन्य मद के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु 26/05/2025 से 29/05/2025 तक पंजीकृत फर्मों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत कायथा से दिनांक 26/05/2025 को 10:00 बजे से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनांक 29/05/2025 को समय 03:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय के सीलबंद बाक्स में डाली जायेगी जो उसी दिन सायं 04.00 बजे ग्राम पंचायत समिति के समक्ष खोली जायेगी। निविदा रु. 200 धरोहर धनराशि रु.....

| कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | अवधि |
|---|---|---|---|
| लखन कुशवाह के मकान से रतन लाल के मकान तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 924521 | 2% | 2 माह |
| मेघ सिंह के घर से बृम्मदेव के घर तक सीसी व नाली निर्माण कार्य | 264326 | | |

**निविदा की शर्तें:-**

1. सामग्री की आपूर्ति का विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं । 2. आपूर्ति करता है को निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर एफडीआर, चैक / बैंक डी.डी. जो ग्राम पंचायत के पक्ष में जमा करनी होगी । 3. आपूर्ति करता के प्रमाण पत्रों के अभाव में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा । 4. आपूर्ति सामग्री कम अथवा अधिक आवश्यकता अनुसार हो सकती है । 5. निविदा स्वीकृत स्वीकृत करने का अंतिम निर्णय अधो हस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा 16. यदि किसी कारण से उपरोक्त दिनांक को उक्त कार्रवाई नहीं हो पाती है तो कार्यवाही अग्रिम दिवस में की जाएगी । 7. किसी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्यायालय केंद्र फिरोज़ाबाद होगा ।

प्रधान सचिव


## मामूली कहासुनी में की थी संजय की हत्या, हत्यारा रामलखन गिरफ्तार

### आरोपी से हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो ।**



फिरोजाबाद। थाना उत्तर पुलिस ने भरतनगर देशी शराब के ठेके के पास संजय उर्फ संतू यादव की मामूली विवाद में हत्या करने वाले मुख्य आरोपी रामलखन को गिरफ्तार किया है।

शुक्रवार को थाना उत्तर क्षेत्रान्तर्गत भरतनगर देशी शराब के ठेके के पास कहासुनी में एक व्यक्ति संजय उर्फ संतू यादव की चाकू से हत्या कर दी गयी थी। उच्चाधिकारियों द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। मामले में वादी राजेन्द्र सिंह की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। साथ ही खुलासे हेतु दो पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने हत्यारे रामलखन पुत्र कुंवर बहादुर निवासी झलकारी नगर गली नं0.04 थाना उत्तर को दखल चौराहे नाले के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक छुरा जो कत्ल में प्रयुक्त हुआ था बरामद हुआ है। आरोपी रामलखन ने बताया मैं शराब पीने के लिये भरतनगर शराब के ठेके पर आया था। वहाँ पर मुझसे पहले कई लोग शराब लेकर पी रहे थे। उनसे मेरी कहासुनी हो गयी थी तब उन चार पाँच लोगों ने मेरे साथ मारपीट कर दी थी। जिसमें से एक संजय का भी था। संजय ने पहले मुझे थप्पड मारा तब मैं गुस्से में अपने घर गया और घर से मुर्गा काटने वाला छुरा लेकर आया। बदला लेने के लिये संजय पर छुरा से हमला करके उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद में भाग गया।

## दोषियों पर पुलिस कड़ी कार्यवाही करें- आईएमए

### चिकित्सक से अभद्रता के प्रकरण में एसएसपी से चिकित्सकों ने की मुलाकात

**नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो**



फिरोजाबाद। शिकोहाबाद के स्टेशन रोड स्थित विवेक प्रिया हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ विवेक यादव से अराजक तत्व द्वारा अभद्रता की गई थी जिसमें कार्रवाई की मांग को लेकर आईएमए फिरोजाबाद का एक प्रतिनिधिमंडल नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला। शनिवार को आईएमए फिरोजाबाद की अध्यक्ष डॉ पूनम अग्रवाल के नेतृत्व में एसएसपी सौरभ दीक्षित से उनके आवास पर आईएमए के चिकित्सकों ने मुलाकात की जिसमें उन्होंने डॉ विवेक यादव से सामाजिक तत्वों द्वारा की गई अवधता के बारे में विस्तार से बात की ।

**चिकित्सक को सुरक्षा देने व अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग रखी:** जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा आईएमए के सदस्यों को आश्वस्त किया कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर आई एम के सचिव डॉ रचना जैन, उषा अध्यक्ष डॉ सारिका अग्रवाल, डॉ अपूर चतुर्वेदी, डॉ एसपीएस चौहान, डॉ अविनाश पालीवाल, डॉ रेनू गुप्ता, डॉ महेश गुप्ता, डॉ रमाशंकर सिंह, डॉ विनोद अग्रवाल, डॉ राहुल जैन ,डॉ दीपक गुप्ता, उत्कर्ष अग्रवाल, डॉ आस्था अग्रवाल उपस्थित रहे।

# विकसित भारत और विकसित राज्य की कड़ी में विकसित गांव को जोड़ना जरूरी: मुख्यमंत्री, हेमंत सोरेन

## नीति आयोग की वार्षिक बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने की झारखंड की अध्यक्षता

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**



नई दिल्ली।नीति आयोग द्वारा आयोजित 10वी गवर्निंग काउंसिल बैठक का आयोजन भारत मंडप में किया गया।बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की,इस अवसर पर गृहमंत्री,नीति आयोग के अध्यक्ष अमिताभ कांत और राज्यों के मुख्यमंत्री,राज्यपाल और विशिष्ट अधिकारी गणों ने भाग लिया।नीति आयोग देश का प्रमुख प्रबुद्ध मंडल है।जो देश और समाज के विकास की योजनाएं बनाने का कार्य करता है।इस बैठक में झारखंड राज्य की तरफ से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बैठक की अगुवाई की।मुख्यमंत्री ने झारखंड सरकार की ओर से नीति आयोग और केंद्र सरकार को अपने सुझाव दिए।मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना विकसित राज्य से होती है,जिसमें विकसित गांव को जोड़ने पर बल दिया जाना चाहिए।झारखंड राज्य विकसित भारत की मूल परिकल्पना का केंद्र बिंदु गरीबी उन्मूलन,महिला सशक्तिकरण,युवा कौशल, किसानों के विकास।पूर्ण शिक्षा,आर्थिक,आधारभूत संरचना एवं तकनीकी विकास के क्षेत्र में सतत प्रयासरत है।राज्य सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगभग 50 लाख महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रुपए की राशि प्रदान कर रही है।राज्य में खनिज और कोयले के साथ साथ अन्य क्रिटिकल खनिजों की बहुतायत है।जिनके खनन में प्रदूषण और विस्थापन एक बहुत बड़ा कारक रहा है।खनन कंपनियों द्वारा ली गई भूमि जो कि( नॉन पेमेंट ऑफ लैंड कम्पनशेशन )में आती है उनका राज्य सरकार पर एक लाख चालीस हजार चार सौ पैंतीस करोड़ रुपए बकाया है जिसको यथाशीघ्र मुहैया कराया जाए और सीबीए एक्ट में संशोधन कर खनन पश्चात कंपनियों को भूमि राज्य सरकार को पुनः वापस देने का प्रावधान किया जाए।राज्य में खनन के क्षेत्र में होने वाले अनाधिकृत खनन के लिए कम्पनियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए।राज्य में कोल बेस्ड मिटाने गैस की बहुतायत है,जिसका तकनीकी के इस्तेमाल से ऊर्जा उत्पादन में प्रयोग किया जा सकता है साथ ही राज्य में खनन कंपनियों को कैप्टिव प्लांट लगाने की अनिवार्यता होनी चाहिए और कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत राज्य में इस्तेमाल होने से रोजगार सृजन में वृद्धि होगी।प्रदेश वन के क्षेत्र में पूर्वोत्तर राज्यों के समकक्ष है जिससे आधारभूत संरचना के लिए क्लियरेंस में देरी अवरोध बनती है। जिसका निवारण किया जाए।

# ट्रिपल मर्डर से थर्राया बक्सर का राजपुर क्षेत्र, वर्चस्व की लड़ाई में दिया गया घटना को अंजाम

**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना( बिहार )।बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के अहियापुर गांव में शनिवार सुबह गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल उठा।आपसी वर्चस्व को लेकर दो गुटों में हिंसक भिड़ंत हो गई,जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए।घटना सुबह करीब पांच बजे की बताई जा रही है।मृतकों में विनोद सिंह और वीरेंद्र यादव की मौके पर ही जान चली गई,जबकि तीसरे व्यक्ति ने इलाज के दौरान सदर अस्पताल में दम तोड़ा।पुलिस सूत्रों के अनुसार गिट्टी बालू के व्यवसाय को लेकर शुक्रवार को दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था।उसी रंजिश में इस घटना को अंजाम दिया गया हैं।घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल है।गुस्साए ग्रामीणों ने साफ कह दिया है कि जब तक कोई बड़ा अधिकारी घटनास्थल पर नहीं पहुंचता,वे शवों को पोस्टमार्टम के लिए नहीं उठाने देंगे।पुलिस मौके पर मौजूद है,लेकिन लोगों में आक्रोश बरकरार है।इस बड़े विवाद में पूर्व जिला परिषद का नाम सामने आ रहा



है।हालांकि,अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।पुलिस सभी पहलुओं की जांच में जुटी है।पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य खुद घटनास्थल पर मौजूद हैं।पुलिस का दावा है कि स्थिति को नियंत्रण में लाया जा रहा है।दो अन्य घायल ग्रामीणों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।घटनास्थल पर पुलिस मौजूद हैं और मौजूदा हालात को संभाले हुए हैं।

# अंचल निरीक्षक को निगरानी टीम ने तीन लाख रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना(बिहार) ।मधुबनी जिले में निगरानी की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए जयनगर के अंचल निरीक्षक अजय मंडल को 3 लाख रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है ।निगरानी टीम का नेतृत्व कर रहे निगरानी डीएसपी सुजीत कुमार सागर ने बताया कि अजय मंडल के द्वारा एक व्यक्ति से दाखिल खारिज को लेकर 20 लाख रुपए की मांग की गई थी ।जिसको लेकर निगरानी थाने में 32/025 मामला दर्ज किया गया था ।मामले के अनुसंधान में आरोप सही पाया गया जिसके बाद निगरानी ने अजय मंडल को आज सुबह जयनगर थाना क्षेत्र स्थित चित्रगुप्त कॉलोनी में उसके किराए के आवास से 3 लाख रुपए नगद रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया ।वहीं निगरानी के डीएसपी सुजीत कुमार ने कहा कि दाखिल खारिज में 20 लाख रुपए की रिश्वत की मांग अकेले अजय मंडल अपने लिए नहीं किया है।

# तेजस्वी यादव पर मंत्री संजय सरावगी का तीखा हमला,बताया फर्जी हिंदू




**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना( बिहार )।बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला है।उन्होंने तेजस्वी यादव को फर्जी हिंदू करार देते हुए कहा कि वे केवल जरूरत पड़ने पर ही मंदिर जाते हैं।संजय सरावगी ने कहा कि तेजस्वी यादव ने मिथिला में आयोजित अहिल्या महोत्सव में टीका-चंदन किया,लेकिन थोड़ी ही देर बाद जाकर उसे मिटा दिया।उन्होंने इसे हिंदू धर्म के प्रति असंवेदनशीलता बताया।मंत्री सरावगी ने कहा कि विपक्ष की पार्टी एक परिवार और जाति विशेष की पार्टी बनकर रह गई है।उन्होंने आरोप लगाया कि इन लोगों ने 15 साल तक बिहार को लूटा और इस दौरान व्यापारी,डॉक्टर,इंजीनियर तक पलायन को मजबूर हो गए।उन्होंने यह भी कहा कि तेजस्वी यादव विधानसभा में एक भी दिन नजर नहीं आते हैं,जबकि जनता ने उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है।संजय सरावगी ने कहा कि देश का एक डेलिगेशन माननीय सांसदों के नेतृत्व में गया है,जिसमें सभी दलों के प्रतिनिधि शामिल हैं।उन्होंने दावा किया कि भारत की स्थिति को दुनिया के सामने रखा गया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परचम आज पूरे विश्व में लहरा रहा है।

# नवगछिया में पुलिस-एसटीएफ से मुठभेड़ में एक कुख्यात अपराधी मारा गया



**नेशनल एक्सप्रेस/मनोज कुमार**

पटना( बिहार )।नवगछिया पुलिस जिला के रंगरा थाना क्षेत्र में पुलिस और अपराधियों के बीच एनकाउंटर में एक नवगछिया का कुख्यात अपराधी ढेर हो गया।शुक्रवार की देर रात्रि को रंगरा थाना क्षेत्र के मुरली चौक से लगभग 500 मीटर दूर मछली जलकर के पास एक खेत में पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराधी को मार गिराया।मृतक अपराधी की पहचान गुरुदेव मंडल उर्फ फूफा के रूप में की गई है।मुठभेड़ में अपराधियों और पुलिस के बीच जमकर गोलीबारी हुई है।घटना की जानकारी मिलते ही नवगछिया एसपी प्रेरणा कुमार,एसडीपीओ ओम प्रकाश कुमार,सर्किल इंस्पेक्टर बृजेश कुमार भारी-भरकम फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का गहन निरीक्षण किया।सूत्रों के मुताबिक,मुठभेड़ में शामिल अपराधियों की संख्या सात थी।बाकी अपराधी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है।मुठभेड़ के बाद घटनास्थल पर जांच-पड़ताल के लिए फारेंसिक टीम को भी बुलाया गया है।साक्ष्य-प्रमाण के लिए टीम मौके से सबूत जुटा रही है।वहीं घटना के बाद शव का नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है,वहीं इस क्रम में पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी भी करवाई की जा रही है।

# नवादा में भूमि विवाद पर दबंगों ने की थी गोलीबारी

## मगध रेंज आईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, पूर्व में 8 आरोपी गिरफ्तार,5 हथियार बरामद

**स्टेट ब्यूरो चीफ/मुकेश कुमार**

पटना( बिहार )।बिहार के नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र के पाडपा गांव में भूमि विवाद को लेकर हुई गोलीबारी मामले की जांच के लिए मगध रेंज के आईजी क्षत्रनील सिंह शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचे।उन्होंने ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली और उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता बताया।बुधवार को हुई इस घटना में जमीनी विवाद को लेकर पहले झड़प हुई,फिर रोड़ेबाजी और हथियारबंद दबंगों ने महादलित परिवार पर गोलीबारी की।पुलिस ने इस मामले में 8 लोगों को गिरफ्तार किया था।आरोपियों से 4 बंदूक,एक पिस्टल और कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए था।निरीक्षण के दौरान नवादा एसपी अभिनव धीमान,डीएसपी हुलास कुमार और थाना प्रभारी प्रभा कुमारी भी मौजूद थे।ग्रामीणों ने बताया कि



घटना के बाद महिला थाना प्रभारी ने त्वरित कार्रवाई की।उन्होंने जमीन के दस्तावेजों की जांच की और न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।आईजी ने पत्रकारों को बताया कि घटना में शामिल सभी लोगों का पुलिस आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।अन्य संदिग्धों की भूमिका सामने आने पर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।फिलहाल गांव में सब कुछ माहौल शांत है।थाना प्रभारी के अनुसार घटनास्थल पर पुलिस बल तैनात किया गया है और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

## खेल समाचार

### संक्षिप्त समाचार

#### क्रिकेट ने आठ साल बाद करुण नायर को एक और मौका दिया

बेंगलुरू (भाषा) करुण नायर ने 10 दिसंबर 2022 को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर लिखा था, "प्रिय क्रिकेट मुझे एक और मौका दो।" और 24 मई 2025 को क्रिकेट से उन्हें जवाब मिला, "प्रिय करुण, तुम्हें एक और मौका मिलेगा।" तैंतीस वर्ष के नायर को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम में चुना गया है जिससे उन्हें आठ साल बाद अपने करियर को नया मोड़ देने का मौका मिलेगा।

तैंतीस वर्षीय नायर ने भारत के लिए अपना पिछला टेस्ट मैच 2017 में खेला था। उन्हें भारत की ओर से दूसरा तिहरा शतक बनाने वाला खिलाड़ी बनने के तुरंत बाद टीम से बाहर कर दिया गया था। उनके आसपास की दुनिया को लगा था कि सारी उम्मीदें खत्म हो गई हैं लेकिन नायर ने वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी। इसी उम्मीद ने उन्हें क्रिकेट खेलने के तरीकों पर लौटने के लिए मजबूर किया और इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में नॉर्थम्पटनशर टीम में शामिल होना इस ओर पहला समझदारी भरा कदम रहा।

#### शुभंकर और वीर बेल्जियम में कट में प्रवेश से चूके

एंटवर्प (बेल्जियम) (भाषा) भारत के शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत साउडाल ओपन 2025 में कट में प्रवेश से चूक गए । अहलावत ने पहले दौर में 74 और दूसरे में 69 स्कोर किया लेकिन एक अंडर पर निर्धारित कट में जगह नहीं बना सके । शर्मा ने 74 और 72 स्कोर किया और कुल स्कोर चार ओवर रहा । अहलावत ने पांच बर्डी लगाये और तीन बोगी किये जबकि शर्मा ने तीन बर्डी लगाये और चार बोगी किये । स्कॉटलैंड के इवेन फर्ग्युसन ने 11 अंडर पार के स्कोर के साथ बढत बना ली है ।

#### हिताशी बक्षी जबरा लेडीज ओपन में चौथे स्थान पर

इविन लेस बेंस (फ्रांस) (भाषा) भारत की हिताशी बक्षी ने लेडीज यूरोपीय टूर पर सर्वश्रेष्ठ राउंड खेलते हुए पांच अंडर 66 के स्कोर के साथ जबरा लेडीज ओपन के दूसरे दिन संयुक्त चौथा स्थान हासिल कर लिया । हिताशी ने चार अंडर 72 . 66 स्कोर किया और वह शीर्ष पर काबिज स्विटजरलैंड की चियारा टी से तीन स्ट्रोक्स पीछे है । उन्होंने छह बर्डी लगाये और एक बोगी किया । भारत की दीक्षा डागर संयुक्त 30वें, अवनि प्रशांत संयुक्त 35वें और त्वेसा मलिक संयुक्त 43वें स्थान पर हैं । इन सभी ने कट में प्रवेश कर लिया है ।

# गिल भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान बने




मुंबई (भाषा) बल्लेबाजी स्टार शुभमन गिल को शनिवार को 'बड़े बदलाव के दौर' से गुजर रही 18 सदस्यीय भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि ऋषभ पंत को इंग्लैंड में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए उप कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गयी।

पच्चीस साल के गिल भारत के पांचवें सबसे युवा टेस्ट कप्तान होंगे। मंसूर अली खान पटौदी (21), सचिन तेंदुलकर (23), कपिल देव (24) और रवि शास्त्री (25) ने उन से कम उम्र में देश की टेस्ट टीम का नेतृत्व किया है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 20 जून से लीड्स में शुरू होगी।

चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने टीम की घोषणा के बाद कहा, '' पिछले साल या उससे भी पहले हमने शुभमन (नेतृत्व के लिए) पर नजर रखना शुरू कर था। हम मानते है कि वह इस काम के लिए सबसे उपयुक्त है। यह काफी दबाव वाला काम है लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। हम उसे शुभकामनाएं देते हैं।''

गिल ने 2020 में पदार्पण करने के बाद अब तक 32 टेस्ट मैच खेले हैं तथा शीर्ष क्रम में खेलते हुए पांच शतक और सात अर्द्धशतक के साथ 35 के औसत से 1893 रन बनाए हैं।

वहीं 27 वर्षीय पंत थोड़े अनुभवी हैं जिन्होंने 43 टेस्ट मैच 42.11 के औसत से 2948 रन बनाए हैं। वह 2018 में टीम में शामिल हुए जिसके बाद उन्होंने छह शतक और 15 अर्धशतक लगाए हैं।

अगरकर ने पंत की भूमिका के बारे में कहा,'' पंत पिछले चार-पांच वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। एक विकेटकीपर खेल को अच्छी तरह से परख सकता है और इसलिए वह शुभमन के सहायक होंगे।''

रोहित शर्मा और विराट कोहली के इस महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद टीम के नेतृत्व पर चयनकर्ताओं का यह फैसला अपेक्षित था। इन दोनों दिग्गजों के संन्यास के बाद टीम बदलाव के दौर से गुजरेगी जिसमें इंग्लैंड में उसकी कड़ी परीक्षा होगी।

तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को टीम से बाहर रखा गया है। उन्हें इस लंबी श्रृंखला के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं माना गया।

शमी के बारे में अगरकर ने कहा, ''वह श्रृंखला के लिए फिट होने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले हफ्ते उन्हें थोड़ा झटका लगा। उन्होंने कुछ एमआरआई करवाए हैं। मैं यह बताना चाहूंगा कि मुझे नहीं लगता कि वह सभी पांच टेस्ट के लिए उपलब्ध होंगे। मुझे नहीं लगता कि उनका कार्यभार उतना है जितना होना चाहिए।''

उन्होंने कहा, ''हमें मेडिकल टीम के लोगों ने ही बताया कि वह श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। हम उम्मीद कर रहे थे कि वह श्रृंखला के कुछ हिस्से के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# श्रीकांत छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के फाइनल में



कुआलालंपुर ( भाषा ) भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने शनिवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में जापान के युशी टनाका पर सीधे गेम में जीत दर्ज कर छह साल में पहली बार बीडब्ल्यूएफ टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया।

2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता श्रीकांत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए सटीक नेट प्ले और आक्रामक खेल की बदौलत दुनिया के 23वें नंबर के खिलाड़ी टनाका को रोमांचक मुकाबले में 21-18, 24-22 से शिकस्त दी। श्रीकांत ने जीत के बाद कहा, ''मैं बहुत खुश हूं, काफी समय के बाद यहां तक पहुंचा हूं। ''


वह रविवार को होने वाले फाइनल में दूसरे वरीय चीन के लि शि फेंग से भिड़ेंगे।

श्रीकांत 2019 इंडिया ओपन में उपविजेता रहे थे और इसके बाद से इस 32 वर्षीय खिलाड़ी का बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर में पहला फाइनल है। उन्होंने 2017 में चार खिताब जीते थे। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत पिछले कुछ सत्र में खराब फॉर्म और फिटनेस के दौर से गुजर रहे हैं जिससे अब वह विश्व रैंकिंग में 65वें स्थान पर मौजूद हैं।

उन्होंने कहा, ''शारीरिक रूप से मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। लेकिन मैंने पिछले साल ज्यादा मैच नहीं खेले। अब क्वालीफाइंग खेल रहा हूं। इस बार सब ठीक रहा। मैं पिछले महीने से कड़ी मेहनत कर रहा हूं। '' श्रीकांत ने कहा, ''बहुत लंबे समय के बाद ये जीत मिली। ''

श्रीकांत 2017 में चार बीडब्लयूएफ खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने थे और फिर उन्होंने भारत को टीम स्पर्धा में राष्ट्रमंडल खेलों का पहला स्वर्ण पदक दिलाया।

# टेस्ट टीम में चुने जाने पर उत्साह से भरे सुदर्शन ने कहा, 'अविश्वसीनय'



नयी दिल्ली (भाषा) इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किए गए युवा बल्लेबाज बी साई सुदर्शन ने शनिवार को इस मौके को 'अविश्वसनीय' करार देते हुए कहा कि यह तो महज शुरूआत है और उनकी 'कहानी में अभी बहुत कुछ बाकी' है।

सुदर्शन को घरेलू क्रिकेट, मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन और उनकी तकनीक निपुर्णता के आधार पर भारतीय टीम में जगह दी गई। उनकी तकनीकी समझ इंग्लैंड में मददगार साबित हो सकती है।

टीम में चयन की खबर मिलने पर सुदर्शन ने कहा, ''मुझे लगता है कि एक क्रिकेटर के लिए देश के लिए खेलना ही बहुत बड़े सम्मान की बात है। यह बहुत शानदार, विशेष और अविश्वसनीय अहसास है। कोई भी खिलाड़ी जो क्रिकेट खेलना शुरू करता है, वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता है जो उसका अंतिम लक्ष्य होता है। ''

सुदर्शन ने इस मुकाम तक पहुंचने में अपने माता-पिता और रिश्तेदारों के योगदान को याद करते हुए कहा, ''मुझे पता है कि मेरे माता-पिता आज खुश होंगे। मैंने अपने माता-पिता और भाई के साथ 'फेसटाइम' पर बात की। मैं इसके लिए बहुत खुश हूं। कुछ पारिवारिक मित्रों और करीबी दोस्तों से भी बात की, वे बहुत खुश थे और मैं उनके चेहरों पर यह देख सकता था। ''

उन्होंने कहा, ''यह तो महज शुरूआत है। मुझे लगता है कि कहानी में और भी बहुत कुछ जोड़ना बाकी है। ''

तमिलनाडु के बाएं हाथ का यह खिलाड़ी गुजरात टाइटन्स में अपने कप्तान शुभमन गिल को भारतीय टेस्ट टीम का कप्तान बनाने से भी काफी खुश है जिनके साथ उन्होंने कुछ आयु वर्ग का क्रिकेट खेला है।

उन्होंने कहा, ''मैं गिल के साथ क्रिकेट में आगे बढ़ने के दिनों का हिस्सा रहा हूं। मैंने पिछले चार वर्षों में उन्हें खेलते देखा है। इतना प्रतिभाशाली बल्लेबाज, इतना कुशल बल्लेबाज, कोई भी देख सकता है। ''

# 'बुमराह इंग्लैंड में सभी पांच टेस्ट के लिये उपलब्ध नहीं होंगे'

मुंबई (भाषा) सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद बदलाव के दौर से गुजर रही भारतीय टीम के सामने इंग्लैंड दौरा बड़ी चुनौती है और उसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सभी पांच टेस्ट के लिये उपलब्ध नहीं होंगे ।

चयन समिति के प्रमुख अजित अगरकर ने शनिवार को 18 सदस्यीय टीम का ऐलान करते हुए कहा कि बुमराह को 20 जून से लीड्स में शुरू हो रही श्रृंखला के सभी पांच टेस्ट खेलने के लिये मेडिकल स्टाफ और फिजियो से हरी झंडी नहीं मिली है ।

उन्होंने कहा ,'' जैसा कि फिजियो और डॉक्टरों ने हमें बताया है, मुझे नहीं लगता कि वह पांचों टेस्ट के लिये उपलब्ध होगा ।''

बुमराह ने 2024 में शानदार प्रदर्शन के लिये आईसीसी वर्ष के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार जीता था । उन्होंने पिछले साल टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में 11 विकेट लिये और 13 टेस्ट में 71 विकेट चटकाये ।





भारतीय टीम कई साल में पहली बार विराट कोहली और रोहित शर्मा के बिना टेस्ट दौरे पर जायेगी ।

बुमराह ने जनवरी से अप्रैल तक रिकवरी में काफी समय दिया । भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी में उनकी कमी उतनी नहीं खली । वह आईपीएल में मुंबई इंडियंस से जुड़े और शुरूआती कुछ मैच चूकने के बाद वह शीर्ष फॉर्म में लौटे ।

## गिल पर दबाव लेकिन अनुभव से मिलेगी मदद: अगरकर

मुंबई (भाषा) भारतीय क्रिकेट टीम के चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने नए टेस्ट कप्तान के रूप में शुभमन गिल के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की तो 'बदलाव के दौर' की चर्चा जोरों पर रही, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इस स्टार बल्लेबाज में वह सब कुछ है जो इस 'कठिन चुनौती' से निपटने के लिए चाहिये। अगरकर ने 20 जून से लीड्स में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें ऋषभ पंत को उपकप्तान बनाया गया है।

विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे दिग्गजों के इस प्रारूप से संन्यास लेने के बाद यह देश का पहला टेस्ट मैच होगा। अगरकर ने टीम चयन के लिए बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में कहा, " यह चुनौतीपूर्ण श्रृंखला होगी। आप इसे जिस भी तरह से देखें यह कठिन होने वाला है। इससे मिलने वाला अनुभव टीम को आगे बढ़ाने में मदद कर सकता है।"

उन्होंने कहा, " गिल फ्रेंचाइजी क्रिकेट में इस भूमिका का लुत्फ उठा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से बहुत कठिन होने वाला है।

नई दिल्ली, रविवार 25 मई 2025

# नेशनल एक्सप्रेस

हर खबर समय पर

FRONT PAGE 2



''भारत के बहादुर सैनिकों की सैन्य कार्रवाई में 124 आतंकवादी मारे गए। इसलिए इसमें भारत का दोष नहीं है, बल्कि पाकिस्तान के उन लोगों का है जो वहां मौजूद थे और आतंकवादियों को प्रश्रय दे रहे थे।''


योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री उ.प्र.



नई दिल्ली के भारत मंडपम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग की 10वीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक हुई, जिसमें 'विकसित भारत-विकसित राज्य@2047' विषय पर गहन विचार-विमर्श हुआ।




# विशिष्ट शख्सियत तुलसीदास सोमैया



## विशिष्ट शख्सियत गांधी विचार के प्रचार प्रसार से कैदियों और युवाओं में बदलाव के प्रणेता

जब गांधीवादी सर्वोदय विचारधारा की वर्तमान जीवंत मिसालों की बात होती है, तो तुलसीदास सोमैया का नाम अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ लिया जाता है। कई दशक से बॉम्बे सर्वोदय मंडल से आत्मीयता से जुड़े सोमैया जी ऐसे असाधारण समाजसेवी हैं, जो गांधी विनोबा और जय प्रकाश नारायण के सर्वोदय विचारों के प्रचार-प्रसार और आम जन के सामान्य जीवन में उनके व्यावहारिक उपयोग के जीवंत उदाहरण भी हैं। उम्र के नौवें दशक ने भी उनकी ऊर्जा, उत्साह और कर्मठता को शिथिल नहीं होने दिया।

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

**बॉम्बे सर्वोदय मंडल में उनकी भूमिका**

मुंबई के ग्रांट रोड स्टेशन के पास स्थित बॉम्बे सर्वोदय मंडल महात्मा गांधी और विनोबा भावे के विचारों को आगे बढ़ाने वाला एक ऐसा प्रतिष्ठित संगठन है, जो सत्य, अहिंसा, शांति, सह अस्तित्व, सेवा, ग्रामस्वराज, भूदान, नशामुक्ति, और मानवीय नैतिक मूल्यों के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यरत है। तुलसीदास सोमैया इस मंडल के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने मंडल की गतिविधियों को नई ऊर्जा दी है, विशेषकर युवाओं और अपराध की अंधी गलियों में फंसकर जेल की सलाखों के पीछे पहुंचे कैदियों को गांधीवाद से जोड़ने और उन्हें रचनात्मक कार्यक्रमों के लिए प्रेरित करने के क्षेत्र में अदभुत और अकल्पनीय कार्य किया है।

सोमैया जी ने स्कूल, कॉलेजों और जेलों में जाकर बहुत से लोगों को गांधी की आत्मकथा ''सत्य के प्रयोग'' के माध्यम से गांधी विचार से जोड़ा है। इस कार्य में अब उनके कुछ ऐसे सहयोगी भी मदद कर रहे हैं जिनके जीवन में सैमैया जी के माध्यम से गांधी विचार का प्रकाश आया है। सिर्फ विचार नहीं, व्यवहार में भी गांधीवादी सोमैया जी का जीवन अत्यंत सादा है — वे न कोई सरकारी पद चाहते हैं, न पुरस्कारों की लालसा रखते हैं। वे खादी के साधारण कपड़े पहनते हैं, सात्विक शाकाहारी भोजन करते हैं, एक कुटिया सरीखे कमरे में निवास करते हैं और दफ़्तर में दशकों पुराने लकड़ी के साधारण फर्नीचर का उपयोग करते हैं। गांधीवादी दिनचर्या अपनाते हैं, और सार्वजनिक मंचों पर भी विनम्रता से अपनी बात रखते हैं। उनके इन संस्कारों में गांधी के सहयोगी रहे दादा धर्माधिकारी का योगदान है जिनके सानिध्य में रहकर सोमैया जी ने गांधी विचार को गहराई से समझा है। जेलों में गांधी विचार की अनूठी अलखसोमैया जी का एक विशेष योगदान है जेलों में बंद कैदियों के बीच गांधी विचारों का प्रसार। वे वर्षों से महाराष्ट्र की विभिन्न जेलों में जाते रहे हैं और कैदियों के बीच सत्य, प्रेम, आत्मनिरीक्षण और सेवा के मूल्य पहुंचाते हैं। महाराष्ट्र सरकार द्वारा उन्हें प्रदान की गई ''ब्लैंकेट परमिशन'' एक अभूतपूर्व मान्यता है।

इस विशेष अनुमति के अंतर्गत वे राज्य की किसी भी जेल में जाकर गांधी परीक्षा आयोजित कर सकते हैं। इसके लिए वे कैदियों को पहले गांधी की आत्मकथा वितरित करते हैं और फिर उसी पर आधारित प्रश्नावली से परीक्षा आयोजित करते हैं। कालान्तर में उन्होंने स्कूल कॉलेजों में भी गांधी परीक्षा शुरू कर दी। इस प्रयास से तुलसीदास सोमैया जी ने बहुत से युवाओं और कैदियों को गांधीजी के सत्य-अहिंसा, आत्मशुद्धि और सेवा के सिद्धांतों से जोड़ा है। कई ऐसे अपराधी जो समाज के लिए खतरा माने जाते थे, सोमैया जी के सान्निध्य में आकर सेवा, सत्य और आत्मचिंतन की राह पर अग्रसर हो गए हैं। यह उनके व्यक्तित्व की वह शक्ति है जो बंद दरवाज़ों के पीछे पसरे अंधेरों में भी नई रोशनी जगा देती है। गांधी बुक सेंटर की स्थापना मुंबई जैसे मायानगरी महानगर में सोमैया जी द्वारा स्थापित और संचालित गांधी बुक सेंटर एक ऐसा प्रतिष्ठान है जहां गांधी, विनोबा और जयप्रकाश नारायण से जुड़ी हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और गुजराती भाषाओं की असंख्य किताबें एक छत के नीचे मिल जाती हैं।

दो अक्टूबर के आसपास इन किताबों को डिस्काउंट पर जगह जगह स्टाल लगा कर भी पाठकों तक पहुंचाया जाता है। सोमैया जी के सहयोगी तिवारी जी इस केंद्र को कुशलता से संभालते हैं। युवाओं के संस्कार शिविर युवाओं के संस्कार शिविर आयोजित करना भी सोमैया जी को बहुत प्रिय है। इन कैंपों में युवाओं को श्रमदान और गांधी के एकादश व्रत और समग्र जीवन और विराट व्यक्तित्व के बारे में बताया जाता है। इन शिविरों में रहने वाले बहुत से युवाओं ने अपने व्यक्तित्व में सकारात्मक परिवर्तन महसूस किए हैं। इनमें से काफी युवा हिरोशिमा दिवस पर सोमैया जी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित शांति मार्च में भी सक्रिय सहयोग करते हैं।इ

ंटरनेट पर करोड़ों लोग गांधी से जोड़ दिए www.mkgandhi.org वेबसाइट आज विश्व की सबसे बड़ी गांधी विचारधारा पर आधारित डिजिटल लाइब्रेरी मानी जाती है। इसमें गांधीजी द्वारा और गांधी पर लिखी अनेक किताब, पत्र, लेख, भाषण, तस्वीरें, पुस्तिकाएँ, और उनके जीवन से जुड़े दुर्लभ दस्तावेज उपलब्ध हैं। 150 से अधिक देशों के लगभग दो करोड़ से भी अधिक लोग इस वेबसाइट से जुड़ चुके हैं।

यह डिजिटल सेवा न केवल गांधीजी की विचारधारा को वैश्विक स्तर पर पहुंचा रही है, बल्कि युवा पीढ़ी को भी उनके सिद्धांतों से जोड़ने का माध्यम बन रही है। तुलसीदास सोमैया का जीवन इस बात का उदाहरण है कि सत्य, सेवा और सद्भावना आज भी समाज को दिशा दे सकते हैं, बशर्ते कोई उन्हें अपने जीवन में उतारे। वे उन विरले लोगों में हैं जिनके लिए समाज सेवा केवल एक कार्य नहीं, एक तपस्या है। गांधी के विचारों को आधुनिक युग में प्रासंगिक बनाए रखना और अपराधियों में भी इंसानियत की लौ जलाना — यही है सोमैया जी की सबसे बड़ी उपलब्धि।



गांधी परीक्षा का आयोजन



युवा शिविर में तुलसीदास सोमैया




हिरोशिमा दिवस पर शांति रैली



समाज सेवी साथियों देवाजी तोफ़ा, डॉ आर के पालीवाल और राजीव प्रसाद के साथ

## 'ब्रज कला केंद्र' की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक मीरा गोयल की अध्यक्षता में संपन्न

# ब्रज धाम मथुरा के विकास और वार्षिक कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा हुई

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

नई दिल्ली विगत 17 मई को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के एनेक्सी (हाल1) में देश की लोकप्रिय आध्यात्मिक, सांस्कृतिक संस्था ब्रज कला केंद्र (संस्थापित 1962) की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक अति महत्वपूर्ण बैठक समिति के सभी पदाधिकारी और कार्य समिति के सदस्यों के बीच श्रीमती मीरा गोयल की अध्यक्षता में संपन्न हुई, इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना के साथ प्रारंभ हुई तथा पिछली बैठक की कार्रवाई को सदस्यों ने समर्थन देते हुए प्रस्ताव पास होने की स्वीकृति प्रदान की गई, तथा 12 मार्च को संपन्न हुए होली मिलन महोत्सव प्रोग्राम की समीक्षा श्री बीपी गोयल की रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत की गई जिसे सभी ने हर्ष ध्वनि के साथ स्वीकार करते हुए आगे के होने वाले कार्यक्रम खासकर 30 अगस्त 2025 को ''राधा अष्टमी महोत्सव'' की तैयारी पर भी चर्चा करते हुए इस कार्यक्रम को और अधिक भावपूर्ण तथा नवीनता लाने के लिए सदस्यों ने सुझाव दिए जिसे आगे कार्यक्रम क्रियान्वित करने के लिए भी सभी की स्वीकृति प्रदान की गई।

कला केंद्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके संपर्क तथा कार्यक्रमों को महत्वपूर्ण बनाने पर चर्चा करने की रिपोर्ट श्रीमती मधुमिता बोस ने प्रस्तुत की जिसे सभी लोगों ने साराहा, संस्था की मीडिया कमेटी के चेयरमैन नेशनल एक्सप्रेस समूह के संस्थापक विपिन गुप्ता ने समाचारों के संदर्भ में अपनी रिपोर्ट देते हुए कहा कि सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हम अपने यूट्यूब चैनल से सभी लोगों को संस्था के उपलब्ध वीडियो को सभी तक पहुंचाएं तथा खबरों के महत्व को समझना और लोगों को समय पर कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ संस्था के स्थापना से लेकर आज तक के महत्वपूर्ण पक्षों को प्रस्तुत करना इसमें सभी सदस्यों का सहयोग मिलना भी जरूरी है ताकि सभी कार्यक्रमों की खबरें समय रहते लोगों तक पहुंचे और देश दुनिया में इसकी चर्चा हो। जूम मीटिंग की रिपोर्ट श्री रघु शरण कोटवालवाला ने प्रस्तुत की देश की महान संगीतज्ञ तथा गायिका उमगर का परिचय मधुमिता बस तथा श्री विष्णु गोयल द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा श्रीमती उमा गर्ग उपलब्धियां को ब्रज कला केंद्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष पदमश्री अशोक चक्रधर ने उनके द्वारा फिल्मों सहित आकाशवाणी व देश भर में किए गए प्रस्तुतियों पर चर्चा की इसका सभी लोगों ने स्वागत किया।

कारखाने की बैठक में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे डायरेक्टरी की प्रिंटिंग पर भी श्री विश्वनाथ अग्रवाल ने अपने विचार प्रस्तुत किया, तथा नहीं डायरेक्टरी को शीघ्र ही प्रकाशित करने पर गंभीरता से चर्चा हुई, विपिन गुप्ता ने इस पर सुझाव भी दिया कि संस्था का वर्षीक कैलेंडर जारी हो इसमें ब्रश कला केंद्र की उपलब्धियां के चित्र छपे जाएं। संस्था की सबसे महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक उपलब्धि के रूप में जाने वाले ब्रज ब्रज धाम मथुरा के ऑडिटोरियम के निर्माण संबंधी रिपोर्ट संरक्षक श्री वासुदेव गर्ग ने प्रस्तुत करते हुए भविष्य में होने वाले निर्माण तथा एयर कंडीशनिंग के संदर्भ में विस्तार से सभी को अवगत कराया और उसे पर गंभीरता से कार्य करने की जरूरत बताई। वरिष्ठ सदस्य श्री अशोक अग्रवाल श्री कृष्णा स्कॉलरशिप पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसको सभी ने हर्ष ध्वनि से स्वीकार किया।

कवि सम्मेलन और मुशायरा के होने वाले कार्यक्रम पर भी चर्चा हुई तथा इसमें कुछ नयापन लाने के विचार प्रस्तुत किए गए जिसकी समीक्षा स्वयं पदम श्री राष्ट्रीय कवि और संस्था के अध्यक्ष श्री अशोक चक्रधर ने अपने विचारों से सभी को आश्वस्त किया। इस संदर्भ में सांस्कृतिक सचिव श्रीमती कहकशां त्यागी जी ने भी अपने विचार रखते हुए बताया की कवि सम्मेलन और मुशायरा संस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखते हुए संस्था को और अधिक मजबूत व्यापक तथा कुछ नए कार्यक्रमों को प्रारंभ करने पर भी चर्चा की। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम के राष्ट्रीय प्रार्थना के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सुरुचि भोज का भी सभी ने आनंदित होकर रसास्वादन किया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से पद्मश्री अशोक चक्र की राष्ट्रीय अध्यक्ष, श्री वी.डी. अग्रवाल, श्रीमती उमा गर्ग, श्री अशोक अग्रवाल, श्री वासुदेव गर्ग, श्रीमती मीरा गोयल, श्रीमती अमिता गर्ग, श्री विश्वनाथ अग्रवाल, श्री डी.के. अग्रवाल, श्री विष्णु प्रकाश गोयल, श्री सुरेश गोयल, श्री संजय चर्तुवेदी, श्री विकास गोयल, श्रीमती मधुमिता बोस, श्री मुरारीलाल गर्ग, डॉ. एन.के. गोयल, श्री हरीओम अग्रवाल, डॉ. पी.के. सिंघल, श्री भुवनेश बंसल, श्री आदित्य शर्मा, श्री धर्मप्रकाश गर्ग, श्री नीतिन गर्ग, श्री विपिन गुप्ता, श्रीमती केहकशान त्यागी, श्री गौर सुंदर अग्रवाल, श्रीमती बागेशवरी देवी बैठक में उपस्थित थे।





पदमश्री अशोक चक्रधर, वासुदेव गर्ग, विष्णु गोयल, गौर सुंदर अग्रवाल , वी डी अग्रवाल विश्वनाथ अग्रवाल,विपिन गुप्ता मधुमिता बोस,सहित प्रमुख लोगों ने समीक्षा व रिपोर्ट प्रस्तुत की

# सांकेतिक भाषा सीखने का समय : दिव्यांग फाउंडेशन

नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

विज़न दिव्यांग फाउंडेशन, नई दिल्ली ने दिव्यांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में जागरूकता ओर संवेदनशीलता को बढ़ावा देने के लिये सांकेतिक भाषा, ब्रेल, समावेशी शिक्षा और ऐसे अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की बुनियादी बातों में दिव्यांगों को प्रशिक्षत करके उन्हें सशक्त बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के दो राष्ट्रीय संस्थानों के साथ एक करार किया है।

प्रशिक्षण विज़न दिव्यांग फाउंडेशन द्वारा देश भर में स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, बैंकिंग संगठनों और इसी तरह की सार्वजनिक संस्थाओं सहित विभिन्न संस्थाओं के साथ साझेदारी में प्रदान किया जाएगा। मूल्यांकन और प्रमाणन भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र, (ISLRTC) नई दिल्ली और राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान (NIEPVD), भारत सरकार द्वारा किया जाएगा।

विज़न दिव्यांग फाउंडेशन ने हंसराज कॉलेज और भास्कराचार्य कॉलेज ऑफ एप्लाइड साइंसेज, दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षार्थियों के कई बैचों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया है।

पायलट प्रोजेक्ट की सफलता को देखते हुए भारत सरकार ने अपने राष्ट्रीय संस्थानों के माध्यम से देश भर में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए इस पहल का समर्थन किया है। सरकार की यह कार्रवाई अपने पारंपरिक दृष्टिकोण से एक बड़ी पहल है।

विभाग इन दिनों विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के साथ मिलकर काम करने और दिव्यांगजन तक उनके दरवाजे पर पहुंचने के लिए कर रहा है। यह कदम माता-पिता और दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने में मदद करेगा। अधिक जानकारी www.visiondivyangfoundation.com से प्राप्त की जा सकती है या 9811605286 पर कॉल किया जा सकता है।



भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पदाधिकारी व विज़न दिव्यांग फाउंडेशन के श्री मुकेश गुप्ता

# परमार्थ निकेतन में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जन्म जयंती पर दिव्य समारोह





नेशनल एक्सप्रेस ब्यूरो

## परमार्थ गंगा आरती महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी को की समर्पित

**ऋषिकेश, परमार्थ निकेतन।** परमार्थ निकेतन में पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300वीं जन्म जयंती को भव्यता, श्रद्धा और सेवा के भाव के साथ मनाया गया। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी नारी शक्ति, सेवा और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की अमिट मिसाल हैं। जहां-जहां सनातन संस्कृति की ज्योति मंद पड़ रही थी, वहां-वहां उन्होंने अपने सेवा, श्रद्धा और संकल्प से उसे पुनः प्रकाशित किया। स्वामी जी ने कहा, अहिल्याबाई ने न केवल मंदिरों का पुनर्निर्माण किया बल्कि टूटे हुए मनों को जोड़ा। उन्होंने केवल मंदिरों को ही नहीं सजाया बल्कि समाज को संवारा। उनका जीवन एक ऐसा दीप है, जिसकी लौ आज भी भारत के हृदय को रोशन कर रही है। उन्होंने प्रशासन को सेवा का माध्यम बनाया और राजधर्म में लोकधर्म का समावेश कर एक आदर्श स्थापित किया। स्वामी जी ने कहा कि भारत के इतिहास में जब भी ऐसी महिला शासिका का उल्लेख होगा, जिसने शासन को सेवा का माध्यम बनाया, तो अहिल्याबाई होल्कर जी का नाम सबसे पहले और गर्व के साथ लिया जाएगा। उनका जीवन तप, त्याग, न्याय, सेवा और सनातन संस्कृति के उत्थान का अनूठा उदाहरण है। जहां-जहां सनातन संस्कृति की ज्योति मंद पड़ रही थी, वहां उन्होंने पुनः प्रकाश फैलाया। उन्होंने केवल ईंट-पत्थरों को नहीं जोड़ा, बल्कि टूटे हुए मनों और बिखरी हुई आस्थाओं को भी संबल दिया। अहिल्याबाई के शासनकाल को सामाजिक न्याय, स्त्री सम्मान और परोपकार का स्वर्ण युग माना जाता है। वे केवल एक रानी नहीं, बल्कि राष्ट्र माता, संस्कृति रक्षिका और परम सेविका थीं। अहिल्याबाई होल्कर जी का जीवन नारी शक्ति की पराकाष्ठा है। उन्होंने सिद्ध किया कि शक्ति का उपयोग केवल सत्ता के लिए नहीं, सेवा के लिए होना चाहिए। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा, अहिल्याबाई जी ने मंदिरों का पुनरुद्धार किया और हम आज धरती माता के मंदिर अर्थात वन, जल और नदियों का संरक्षण करें, यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस समारोह में श्रद्धेय संत श्री मुरलीधर जी, श्री अजेय कुमार जी, प्रदेश महामंत्री संगठन भाजपा उत्तराखंड, दीप्ति रावत जी, राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा, श्री राज गौरव नौटियाल जी, जिलाध्यक्ष भाजपा कोटद्वार, श्री नवनीत राजपूत जी, जिला महामंत्री भाजपा कोटद्वार, श्रीमती रेणु बिष्ट जी, विधायक यमकेश्वर और अनेक विशिष्ट अतिथियों ने सहभाग कर पुण्यश्लोक महारानी अहिल्याबाई होल्कर जी की 300 वीं जन्म जयंती वर्ष पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

स्वामी वी.पी.एल. मीडिया प्रा. लि. के लिए प्रकाशक व मुद्रक वेंकटेश गुप्ता द्वारा आर.डी प्रिंटर्स एवं पब्लिशर्स प्रा. लि. ए-41, सेक्टर 8, नोयडा, गौतमबुद्ध नगर से मुद्रित व फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048 से प्रकाशित। DELHIN/2015/65411, संपादक : विपिन कुमार गुप्ता।
संपादकीय कार्यालय- फ्लैट सं. 7, एस 561, ग्रेटर कैलाश पार्ट 2, नई दिल्ली 110048, ईमेल -news.vpl@gmail.com फोन नं.-011 49066569। प्रसार व विज्ञापन विभाग -ईमेल vplmedia@yahoo.com, समस्त विवाद के लिए न्याय क्षेत्र नई दिल्ली ही मान्य होगा।